CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 21 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 36 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका डील पर सरकार चुप्पी तोड़े और सच्चाई बताए: अखिलेश यादव पेज 2



श्रीलंका 'ए' महिला टीम को हराकर भारत 'ए' एशिया कप के फाइनल में खेल टाइम्स



युवा स्वर और मातृभाषा: युवाओं की आवाज बने आधार सम्पादकीय



सेना प्रमुख द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलिया में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा पेज 12

# बंगाल एसआईआर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में निर्वाचन आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उपजे विवाद के मामले में सुनवाई की।

कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कई अहम निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि न्यायिक अधिकारियों को राहत दें और पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए पूर्व न्यायाधीशों को नियुक्त करने की दिशा में काम करें। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति न करने का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों के नाम तार्किक विसंगति सूचीमें डाले गए हैं, उनके दावे और आपत्तियों का फैसला अब सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे। कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा है कि वे इस काम के लिए न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराएं और जरूरत पड़े, तो पूर्व जजों को भी नियुक्त करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी इस काम में लगे सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) को हटाकर अन्य उपयुक्त न्यायिक अधिकारियों/पूर्व जजों को लगाया जाए।



**कलकत्ता हाईकोर्ट से कहा: एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें**

## बाबर के नाम पर मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अधिकारियों को भारत में कहीं भी बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद के निर्माण या नामकरण की अनुमति देने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने इस मामले पर विचार करने से इन्कार कर दिया। याचिकाकर्ता ने बाबर को 'आक्रमणकारी' बताते हुए तर्क दिया था कि उसके नाम पर किसी भी मस्जिद का निर्माण या नामकरण नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने चूंकि इस याचिका को स्वीकार करने से मना कर दिया, इसलिए याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली। इसके बाद खंड पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## शिवाजी जयंती पर हंगामा, कर्नाटक में जुलूस पर पथराव

**बागलकोट/हैदराबाद।** देशभर में 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान कुछ राज्यों से हंगामे की खबरें भी आई। कर्नाटक के बागलकोट में शिवाजी जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान पथराव हुआ। इसके बाद तनाव की स्थिति बन गई। यहां भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के लागू की गई। हैदराबाद में गुरुवार रात मस्जिद के सामने से जुलूस निकालने पर दो समुदाय के बीच विवाद की स्थिति बनी।

## तीसरा रोज़ा

### तमाम बुराइयों पर लगाम लगाता है रोज़ा



मंजिल पर पहुंचना तब आसान हो जाता है जब राह सीधी हो। मजहबे इस्लाम में रोज़ा रहमत और राहत का रहबर है। रहमत से मुराद अल्लाह की मेहरबानी से है और राहत का मतलब दिल के सुकून से है। अल्लाह की रहमत होती है तभी दिल को सुकून मिलता है। दिल के सुकून का ताल्लुक चूंकि नेकी और नेक अमल से है। इसलिए जरूरी है कि आदमी नेकी के रास्ते पर चले। रोज़ा बुराइयों पर लगाम लगाता है और सीधी राह चलाता है।




# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने किए ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ रद्द

## अमेरिकी अदालत ने कहा: ये फैसला अवैध, राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने ट्रम्प के दूसरे देशों पर लगाए गए टैरिफ को अवैध बताया है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है। ये टैरिफ एक आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लगाए गए थे। कोर्ट का यह फैसला ट्रम्प की आर्थिक नीतियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। यह मामला ट्रम्प के एजेंडे का पहला बड़ा मुद्दा था, जो सीधे सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। दरअसल, अप्रैल 2025 में ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए दुनिया के कई देशों से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ यानी आयात शुल्क लगा दिए थे। टैरिफ का मतलब होता है कि किसी देश से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगाया जाए, ताकि वह महंगा हो जाए और घरेलू कंपनियों को फायदा



**निचली अदालतों ने भी टैरिफ को गैरकानूनी दिया था करार**

मिले। ट्रम्प ने पिछले साल अप्रैल में ग्लोबल टैरिफ का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ हट जाएंगे। अमेरिका को कंपनियों को पैसा वापस करना पड़ सकता है। दुनिया के देशों को अमेरिका में सामान बेचने में राहत मिलेगी। भारत, चीन और यूरोप के निर्यातकों को फायदा होगा। कई चीजें सस्ती हो सकती हैं। शेयर बाजारों में तेजी आ सकती है। दुनिया का व्यापार ज्यादा स्थिर हो सकता है। इस पूरे विवाद के केंद्र में एक कानून है, जिसका नाम इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) है। यह कानून 1977 में बनाया गया था। इसका मकसद यह था कि अगर देश पर कोई गंभीर खतरा जैसे युद्ध जैसी स्थिति, विदेशी दुश्मन से बड़ा आर्थिक खतरा या असाधारण अंतर्राष्ट्रीय संकट आए, तो राष्ट्रपति को कुछ खास शक्तियां दी जा सकें। इन शक्तियों के तहत राष्ट्रपति विदेशी लेन-देन पर रोक लगा सकता है, उन्हें नियंत्रित कर सकता है या कुछ आर्थिक फैसले तुरंत लागू कर सकता है। ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए आईईईपीए का ही सहारा लिया था। अब कोर्ट यह देखेगी कि क्या राष्ट्रपति को इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत इतने बड़े टैरिफ लगाने का अधिकार है या नहीं। पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प सरकार के टैरिफ लगाने के कानूनी आधार पर सवाल उठाए थे। उस दौरान जजों ने पूछा था कि क्या राष्ट्रपति को इस तरह के ग्लोबल टैरिफ लगाने का अधिकार है। कोर्ट ने इस मामले में लंबी सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प 150 दिनों तक 15 प्रतिशत टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन इसके लिए ठोस कारण चाहिए। फैसले में कहा गया कि आईईईपीए में टैरिफ शब्द का कहीं जिक्र नहीं है और न ही इसमें राष्ट्रपति के अधिकारों पर कोई स्पष्ट सीमा तय की गई है।

# शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को होली का तोहफा

## योगी ने की मानदेय बढ़ाने की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में होली से पहले शिक्षामित्रों को बड़ा तोहफा देते हुए उनके मानदेय में बढ़ोतरी का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार रुपये और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और डिजिटल क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों की ओर से 5000 से अधिक पेटेंट की फाइलिंग हुई है, जिनमें 300 से ज्यादा को स्वीकृति मिल चुकी है। योगी ने कहा कि 2017 से पहले निजी विश्वविद्यालयों की स्वीकृति में 'पिक एंड चूज' की नीति अपनाई जाती थी, जबकि छह मंडलों में एक भी विश्वविद्यालय नहीं



**शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार रुपये व अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा: मुख्यमंत्री**

था। सरकार ने मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की स्थापना की और अब सभी मंडलों में विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य विश्वविद्यालयों के साथ निजी और विदेशी विश्वविद्यालयों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां नए विद्यालय खोले जाएंगे। इसके लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दंपति करते थे बच्चों का यौन शोषण, पेन ड्राइव ने दिलाई फांसी

**बांदा।** बच्चों के यौन शोषण और उनकी अश्लील तस्वीरें व वीडियो वायरल करने में कोर्ट ने सिंचाई विभाग के निलंबित जेई रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को फांसी की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रदीप कुमार मिश्रा ने 163 पेज अपने विस्तृत फैसले में इस घिनौने अपराध को लेकर कड़ी टिप्पणियां भी कीं। इसी मामले के दिल्ली निवासी तीसरे आरोपित की फाइल को अलग कर दी गई है। उस पर ई-मेल के माध्यम से जानकारी साझा करने का आरोप है। मामला नवम्बर 2020 में तब प्रकाश में आया, जब सीबीआई ने जेई रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सीबीआई ने 31 अक्टूबर 2020 को नई दिल्ली में इसकी प्राथमिकी दर्ज की थी। सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर यह खुलासा हुआ था कि उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के जवाहर नगर नारायणी कस्बा, नरैनी निवासी चुन्ना प्रसाद कुशवाहा के पुत्र जेई रामभवन, कई अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर बांदा, चित्रकूट और आसपास के इलाकों के बच्चों का यौन शोषण कर रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया था कि रामभवन और उसके साथी इन घिनौने कृत्यों के दौरान बच्चों की तस्वीरें और वीडियो भी बनाते थे। यह भी सामने आया कि रामभवन और अन्य लोग इस अश्लील सामग्री को इंटरनेट पर प्रकाशित और प्रसारित कर रहे हैं।

# एआई समिट में उग्र प्रदर्शन

## यूथ कांग्रेस के 4 कार्यकर्ता हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में हुए विरोध प्रदर्शनों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने बिना शर्ट के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में इंडियन यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

एडिशनल सीपी (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने कहा कि एआई समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन करने वाले इंडियन यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है, और ऐसे प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों के

**गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी: पुलिस**

खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के लिए बता दें कि भारत मंडपम के बाहर शुक्रवार को भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर अर्धनग्न होकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

# दबाव में किया गया आत्मसमर्पण है ट्रेड डील: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण बताते हुए कहा है कि यह कदम देश हित को नजरअंदाज कर दबाव में उठाया गया है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि व्यापार समझौते पर संसद में अपने भाषण में मैंने जिउ जित्सु (जिउ-जित्सु एक जापानी मार्शल आर्ट है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी की ताकत को उसी के खिलाफ इस्तेमाल करना होता है) का उदाहरण क्यों इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर अमेरिकियों को खुश करने के लिए हमारे किसानों की कुर्बानी क्यों दी गई और उसे -शेष पृष्ठ दो पर

## मानहानि मामले में विशेष अदालत में पेश हुए राहुल गांधी



**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को सुलतानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ला के अनुसार, राहुल गांधी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत दर्ज अपने बयान में सभी आरोपों से इंकार किया। उन्होंने अदालत को बताया कि यह मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है और इसका कोई ठोस आधार नहीं है।

# अब चिप से तय होगी भारत की नई उड़ान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सिलिकॉन जैसे महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों की पूरी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को विविधीकृत और सशक्त बनाने के लिए अमेरिका की अगुवाई में गठित चुनिंदा देशों के गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में शुक्रवार को औपचारिक रूप से शामिल हो गया। भारत ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य वैश्विक सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और लोकतांत्रिक रूप से संचालित करना है।

सिलिकॉन सेमीकंडक्टर और डिजिटल प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज है। यहां भारत मंडपम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के दौरान एक विशेष समारोह में भारत और अमेरिका की ओर से 'पैक्स सिलिका' घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए। गठबंधन में भारत का जुड़ाव दोनों देशों के बीच तकनीक एवं आर्थिक-रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम बताया गया है। हस्ताक्षर समारोह में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारत आए अमेरिका के आर्थिक मामलों के उप मंत्री जैकब हेलबर्ग मौजूद थे।

**भारत दुर्लभ खनिजों पर अमेरिकी अगुवाई वाले 'पैक्स सिलिका' गठबंधन में हुआ शामिल**

## आपूर्ति को हथियार बनाने वालों का जवाब है पैक्स सिलिका : अमेरिकी मंत्री

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने सिलिकॉन जैसे दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति की वैश्विक कड़ियों में विविधता और मजबूती लाने के लिए बने गठबंधन पैक्स सिलिका में भारत की सदस्यता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह समझौता उन देशों को जवाब है, जो आपूर्ति को निर्भर देशों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं। भारत ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में अमेरिका के साथ पैक्स सिलिका पर हस्ताक्षर किए।

# एआई का आयोजन अत्यंत प्रभावशाली पहल: शशि थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने एआई पर यहां आयोजित विश्व सम्मेलन को भारत की क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन करार दिया और कहा कि इसमें विश्व के बड़े नेताओं की मौजूदगी एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर बड़ा संदेश देने वाली है।

उन्होंने राफेल सौदे का भी जिक्र किया और इसे रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि इसमें बड़ी बात यह है कि राफेल के कुछ हिस्सों का निर्माण भारत में होना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि राफेल मामले में वह सरकार का समर्थन करते हैं। श्री थारूर ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में पत्रकारों से कहा कि एआई सम्मेलन के शुरुआती दिन बेहद सफल रहे हैं। कुछ छोटी-मोटी दिक्कतें आईं, लेकिन बड़े आयोजनों में ऐसा होना आम बात है। विभिन्न मुल्कों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य विश्व नेताओं की मौजूदगी इस आयोजन में अत्यंत प्रभावशाली रही है। सम्मेलन में एआई की विकास यात्रा में दुनिया के नेता एकीकृत विश्व की कल्पना करते हुए एक ऐसा सशक्त संदेश लेकर आए हैं, जहां समाज पर इसके प्रभावों को देखना सर्वोपरि होगा। भारत की इस क्षेत्र में बढ़ती रुचि ने स्पष्ट रूप से इस पहल को गति दी है। राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि जहां तक फ्रांसीसी राफेल की बात है, इसके कुछ हिस्से भारत में निर्मित हो रहे हैं और यह समझौते का एक बहुत महत्वपूर्ण पहलू है, क्योंकि यह हमारी रक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए रक्षा सौदा इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि हम युद्ध करना चाहते हैं, बल्कि इसमें महत्वपूर्ण यह है कि हम नहीं चाहते कि कोई हमें कमजोर समझे। यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण रक्षात्मक पहल है और मैं इस मामले में सरकार का समर्थन करता हूं।



**कांग्रेस के लोकसभा सदस्य ने फ्रांस के साथ राफेल सौदे को लेकर किया केंद्र सरकार का समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, बिरला, खड़गे, राहुल ने सिगकॉन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिलांग से लोकसभा सदस्य डा. रिकी एजे सिगकॉन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शुक्रवार को सिगकॉन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा डा. रिकी एजे सिगकॉन के निधन से दुखी हूं। उन्हें मेघालय के लोगों के लिए उनकी समर्पित सेवा के लिए याद किया जाएगा। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और समर्थकों के साथ हैं।

### क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज करेंगे ताज का दीदार

**आगरा।** क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक 21 फरवरी शनिवार को अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ ताजमहल के दीदार के लिए आगरा पहुंचेंगे। उनके आगमन को देखते हुए ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए करीब तीन घंटे तक बंद रखा जाएगा। दोपहर लगभग 12 बजे से तीन बजे तक स्मारक में सामान्य पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते आगरा पहुंचेंगे और लगभग 12 बजे एक निजी होटल में ठहरेंगे, जहां भारतीय परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। अल्प विश्राम के बाद वह करीब एक बजे ताजमहल पहुंचेंगे और अपने परिवार के साथ लगभग डेढ़ घंटा वहां व्यतीत करेंगे। ताजमहल भ्रमण के बाद प्रधानमंत्री होटल लौटकर दोपहर का भोजन करेंगे।

# अमेरिका डील पर सरकार चुप्पी तोड़े और सच्चाई बताए: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ हुई डील को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते को लेकर सरकार की चुप्पी कई संदेह पैदा कर रही है और स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, क्या डील ने मुंह पर सील लगा दी है। या तो सरकार बताए कि इस डील में क्या शर्तें तय हुई हैं या फिर बाहरी हस्तक्षेप के दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की संप्रभुता और आर्थिक हितों से जुड़े मुद्दों पर



पारदर्शिता नहीं बरत रही है। उन्होंने कहा कि इस डील से किसानों, कारोबारियों, मजदूरों और छोटे-बड़े उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यदि खेती और उद्योग प्रभावित होंगे, तो रोजगार के अवसर कम होंगे और युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। सपा प्रमुख ने इसे देश के सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल स्पष्टीकरण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि इस डील से भारत के आर्थिक हितों और आत्मनिर्भरता पर क्या असर पड़ेगा।

### अखिलेश ने मां शीतला देवी के दरबार में लगाई हाजिरी

**कौशांबी।** अखिलेश यादव शुक्रवार दोपहर बाद मां शीतला देवी के दर्शन के लिए शक्तिपीठ कड़ा धाम पहुंचे। रास्ते में देवीगंज बाजार में मोबीन अहमद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उत्साहित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे सरकार:माता प्रसाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बढ़ते कर्ज, कंसोलिडेटेड फंड और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रदेश पर बढ़ते कर्ज, कंसोलिडेटेड फंड और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार को वित्तीय प्रबंधन और जनसेवाओं के मुद्दे पर घेरा, जिस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रदेश पर नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है और सरकार इस मुद्दे से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट बनाते समय वास्तविक स्थिति को स्पष्ट नहीं किया जा रहा। इस पर सुरेश खन्ना ने शुरुआत में आपत्ति जताई, हालांकि बाद में कर्ज के आंकड़े को स्वीकार किया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिला अस्पतालों से मरीजों को मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों में रेफर करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जीवन-मरण से जुड़ा विषय है, इसलिए यहां संविदा और आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में एक हजार लोगों पर केवल 0-37 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक एक हजार पर एक डॉक्टर का है। जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की कमी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता भी उन्होंने प्रमुख समस्या बताई। पांडेय ने कहा कि यदि जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज ठीक से कार्य करें तो मरीजों को लखनऊ के बड़े संस्थानों, जैसे संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, में रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने आयुष्मान योजना की जांच कराने और स्वास्थ्य विभाग को ष्दलालों से बचानेष की भी मांग की। प्रतिव्यक्ति आय और विकास के मुद्दे पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरा। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार आंकड़ों से खेल रही है और वास्तविक स्थिति को छिपा रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों का उल्लेख करते हुए लखनऊ के इकाना स्टेडियम, लोक भवन, पुलिस मुख्यालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर के विकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने चुनौती दी कि वर्तमान सरकार एक्सप्रेसवे के अलावा कोई बड़ा विकास कार्य गिनाए। साथ ही कई विभागों में पूरा बजट खर्च न होने और केंद्र से मिलने वाले कर हिस्से में कमी आने का मुद्दा भी उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आलोचना छोड़कर जनहित के मुद्दों पर ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

## लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए सदन के सभी सदस्यों का अभिनंदन

# योगी ने विस में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को विस्तार से रखा, विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की आर्थिक उपलब्धियों और विकास योजनाओं को विस्तार से रखा। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें शिवपाल सिंह यादव का 'श्राप' न लगे। साथ ही उन्होंने लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए सदन के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह बजट कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि पहली बार कोई मुख्यमंत्री दसवीं बार बजट पेश कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्ज के अनुपात को घटाकर 27 प्रतिशत से 23 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राज्य की आय में बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सरकारी आय लगभग 43 हजार करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित होगा, जब उसके राज्य विकसित होंगे और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पहले उत्तर प्रदेश को देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता था, लेकिन अब प्रदेश देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। उन्होंने लक्ष्य रखा कि वर्ष 2026-27 तक प्रदेश की जीडीपी 40 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचाई जाएगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में प्रदेश की छवि इतनी खराब हो गई थी कि बाहर से आने वाले लोगों को होटल में कमरे तक नहीं मिलते थे। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के लोगों को देशभर में सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब उनकी सरकार बनी, तब किसानों की कर्ज माफी की घोषणा के बावजूद कहीं से आर्थिक सहयोग नहीं मिल रहा था, क्योंकि प्रदेश की छवि खराब थी। उन्होंने कहा कि उस समय प्रदेश का खजाना खाली था, लेकिन सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर और सरकारी धन के लीकेज को रोककर वित्तीय स्थिति सुधारी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया है। वर्ष 2026 में प्रदेश का पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) बढ़कर 1 लाख 77 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जो रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला हैं।

### जब बजट का समुचित उपयोग नहीं, तो बजट प्रस्तुत करना मात्र दिखावा: कांग्रेस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस ने बड़े बजट के बावजूद खर्च में कथित ढिलाई को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जब बजट का समुचित उपयोग ही नहीं किया जा रहा तो बड़ा बजट प्रस्तुत करने का दावा महज दिखावा है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि बजट का आकार बढ़ाना और आंकड़ों की गिनती बढ़ाना विकास का प्रमाण नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्राम विकास जैसे अहम विभागों में आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं कर पा रही है। उन्होंने आउटसोर्सिंग के माध्यम से दी जा रही नौकरियों को युवाओं के साथ धोखा बताते हुए कहा कि इससे उनके भविष्य पर अनिश्चितता छा जाती है। कांग्रेस ने सरकार से स्थाई नौकरी और सम्मानजनक वेतन की ठोस नीति बनाने की मांग की है।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय पर सरकार ने दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विधानसभा में विपक्ष ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय पर सवाल खड़े किए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय पर सवाल खड़े किए गए। इसको लेकर सरकार ने अपनी तरफ से जवाब दिया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने श्रम एवं रोजगार मंत्री से पहला सवाल किया। उन्होंने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों के बराबर वेतन दिया जाना चाहिए। इस पर श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने जवाब देते हुए कहा कि निविदा में कार्य अवधि पहले से निर्धारित होती है। कंपनियां बदल सकती हैं, लेकिन कर्मियों को नहीं बदला जाता। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 2009 और 2016 के आदेश लागू हैं और वर्तमान सरकार ने इसमें कोई नया निर्णय नहीं लिया है। इसके बाद सपा विधायक आरके वर्मा ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कविता के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि तेल की बोतल पूछ रही है ये पहले तुम ही खरीदते थे मुझे आज क्यों सोच रहे हो।ष उन्होंने आरोप लगाया कि आलू किसान परेशान हैं जबकि बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। मंत्री ने जवाब में कहा कि राज्य सरकार केवल केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेज सकती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82814.71
निफ्टी 25571.25




सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# गिरावट से उबरा शेयर बाजार आईटी कंपनियों में गिरावट

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आई, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों पर दबाव देखा गया। बीएसई का संसेक्स 316.57 अंक (0.38 प्रतिशत) चढ़कर 82,814.71 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत ऊपर 25,571.25 अंक पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों सूचकांक डेढ़ प्रतिशत के करीब टूटे थे। मझौली कंपनियों में आज लिवाली ज्यादा हुई, जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.40 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही। बैंकिंग, धातु, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। आईटी और मीडिया समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की



कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर पौने तीन फीसदी चढ़ गया। एलएंडटी में सवा दो प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, बीईएल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट और आईटीसी में भी तेजी रही। क्वालिटी वॉल का शेयर साढ़े तीन फीसदी गिर गया। टेक महिंद्रा, इंफोसिस और इटरनल में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी टूट गए।

# विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर पहली बार 725 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.663 अरब डॉलर बढ़कर 725.727 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा का देश का भंडार पहली बार 725 अरब डॉलर के पार गया है। इससे पहले 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 3.55 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और शुक्रवार को यह 573.603 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में संदर्भ दर के आधार पर होता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार भी 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.466 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 10.3 करोड़ डॉलर बढ़कर क्रमशः 4.734 अरब डॉलर और 18.924 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान, यूरोप और रूस के बाद भारत पांचवें स्थान पर है।

# शिवराज ने अरहर, उड़द और मसूर की पैदावार बढ़ाने पर पर चर्चा की

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को अरहर, उड़द और मसूर जैसी प्रमुख दलहनी फसलों की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित छह वर्षीय 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' पर अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की।

चौहान ने कहा कि किसानों को बिचौलियों से मुक्त कर सीधे सरकारी खरीद प्रणाली से जोड़ना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्यों के साथ समन्वय मजबूत हो और खरीद, भंडारण को और अधिक चाक चौबंद बनाया जाए, जिससे बाजार में मूल्य स्थिरता बनी रहे और किसानों के हितों की रक्षा हो सके बैठक में विशेष रूप से अरहर, उड़द और मसूर जैसी प्रमुख दालों की पैदावार बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित छह वर्षीय 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' पर गहन चर्चा हुई। इस मिशन के तहत उन्नत बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, तकनीकी सहयोग बढ़ाने



और एक बेहतर मार्केटिंग तंत्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है। सरकार का लक्ष्य दलहन पैदावार में देश को आत्मनिर्भर बनाकर आयात पर निर्भरता कम करना और किसानों की आय में स्थाई वृद्धि सुनिश्चित करना है। कृषि मंत्री ने मूल्य समर्थन योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए राज्यों के साथ बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं हों ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, भंडारण व्यवस्था अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई, ताकि बाजार में कीमतों में स्थिरता बनी रहे और किसानों के आर्थिक हितों की रक्षा की जा सके।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
दोबारा
स्कूलों-कॉलेजों के सिलेबस में होगा बड़ा बदलाव
आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान
00800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शिक्षामित्रों...**

580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में ड्रॉप आउट रेट लगभग छह प्रतिशत था, जिसे घटाकर 0.3 प्रतिशत तक लाया गया है। आठ हजार न्याय पंचायतों तक कंपोजिट विद्यालय ले जाने का लक्ष्य है, जहां एक ही छत के नीचे 12वीं तक की पढ़ाई और कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने से बच्चियों का स्कूल छोड़ना कम हुआ है। प्रदेश भर में बच्चों को ड्रेस, जूते और बैग देने की व्यवस्था की गई है, जिसमें किसी जाति या मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं किया गया। योगी ने डिजिटल एन्टरप्रेन्योर योजना की घोषणा करते हुए कहा कि गांवों में आठ हजार डिजिटल उद्यमी स्थापित किए जाएंगे, जिनमें 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए होगा। साथ ही महिला उद्यमी विपणन उद्योग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का है और यूपी सरकार युवाओं को मुफ्त एआई टूल उपलब्ध कराएगी। 2030 तक पांच गीगावॉट क्षमता का डाटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने की योजना है। लखनऊ और आसपास के जिलों को स्टेट कैपिटल रीजन तथा काशी-मिर्जापुर (विध्याचल) क्षेत्र को इकोनॉमिक जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

**दबाव में...**

हमारे तेल आयात तय करने की इजाजत देकर भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता क्यों किया गया? बिना किसी पारस्परिक वादे के, हर साल 100 अरब डॉलर का अमेरिकी आयात बढ़ाने पर सहमति क्यों दी गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने यह क्यों कहा कि यह समझौता भारत को एक डेटा कॉलोनी (जहां किसी देश का नियंत्रण विदेशी शक्ति के पास हो) बना सकता है? श्री मोदी ऐसा समझौता क्यों मानेंगे?, जिसमें भारत इतना कुछ दे रहा और बदले में बहुत कम मिलता दिख रहा है। श्री गांधी ने इसे शर्मनाक स्थिति बताया और कहा कि इस आत्मसमर्पण का रहस्य प्रधानमंत्री पर डाले गए ग्रिप्स या पकड़ और चोक्स या गला घोंटने वाली स्थिति में छिपा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिर श्री मोदी ऐसे समझौते पर क्यों सहमत हुए, जिसमें भारत इतना कुछ देता है और बदले में इतना कम मिलता है। उन्होंने इसे आत्मसमर्पण बताया और कहा कि इस घोर आत्मसमर्पण का कारण प्रधानमंत्री पर बनाए गए 'दबाव' में निहित है।

### एआई समिट में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने यहां भारत मंडपम में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) समिट में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के प्रदर्शन को शर्मनाक करार दिया है। खंडेलवाल ने संवाददाताओं से कहा कि जब देश एआई, नवाचार और भारत के तकनीकी भविष्य पर मंथन कर रहा था, उस समय इस प्रकार का भद्दा और ध्यान आकर्षित करने वाला 'नग्न प्रदर्शन' करना देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह आचरण उस दिवालिया मानसिकता को उजागर करता है, जो आज कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। विचार, नीति विकल्प और सार्थक बहस प्रस्तुत करने के बजाय कांग्रेस केवल नाटक, उकसावे और अव्यवस्था फैलाने की राजनीति कर रही है। यह व्यवहार न केवल राजनीतिक हताशा दर्शाता है, बल्कि देश के युवाओं की आकांक्षाओं से पूर्णतः कटे होने का प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी पराजयों के बावजूद कांग्रेस ने आत्ममंथन नहीं किया है। श्री राहुल गांधी के विफल और अप्रभावी नेतृत्व में कांग्रेस ने रचनात्मक विपक्ष की भूमिका छोड़कर केवल प्रदर्शन और सनसनी की राजनीति को अपनाया है। खंडेलवाल ने कहा कि भारत का युवा अवसर, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व चाहता है, इस तरह का आचरण नहीं। एआई समिट भारत की तकनीकी क्षमता और वैश्विक दृष्टि को प्रस्तुत करने का मंच थाद्ध इसे बाधित करने का प्रयास राष्ट्रीय प्रगति का अपमान है।

# गोयल ने किया निर्यात संवर्धन मिशन का शुभारंभ

■ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए से विश्व के बड़े बाजारों में प्रवेश आसान

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सूक्ष्म, लघु और मझोले वर्ग के उद्यमों (एमएसएमई) के निर्यात को बढ़ावा देने और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूत करने के लिए शुक्रवार को निर्यात संवर्धन मिशन का शुभारंभ किया।

हाल के व्यापार समझौतों में भारतीय निर्यातकों के लिए वैश्विक जीडीपी में 70 प्रतिशत योगदान कर रहे देशों में भारतीय माल को वरीयता के आधार पर प्रवेश की सुविधा की गई है। उन्होंने इस मिशन के तहत सात अतिरिक्त समाधानों को शुरू किए जाने की घोषणा की, जो देश के निर्यातकों के सामने कर्ज की समस्या, विदेशी बाजारों में विस्तार के लिए मानकों आदि की चुनौतियों से निपटने तथा लॉजिस्टिक्स आदि की समस्या से निपटने में मदद करने के लिए हैं। इसके लिए वाणिज्य भवन में निर्यात इकाइयों के साथ आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। गोयल ने कहा कि भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बढ़ते नेटवर्क ने भारतीय निर्यातकों के लिए विश्व स्तर पर बड़ी संख्या में बाजारों का रास्ता आसान किया है। उन्होंने कहा कि अब तक अमेरिका के साथ हुए अंतरिम समझौतों समेत नौ समझौतों में शामिल देश सकल वैश्विक उत्पाद में लगभग 70 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते 38 विकसित और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों के बाजार में हर उस वस्तु के मामले में भारतीय निर्यातकों को वरीयता के आधार पर प्रवेश दिलाते हैं जिनका वहां आयात किया जाता है।

### भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को 'सनातन' की ट्रेनिंग देने की तैयारी

**लखनऊ।** कांग्रेस समेत अन्य दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को अब सीधे संगठन में जिम्मेदारी नहीं मिलेगी। पार्टी ने तय किया है कि ऐसे नेताओं को पहले 'सनातन प्रशिक्षण' से गुजरना होगा। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ही उन्हें पार्टी की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका दी जाएगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार इस प्रशिक्षण में पार्टी की रीति-नीति, कार्य संस्कृति, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा से विस्तार से अवगत कराया जाएगा। उद्देश्य यह है कि अन्य दलों से आए नेता संगठन की विचारधारा को आत्मसात कर सकें और चुनावी रणनीति में प्रभावी भूमिका निभा सकें। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस व अन्य दलों से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी का दावा था कि ऐसे नेताओं की संख्या 20 हजार से अधिक रही। अब भाजपा इन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव में विपक्ष के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक आधार के रूप में तैयार करना चाहती है। पार्टी की रणनीति है कि इन नेताओं के माध्यम से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को भाजपा से जोड़ा जाए और संगठन का दायरा बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



03 वां रोज़ा इफ्तार

21 फरवरी शनिवार

सुन्नी...................... 06:15

शिया...................... 06:28

04 वां रोज़ा सहरी

22 फरवरी रविवार

सुन्नी...................... 05:39

शिया...................... 05:32



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# स्कूल वाहन चालक ने जहर खाकर दी जान

## मैनेजमेंट पर गंभीर आरोप, पुलिस से भी मांगी थी मदद, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** काफी समय देखने और पढ़ने को मिल रहा है कि कई लोग जिनमें वृद्ध भी शामिल है और महिलाएं यहा तक की छात्र-छात्राएं भी आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे है। इन सभी आत्महत्याओं पर गोर किया जाए तो किसी ना किसीबात से परेशान व मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति मौत का रास्ता चुन रहे है। यह बात अलग है कि मौत के इस कदम से परिवार में मुसिबत का पहाड़ टूट पडता है यहां तक की परिवार में कोहराम मच जाता है, लेकिन यदि समय रहते मोत का रास्ता चुननेवाले लोगों की समस्या का हल कर दिया जाए तो शायद इस रास्ते परचलने वाले लोंगों की जिन्दगी बच जाए। हाल में भी एक



मामला पुरकाजी क्षेत्र में देखने को मिला जहां एक स्कूल के चालक ने अपनी जान दे दी। जैसा की लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधक और पुलिस की लापरवाही के चलते स्कूल के चालक ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया हे सच्चाई क्या है यह तो परिवार जाने लेकिन चर्चाए यही है कि युवक ने सैलरी समय से नहीं मिलने और संबंधित विभागत द्वारा उसकी समस्या का हल न करने से मानसिक तनाव झेल रहे युवक ने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। बताया जाता है कि मोहल्ला दक्षिणी चमारन निवासी सोनू पुत्र सुरेंद्र कस्बे के एक विद्यालय की गाड़ी पर ड्राइवर का कार्य करता था सुरेंद्र के परिजनों के अनुसार उसके विद्यालय पर लगभग 16000 रुपए वेतन के बकाया थे जिन्हें वह बार-बार मांगने पर भी उसे नहीं मिल रहे थे सोनू द्वारा पूर्व में दी गई तहरीर में आरोप लगाया की विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य उसके वेतन के 16000 नहीं दे रहे हैं और न ही उसकी मोपेड उसे दे रहे हैं जिससे तंग आकर सोनू ने आत्मघाती कदम उठाते हुए किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरकाजी ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया आज सोनू की मेरठ मेडिकल में मृत्यु हो गई मृत्यु का समाचार सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और धरना प्रदर्शन करते हुए आरो. पियों की गिरफ्तारी की मांग एवं परिजनों के लिए मुआवजा की मांग कर रहे हैं उधर थाना प्रभारी का कहना है कि परिजनों द्वारा तहरीर देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बंद मकान के स्विमिंग पुल में चौकीदार का मिला शव

**पुलिस बोली- पेर फिसलने के कारण हुई घटना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र के महावीर चौक स्थित काफी समय से बंद पडे मकान में यहां का चौकीदार का शव स्विमिंग पुल के पानी में पडा हुआ मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर क्षेत्राधिकारी ओर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंचे और उन्होने घटना की छानबीन करते हुए शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने मकान स्वामी और मृतक के परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस का मानना है कि पैर फिसलने के कारण चौकीदार स्वीमिंग पुल में गिरा और उसकी मौत हुई है। क्षेत्राधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

शुक्रवार की सवेरे सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि महावीर चौक स्थित विहान मोटर्स के मालिक शिवांस के बंद मकान में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ।मामले की गंभीरता देखते हुए सीओ भी विधि विज्ञान प्रयोगशाला टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होन शव की छानबीन करते हुए उसको पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान 60 वर्षीय चौकीदार रामकृष्ण पुत्र दीप चंद निवासी अमित विहार कूकडा थाना नई मंडी कोतवाली के रूप में हुई इसके तुरंत बाद ही पुलिस ने इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी।

घटना की छानबीन कर रहे क्षेत्राधिकारी ने इस घटना से मकान स्वामी को भी अवगत कराया। कुछ देर बाद यहांलोगों की भीड इकट्ठा हो गई थी और रोते बिलखते परिजन भी मोके पर पहुंच चुके थे। क्षेत्राधिकारी का कहना है कि मृतक के शरीर पर चोटों के कोई निशान नहीं है। सिर पर हलकी चोट है पुलिस का मानना है कि पेर फिसलने के कारण चौकीदार पानी में गिरा और फिर मौत हुई है।



मुजफ्फरनगर: फैक्ट्री में तेल की जांच कर सील लगाते अधिकारी।

# छापे में 15 हजार लीटर मिलावटी तेल पकड़ने का दावा

## त्यौहारों के मद्देनजर शासन के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यह कैसी विडंबना है कि मनुष्य ज्यादा कमाई के चक्कर में लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहा है। हत्या जैसी संगीन घटना हो तो अलग बात है, लेकिन कुछ लोग अधिक मुनाफा कमाने के लिए मनुष्य को मौत मुंह में धकेल रहा है। मिलावटी वस्तुएं खिलाकर धीरे-धीरे लोगों को मौत के मुंह में धकेला जा रहा है। इसी शिकायत के आधार पर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ व जिलाधिकारी के निर्देशन में साहयक आयुक्त (खाद्य) सहारनपुर मण्डल अशोक शर्मा की टीम ने मैसर्स काव्या ट्रेडिंग कम्पनी पर छापेमार कार्यवाही की। इस कार्यवाही में सहायक आयुक्त अर्चना धीरान के निर्देशन में मण्डलीय मुख्य खाद्यय सुरक्षा अधिकारी वीके राठी और शामली की टीम को भी शामिल किया गया। छापेमारी के दौरान करीब पन्द्रह हजार लीटर मिलावटी तेलपकडने का दावा कियागया है जनपद मुजफ्फरनगर में छापे के दोरान मिलावटी तेल व खाद्य पदार्थ बरामद होने का यह पहलामामला नहीं है इससे पहले भी यहां पर खाद्य पदार्थ टीम बडे-बडे खुलासे कर चुकी है। मौके पर पहुंची टीम ने संदेह के आधार पर सरसों केतेल के तीन नमूने और चार नमूने राइस ब्रान ऑयल व एक नमूना रंग का एकत्र किया है इस प्रकार टीम ने कुल आठ नमूने लिए है। छापेमारी के दौरान चार टंकों में उपलब्ध लगभग 800 लीटर तेल व 250 टीन में उपलब्ध 3750 लीटर तेल को सीज किया गया है। इस प्रकार टीम ने लगभग कुला 11750 लीटर सरसो का तेल और राइस ब्रान ऑयल और दस लीटर रंग को जब्त किया है। खाद्य पदार्थ टीम का अनुमान है कि जब्त किए गए सामान की कीमत करीब पन्द्रह लाख रूपये है। पूछे जाने पर अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में तहरीर दे दी गई है और संग्रहित किए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को भेज दिया गया है।

टीम का कहना है कि खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के अधिनियम नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान विशाल चौधरी, सुनील कुमार, पूनम कुमारी, अश्वनी कुमार व अनंत कुमार शामिल रहे। बता दे कि जनपद में पहले भी छापे के दौरान खाद्य पदार्थो की बरामदगी हुई है।

# रमजान के पहले जुमे की अदा की गई नमाज़

## खुदा के आगे उठे दुआओं के लिए हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पाक मुकद्दस माह ए रमजान के पहले जुमे की नमाज़ मुजफ्फरनगर की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई, नमाज के बाद रहमत और बरकत की दुआएं मांगी गई, रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा करने के लिए शहर की मस्जिदों में नमाजियों की संख्या काफी अधिक थी।रमजान के पहले जुमे को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह देखा गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारक. बाद दी। नमाज के दौरान अमन-चौन, भाईचारे और मुल्क की तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।

शहर में कई स्थानों पर इफ्तार की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और यातायात को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए। उलेमाओं ने जकात फितरा गरीब बेसहारा की मदद करने की बात कही और रमजान को बरकतों का और रहमतों का महीना बताते हुए इसकी तफसील से फजीलत बयान की। उलेमाओं ने कहा कि यह रमजान शरीफ का महीना है, जो रहमत मगफिरत और जहन्नम से निजात का माह है। उलेमाओं ने कहा कि जो इंसान जान बूझकर रोजा छोड़ता है, जिंदगी भर भी अगर वह रोजा रखे तो उसके नुकसान की भरपाई नहीं होती। उलेमाओं ने बताया कि माहे रमजान में तीन भाग होते हैं। इसमें पहला रहमत, दूसरा मगफिरत व आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। इसी माह हजरत मोहम्मद साहब पर पाक ए कुरान नाजिल हुई थी। मौलाना खालिद ने फरमाया किरमजान में पड़ने वाले जुमे की खास अहमियत है, ये मुसलमानों के लिए इबादत, तौबा और दुआ की कबूलियत का खास मौका होता है इसलिए इस्लामिक लोगों के लिए आज का दिन बहुत ज्यादा अहम है।

# मानक पूरे नहीं करने वाली 18 औद्योगिक इकाइयों पर शिकंजा

## विद्युत कनेक्शन काटने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आनलाइन सतत निगरानी प्रणाली के यंत्र नहीं लगाने वाली औद्योगिक इकाइयों को चिह्नित करते हुए प्रदूषण विभाग के नियमों की अनदेखी करने पर जिले के 18 औद्योगिक इकाइयों पर शि. कंजा कसा है। साथ ही इनके विधुत कनेक्शन काटने के लिए विधुत विभाग को भी पत्र भेजकर उद्योगों को नोटिस देकर चेताया गया है। इनमे पेपर मिल, रोलिंग मिल सहित लोहा व टैक्सटाइल उद्योग शामिल है। दरअसल द्धसीपीसीबी) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण की ऑनलाइन निगरानी के लिए ऑनलाइन सतत निगरानी प्रणाली लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे सीपीसीबी व प्रबंधन सीधे वायु प्रदूषण की आनलाइन निगरानी एवं उसकी जांच कर सकेगी। इस संसाधन की कनेक्टिविटी सीधे उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग तक रहेगी। इसके लिए चिमनियों पर कैमरा, संसाधन लगाने हैं। 31 दिसंबर 2025 तक ये प्रणाली सभी इकाइयों पर लगनी थी, लेकिन कुछ उद्योगों ने व्यवस्था करने में लापरवाही बरत रखी है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि इसको लेकर ऐसी 18 इकाइयों के खिलाफ़ कार्रवाई शुरू की है। संच. ालकों को नोटिस जारी कर विद्युत कनेक्शन काटने के लिए विधुत विभाग से सहयोग मांगा है। इसमें कई इकाइयां बेगराजपुर, रुड़की रोड समेत धंधेड़ा की शामिल है।

## इन इकाइयों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आनलाइन सतत निगरानी प्रणाली के यंत्र नहीं लगाने वाली जिन फैक्टरियों पर शिकंजा कसा गया है उनमें वहलना की बाहुबली स्टील, मित्तल कास्टिंग एंड इंजीनियरिंग, रूड़की रोड की तारा टेक्नो मशीन, उज्ज्वल कास्टिंग, सुमन इंजीनियरिंग एंड केमिकल, हुसैनपुर बोपाड़ा बेगरा. जपुर की एमआर मेटल वर्क्स, आरके मेटल वर्क्स, प्रिंस मेटल एवं एलोयल्स, श्रीमेटल वर्क्स, ताज मेटल, पीएसआर मेटल बेगराजपुर, जेपीडी मेटल खांजापुर, बुढ़ाना रोड, तालिब मेटल, एमएसक्यू धंधेड़ा, जय माहेश्वरी एलोयल्स पुरकाजी बाहर हदूद, एमएसए स्टील जड़ौदा, अंकुर फर्टिलाइजर बुढ़ाना रोड, एमएलआर फूड्स को नोटिस दिए गए हैं।

## पीएम के दौरे को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस अलर्ट

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 फरवरी को मरेठ में संभावीत आगमन को दृष्टिगत रख मुजफ्फरनगर प्रशासन भी अलर्ट पर है। पुलिस विभाग ने गहन चैकिंग अभियान चलाया हुआ है तथा जिले में बाहर से भी गुप्तचर पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस टीमें उन सभी स्थानों पर अपनी सतर्क निगाहे लगाए हुए है जहां बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्ति रूक सकते है। स्थानीय धर्मशालाओं और होटल संचालकों को निर्देश दिए गए है कि वह होटल में आने वाले किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दे। जिस किसी भी आईडी पर शक हो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए। आने-जाने वाले लोगों का विवरण भी तलब किया जा रहा है।

# विधायक मिथलेश पाल ने कराई घुटने की सर्जरी

**मुजफ्फरनगर।** लखनऊ- मीरापुर विधानसभा की विधायक मिथलेश पाल के घुटने की सफल सर्जरी के उपरांत, आज केबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अस्पताल पहुँचकर उनका कुशलक्षेम जाना। मिथलेश पाल ने अपने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि वह जल्द ही ठीक हो जाएगी तथा फिर से क्षेत्रवासियों के हित में कार्य करेगी।





मुजफ्फरनगर: रमजान माह के पहले जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद।

## पीएम के समक्ष मांगे उठाने की धमकी कर गई काम

**मुजफ्फरनगर।** कैंपा कोला फैक्ट्री में किसानों की जमीन दबाने आदि मुद्दों को लेकर पिछले पांच दिनों से सदर तहसील में बेमियादी धरना दे रहे भाकियू तोमर के किसानों को समझाने आज एसडीएम सदर पहुंचे और उन्होने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराया जाए।

गौरतलब है कि भाकियू तोमर ने आज धमकी दी थी कि यदि उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वह 24 फरवरी को मेरठ जाकर पीएम की सभा में मौजूद रहकर अपनी बाते उठाएगे। एसडीएम के संज्ञान लेने पर किसानों ने अपना धरना स्थगित कर दिया।

# 80 से अधिक युवाओं को दिए गए उद्यमी विकास के चेक

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभिकरण ने किया आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण कार्यक्रम में 80 से अधिक युवाओं को सीएम युवा ऋण योजना का लाभ बैंकों से दिलाते हुए चौक वितरित किए गए। शुक्रवार को जिला अग्रणी प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित समारोह में सीएम युवा ऐप का प्रचार प्रसार भी किया गया। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को बैंक के माध्यम से स्वीकृत ;णों का वितरण किया गया। इस दौरान सीडीओ ने युवाओं को कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं उद्यमी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पात्र अभ्यर्थियों तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में सीएम युवा ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं ;ण स्वीकृति की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। युवाओं को अधिकाधिक संख्या में ऐप डाउनलोड कर योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार साहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

# निजी अस्पतालों में नर्सों का वेतन होगा बीस हजार

## डीजी हेल्थ ने किए आदेश जारी, प्राइवेट नर्सिंग स्टॉफ में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कुशल नर्सिंग स्टॉफ की भारी कमी और अनुभवी पैसे की मांग काम का ज्यादा दबाव के चलते निजी अस्पतालों में तैनात नर्सिंग स्टाफ की सैलरी अब अस्पतालों में बीस हजार रूपये होगी। यह कदम मंहगाई के चलते उठाया गया है। और यह निर्णय स्वास्थ्य महा निदेशक (डीजी हेल्थ) ने जारी किया है। उन्होने कहा कि सौ बेड तक के सभी अस्पतालों को निर्देशित किया कि नर्सो को कम से कम 20 हजार रूपये प्रति माह दिया जाए। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के 2016 के निर्देश और केन्द्र सरकार द्वारा घटित समिति की सिफारिस के अनुपालन में लिया गया है।

यह मांग काफी समय से उठाई जा रही थी। इसमें यह आदेश जारी किया गया कि इसमें उल्लघंन करने वाले अस्पतालों के खिलाफ अब कार्यवाही भी की जाएगी और यह भी सख्ताई के साथ कहा गया कि आदेश का पालन न करने वाले अस्पतालों का पंजीकरण या लाइसेसं भी रद्द हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में निजी अस्पतालों में नर्सो की कार्य परिस्थितियों ओर वेतन की समस्या के लिए एक समिति गठित की थी। समिति में सिफारिश की गई थी नर्सो का वेतन बीस हजार रूपये से



कम ना हो।

वर्तमान में कई छोटे अस्पतालों में नर्सो का पांच हजार, आठ हजार और सीनियर को पन्द्रह हजार तक ही मिल रहे थे। निजी क्षेत्र में कार्यरत नर्से लम्बे समय से कम वेतन और अधिक समय तक काम करती थी, लेकिन वह असुविधा का सामना कर रही थी।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट आद. ेश दिए कि इसके लिए एक निरीक्षक अभियान भी चलाया जाएगा। जहां नर्सो के कम वेतन व अन्य शिकायतों कोविभागीय पोर्टल या संबंधित विभाग, संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दर्ज करासकती है।विभाग का मानना है कि बेहतर वेतन से न केवल नर्सो की स्थिति मजबूत होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवा में भी सुधार होगा।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवादाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम दधेड़ू कलां निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, सास-ससुर व देवर समेत छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार दधेड़ु कला निवासी जेबा ने पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसका विवाह सन 2025 को ग्राम खेलपुर (थाना भगवानपुर, हरिद्वार) निवासी अजमल उर्फ आजम के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह में उसके मायके पक्ष ने लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से भी खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज की मांग करते आ रहे थे । पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष विवाह के बाद भी उससे पांच लाख रुपये नकद और एक स्कॉर्पियो गाड़ी लाने का दबाव बनाया जा रहा था। इसके बाद ससुराल पक्ष द्वारा पीड़िता के साथ मारपीट और गर्भ गिराने और दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। 5 नवंबर 2025 को उसके देवर ने कमरे में घुसकर उसके साथ मारपीट की और गला दबाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर पति, ससुर और अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उसे पीटा गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसे जबरन कार में बैठाकर गर्भ गिराने की नीयत से कहीं ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उसके शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़िता की शिकायत पर चरथावल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति अजमल, ससुर हुसैन, सास जैबी, देवर तारिक व शारिक तथा खाला फरहत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी गहनता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कार की टक्कर से पिता की मौत, बेटे की हालत गंभीर

**■ सिसौना बझेड़ी मार्ग पर हुआ भयावह हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली देहरादून हाईवे के सिसौना बझेडी मार्ग पर तेज गति से आई कार ने बाप-बेटे को कुचल डाला। जिससे मापतोल विभाग के रिटार्यड कर्मचारी की मौके पर मोत हो गई। जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है। घायल को मेरठ रैफर कर दिया गया।

सिविल लाइन थानाक्षेत्र के मौहल्ला रैदासपुरी निवासी 60 वर्षीय जय पाल सिंह मापतोल विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी थे। जयपाल सिंह अपने बेटे अजय के साथ पुरकाजी में कन्यादान करके वापस लौट रहे थे। जब वह स्कूटी द्वारा सिसौना बझेडी मार्ग पर पहुंचे तो अचानक तेज गति से आई कार ने उन्हे रौंद डाला। 108 एंबुलेस ने उन्हे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जयपाल सिंह को मृतक घोषित कर दिया। उधर मृतक और उनके बेटे घायल अजय के पास से मिले कागजों के आधार पर पुलिस ने इसकी जानकारी परिवार वालों को दी। और शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# सीडीओ ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रदर्शनी को दी हरी झंडी

**■ बोले-हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने आज कलेक्ट्रेट प्रागण से महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ 'प्रदर्शनी वन' को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी वैन एक सप्ताह तक जनपद व तहसील तथा विकासखंडों पर पहुंच कर महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अन्य संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध करायी जाएगी। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, कन्या उत्थान, बाल संरक्षण एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनसामान्य को प्रदान की गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी वैन एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रदर्शनी वैन विकास खण्डवार एवं क्षेत्र, नगर पंचायतों तथा प्रमुख चौराहों पर भी पहुंचकर आमजन को जागरूक करेगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं पात्र लाभार्थी शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सुशील कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) तथा संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर मिली धमकी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** वार्ड 39, सहारनपुर बस स्टैंड के पीछे इंद्रा कॉलोनी में बन रही सड़क के घटिया निर्माण सामग्री की शिकायत करने पर सड़क निर्माण ठेकेदार नाराज़ हो गया। ठेकेदार ने शिकायत करने वाले हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार को धमकी दी और मृतक विक्की त्यागी के नाम की धमकी देते हुए कहा क्या जाटो ने नगर पालिका अध्यक्ष को वोट नहीं दी थी, दो दिन पहले नरेंद्र पवार ने वीडियो बनाकर नगर पालिका अध्यक्ष को निर्माण कार्य की शिकायत की थी। शिकायत पर नगर पालिका अध्यक्ष ने तुरंत कार्य रुकवा दिया, जिससे ठेकेदार बौखलाया और उसने नरेंद्र पवार को जान से मारने की धमकी दी है। उधर शुक्रवार की शाम सिविल लाइन पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध असलाह के साथ एक युवक को दबोचा

**बुढ़ाना।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को दबोचकर उसके पास से अवैध असलाह भी बरामद किया है। तब उनको एक संदिग्ध युवक दिखा तो उन्होंने उसको रोककर पकड लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने दो तमंचे व 1 कारतूस बरामद किया। पकड़े गये युवक ने पूछताछ में अपना नाम असद निवासी बुढाना बताया।

### बेटे पर हमले के बाद मां ने दी तहरीर

**मीरापुर।** मोहल्ला सरफपुरा निवासी एक युवक को मोहल्ले के ही दो लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की माता ने थाना मीरापुर में तहरीर देकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरफपुरा निवासी रेखा पत्नी चरण सिंह ने तहरीर में बताया कि उनका पुत्र शिवा घर लौट रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के राजा और बादल पुत्र मुकेश ने उस पर पंच से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में शिवा के सिर में खुली चोट आई तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल की माता ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी दोनों युवक उनके पुत्र के साथ मारपीट कर चुके हैं।

### बीआईटी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टीटडूट ऑफ फार्मेसी, मुजफ्फरनगर में इस वर्ष परीक्षा परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। घोषित परिणामों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए, जिससे कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल रहा।फार्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य डॉ. सचिन सिंघल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। बी.फार्मा द्वितीय वर्ष में तानिया ने 75 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वंश आर्य 74 प्रतिशत के साथ द्वितीय और शाकिब 66.67 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। बी.फार्मा तृतीय वर्ष में मुकुल देव ने 73 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकुर कुमार 71 प्रतिशत के साथ द्वितीय और इक्रीमा 70 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। अंतिम वर्ष में फोजिया ने 77.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया, सुमन 75 प्रतिशत के साथ द्वितीय और शिवानी 74.85 प्रतिशत के साथ तृतीय रहीं। संस्था के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह और निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अज्ञात शव की बहन बनकर दी अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में मानवता की मिशाल बनने वाली 'लावारिसों की वारिस' के नाम से पहचानी जाने वाली क्रांतिकारी शालू सैनी ने एक बार फिर अज्ञात शव का अंतिम संस्कार कर उसे सम्मानपूर्वक विदाई दी। थाना फुगाना क्षेत्र से पुलिस कर्मियों द्वारा सूचना मिलते ही शालू सैनी मौके पर पहुंचीं और मृतक को अपना भाई मानते हुए पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया

बताया गया कि थाना फुगाना पुलिस को एक अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। पहचान न हो पाने के कारण शव लावारिस की श्रेणी में आ रहा था। ऐसे में पुलिस ने समाजसेवी शालू सैनी से संपर्क किया। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचीं और मृतक को अपना नाम देकर उसकी बहन बनकर अंतिम संस्कार की सभी जिम्मेदारियां स्वयं संभालीं। श्मशान घाट पर उपस्थित लोगों की आंखें उस समय नम हो गईं जब शालू सैनी ने मृतक को भाई मानकर अंतिम विदाई दी। उन्होंने कहा कि ह्कोई भी इंसान इस दुनिया से बेनाम और बेसहारा न जाए, यही मेरा प्रयास है। जब तक सांस है, तब तक इस सेवा कार्य को जारी रखूंगी।ह्व गौरतलब है कि शालू सैनी पिछले कई वर्षों से हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समेत लगभग सभी धर्मों के लावारिस व बेसहारा शवों का उनके धर्म के रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार करती आ रही हैं। ओर अब तक करीब 6000 से अधिक अंतिम संस्कार व अस्थि विसर्जन वो अपने हाथों से कर चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे कार्य समाज को जोड़ने और इंसानियत को जीवित रखने का संदेश देते हैं। पुलिस प्रशासन ने भी उनके सहयोग और संवेदनशीलता की प्रशंसा की है। आज के दौर में, जब रिश्ते स्वार्थ के तराजू पर तौले जाते हैं, वहां क्रांतिकारी शालू सैनी का यह कदम साबित करता है कि मानवता अभी जिंदा है और जब तक ऐसे लोग समाज में हैं, कोई भी लावारिस नहीं नहीं जाएगा उन्होंने जनता से अपील भी की है कि अंतिम संस्कार की सेवा में उनकी मदद जरूर करे ।



# नरा में बकाया राशि वसूलने पहुंची टीम को देखकर लोगों का गुस्सा फूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सदर ब्लॉक के गांव नरा में आज बिजली विभाग की टीम ने बकाया राशि वसूलने और बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने जब,जई नीरज यादव अपनी टीम के साथ उपभोक्ताओं के अवैध केबल काटने शुरू किए, तभी भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव एहसान त्यागी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि चौकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने विद्युत टीम को चेतावनी देते हुए कहा, उनकी हुठधमह्ल से लोग गुस्से में हैं और वह टीम को बंधक बना लेंगे।

इससे टीम में हड़कंप मच गया। बाद में किसी तरह मामला शांत हुआ। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे इलाके में इस घटना को लेकर आक्रोश है। वही जेई का कहना है कि उन्होंने उच्चाधिकारियों को बता दिया है। मामले में कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों का आदेश मिलने पर इसके लिए विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# मॉम एंड मी स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



**मुजफ्फरनगर।** मॉम एंड मी स्कूल, मुज़फ्फरनगर में सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर, सर्कुलर रोड में अत्यंत भव्य एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस वर्ष का कार्यक्रम हरिद्म ऑफ ट्रेडिशन्सह थीम पर आधारित रहा, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विविधता, परंपराओं और मूल्यों की मनोहारी झलक प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी स्वरूप (अध्यक्ष, नगर पालिका, मुज़फ्फरनगर) एवं गौरव स्वरूप ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमे ललित अग्रवाल, नीलम महाना (प्रिंसिपल द एस डी पब्लिक स्कूल) (सान्या बिंदल( सोनिया लूथरा, विशाल गर्ग, अमित गर्ग, डॉ. पुरुषोत्तम, वचन सिंह, अमित पटपटिया, राजीव मुनजल, नेहा अरोड़ा, रूमा अग्रवाल, तथा आदित्य जैन सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से कक्षा 4 तक के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं संदेशात्मक प्रस्तुतियाँ दीं। राजस्थानी एवं पंजाबी नृत्य के माध्यम से बच्चों ने भारत की लोक संस्कृति, वेशभूषा और संगीत की जीवंत प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शिव प्रस्तुति में बच्चों ने भक्ति भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन किया। सेव ट्रीज़ एक्ट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। मनमोहक वेशभूषा, सजीव अभिनय और भक्तिमय संगीत ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। बच्चों की आत्मश्विवासपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गुंजायमान हो उठा। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा, भव्य मंच सज्जा, मधुर संगीत और आत्मश्विवासपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे समारोह को अत्यंत प्रभावशाली एवं यादगार बना दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे बच्चों का आत्मश्विवास और अधिक बढ़ा। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. रिंकू एस. गोयल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मश्विवास ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकों को भी उनके समर्पण एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया द्य कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज में खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में ''वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 '' का शुभारम्भ किया गया। आज शुरू हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 के पहले दिन क्रिकेट, शतरंज और कैरम की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। शतरंज 2026 के पुरूष वर्ग का खिताब बीकाम तृतीय वर्ष के छात्र आर्यन त्यागी तथा महिला वर्ग का खिताब बीकाम प्रथम वर्ष की छात्रा जसनदीप कौर के नाम रहा। वही कैरम में पुरूष वर्ग के मैचों में बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र सुहैल अंसारी तथा महिला वर्ग में एमएससी (जीव विज्ञान) की छात्रा अनुष्का मौर्या विजयी रही।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान पर एक सप्ताह तक चलने वाले खेल कार्यक्रमों की शुरूआत आज क्रिकेट प्रतियोगिता से हुई। लीग मैचो में आज का पहला मुकाबला डी फार्मा और बीकाम की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें बीकाम की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीफार्मा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरो में 10 विकटों के नुकसान पर 71 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीकाम की टीम ने 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 71 रन हासिल कर मैच ड्रा करा दिया। सुपर ओवर की सहायता से बीकाम ने डी फार्मा की टीम को हरा दिया। अगला मुकाबला बीएससीद्धकृषि विज्ञान) और बायोसाइंस की टीमो के बीच खेला गया।

जिसमे बीएससीद्धकृषि विज्ञान) की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 3 विकेट के नुकसान पर 10 आवेरों में 115 रनों का विशाल स्कोर खडा किया। जवाब में खेलने उतरी बायोसाइंस की टीम ने 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 76 रन पर ढेर हो गई। इस तरह 39 रनों से बीएससी (कृषि विज्ञान) की टीम ने जीत दर्ज की। पुरूष वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीकाम तृतीय वर्ष के छात्र आर्यन त्यागी, द्वितीय स्थान पर कम्प्यूटर एप्लीकेशन तृतीय वर्ष के छात्र विशु कुमार तथा तृतीय स्थान पर बीएससी (माइक्रोबायोलॉजी) के द्वितीय वर्ष के छात्र दक्ष पाल रहे। महिला वर्ग के मुकाबले में प्रथम स्थान पर जसनदीप कौर, द्वितीय स्थान पर ज्योतिका गुलाटी तथा तृतीय स्थान पर लविशा रही। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के खेल अधिकारी प्रो0 प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सप्ताह भर चलने वाली इन खेल कार्यक्रमों में क्रिकेट की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ महिला एवं पुरूष वर्ग में शतरंज, कैरम, टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबॉल एवं एथलैटिक में 100, 200, 400, 800, 1600 मीटर दौड़ के साथ ही गोला फेंक, चक्का फेंक, लम्बी कूद, ऊँची कूद आदि मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि खेल सप्ताह के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि खेलों का देश के युवाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार, डीन एकेडमिक्स डा0 विनित कुमार शर्मा तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता अमरदीप, डा0 अब्दुल अजीज़ खान, भुपेंद्र, संदीप कुमार, तरूण तथा श्विवदीप कौशिक तथा आज के खेलों सें संबंधित विभागो के शिक्षक एवं शिक्षिकायें आदि उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं.13494 दिनांक 16.11.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम आरण्या (Aaranya) अंकित नहीं कराया गया। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**प्रथम कौशिक पुत्र सुधीर कुमार कौशिक म.न. 1660 इन्द्रा कालौनी मुजफ्फरनगर**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आकाश मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने आकाश से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वंय जिम्मेदार होगा।

**सैन सिंह पुत्र श्री गंगा राम निवासी- ग्राम रसूलपुर कैलोरा, थाना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर**

## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स.14847/ 08.11.2019 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नही कराया गय। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अहान चौधरी है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सरीन चौधरी पत्नी गुलफान 105, ग्राम हरसौली ज़िला मुज़फ्फर नगर**

# नगवा में होने वाली भाकियू की महापंचायत स्थगित

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन की विशाल पंचायत स्थगित कर दी गयी। ये महापंचायत बुढ़ाना क्षेत्र के गांव नगवा के आसपास होनी थी। जिसमें चार जनपदों जिनमें मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली, मेरठ क्षेत्र के लाखों किसानों का आना तय था और इसमें राष्ट्रीय स्तर के कई मुद्दे भी उठने थे। बकायदा इस विशाल पंचायत के भव्य स्थल का निरीक्षण भी भाकियू नेताओं द्वारा कर लिया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के आने का प्रोग्राम भी तय हो गया था। इस पंचायत को विशाल बनाने को शुक्रवार को भाकियू बुढाना नगर अध्यक्ष इसरार के आवास पर भी एक मीटिंग होनी थी लेकिन यह भी स्थगित कर दी गयी। अब यह विशाल पंचायत कब होगी यह तो भाकियू की यूपी राज्य समन्वय समिति की आगामी मीटिंग में तय होगा मगर इस पंचायत के स्थगित होने से पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस जरुर ली है। यह महापंचायत कल 22 फरवरी में रविवार को होनी थी। चर्चा है कि यह विशाल पंचायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के आधार पर स्थगित की गयी है। वैसे बुढाना क्षेत्र में इस पंचायत को ऐतिहासिक बनवाने के लिए जिला महासचिव अनुज बालियान, बुढ़ाना तहसील के अध्यक्ष संजीव पंवार, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी, बुढ़ाना के ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत, भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार व अन्य कार्यकर्ता सक्रिय हो गये थे।

# 22 फरवरी को बूथ लेविल अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मुजफ्फरनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को समस्त बूथ लेविल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से दावे और आपत्तियां प्राप्त करेगें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नागरिकों से अपील है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

मुजफ्फरनगर 20 फरवरी 2026 उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष अभियान निर्धारित किया जा रहा है। उक्त दिनांक को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 में आवेदन कर सकते हैं. नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने तथा एक ही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं।

विशेष अभियान दिवस दिनांक 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को समस्त बूथ लेविल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से दावे और आपत्तियां प्राप्त करेगें। समस्त नागरिकों से अपील है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# छात्र-छात्राओं के लिए वर्चुअल लैब कार्यशाला का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय वर्चुअल लैब वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संस्था के आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आई.आई.टी., रुड़की की ओर से आए विशेषज्ञ चेतन धीमान एवं रोहन वाधवा द्वारा किया गया। कार्यशाला में कुल 114 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वर्चुअल लैब की उपयोगिता, ऑनलाइन प्रयोगशालाओं के संचालन, रिमोट एक्सपेरिमेंट्स तथा डिजिटल सिमुलेशन के माध्यम से प्रयोग करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही वर्चुअल लैब डिजाइनिंग के लिए उपयोग होने वाली तकनीकों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को लाइव डेमो के माध्यम से विभिन्न प्रयोग कराए गए तथा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रयोग करने की विधि भी समझाई गई। संस्थान के सचिव श्री अनुभव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि तकनीकी शिक्षा में नवाचार और डिजिटल प्लेटफॉर्म का समावेश समय की आवश्यकता है। संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रयोगशाला सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होने कहा कि एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लगातार दूसरे वर्ष आई.आई.टी., रुड़की का नोडल सेंटर बना है, जो संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का प्रमाण है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आई.आई.टी., रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा दिया गया यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा वर्चुअल लैब विषय पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। कार्यशाला के सफल संचालन में छात्रों 'प्रियांश, वासुदेव, आराध्या शर्मा, श्रेया पराशर एवं आर्यन पाल' का विशेष योगदान रहा।

# एसडी ऑफ मैनेजमेंट में बजट पर चर्चा में शामिल हुए छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज 'यूनियन बजट 2026' विषय पर एक शैक्षिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट देश की आर्थिक दिशा और विकास की गति को निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है।

**बजट के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा:** प्रोग्राम में मुख्य वक्ता संजय शर्मा ने 'यूनियन बजट 2026' विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से बजट के विभिन्न पहलुओं जैसे कर नीति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, रोजगार, आधारभूत संरचना तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय सहायता, तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों के सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया है।




**वित्तीय प्रावधानों का विश्लेषण:** संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि प्रत्यक्ष कर (जैसे आयकर) एवं अप्रत्यक्ष कर (जैसे जीएसटी) में किए गए परिवर्तनों का प्रभाव सीधे आम नागरिक की आय, बचत, उपभोग और जीवन स्तर पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कर दरों में संशोधन, छूटों में परिवर्तन तथा नई योजनाओं की घोषणा से मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग और उद्योग जगत सभी प्रभावित होते हैं।

**छात्रों ने पूछे सवाल:** प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछे, जिनमें कर प्रणाली, निवेश के अवसर, सरकारी योजनाओं के लाभ तथा बजट के दीर्घकालिक प्रभाव जैसे विषय शामिल थे। संजय शर्मा ने सभी प्रश्नों का संतुलित एवं स्पष्ट उत्तर देते हुए विषय की गहन जानकारी प्रदान की।

**कार्यक्रम में उपस्थित रहे शिक्षक:** इस अवसर पर बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह, डॉ. संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंजर, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने निर्माणाधीन विद्यालय का किया निरीक्षण

**भाकियू 'अ' कार्यकर्ताओं ने घटिया सामग्री पर जताया रोष**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में पहुंचे। जहां पर उन्होंने विगत दिवस ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिलने पर लगभग 30 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जा रहा मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया। बुढ़ाना एसडीएम के द्वारा शिकायत करने वाले ग्रामीणों को भी मौके पर बुलवाया गया। जिन्होंने एसडीएम बुढ़ाना को बतलाया कि इस विद्यालय के निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा पिल्ली ईंटो का प्रयोग करने के साथ साथ घटिया स्तर का मेटेरियल भी लगाया जा रहा है। जिस पर एसडीएम ने ठेकेदार से भी सभी ग्रामीणों के सामने बातचीत की और मौके पर मिली सामग्री भी देखी। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष ठाकुर अमित सिंह, ब्लाक बुढ़ाना अध्यक्ष प्रवीण पंवार व ग्राम राजपुर छाजपुर अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने बतलाया कि वे विगत दिवस इस निर्माणाधीन विद्यालय को लेकर बुढ़ाना एसडीएम से मिले थे और उनको बताया था कि स्कूल के निर्माण में ठेकेदार घटिया सामग्री लगा रहा है। इसी शिकायत के चलते ही आज एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा व नायब तहसीलदार मौके पर जांच करने आए। जांच में उन्हें शिकायत सही मिली। दोनों अधिकारियों को स्कूल की नींव खिसकी मिली और घटिया सामग्री का प्रयोग भी होता मिला। तीनों भाकियूअ पदाधिकारियों ने कहा अगर स्कूल के निर्माण में उनको भविष्य में घटिया सामग्री लगती मिली तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर देंगे। यहां ठाकुर गौरव सिंह, टिंकु शर्मा, राहुल ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, शक्ति ठाकुर, आसिफ अंसारी, दुष्यंत ठाकुर और बीर सिंह सैनी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# रमजान के पहले जुमे की नमाज में उमड़ी भीड़

## बुढ़ाना क्षेत्र के बाजार भी ग्राहकों से रहे गुलजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र की मस्जिदों में रमजान माह के पहले जुमे के दौरान मोमीनो की भारी भीड़ उमड़ी जबकि शाम के समय सभी बाजार भी ग्राहकों से खूब गुलजार रहे। पुलिस प्रशासन भी अलर्ट नजर आया। मिली जानकारी के अनुसार इस्लाम के पवित्र महीने रमजान का पहला जुमा बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। बुढाना तहसील क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य गांवों की मस्जिदों में जुमे के नमाज की दो रकआत नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे। उन्होंने अल्लाह से रमजान के पूरे रोजे रखने की तौफीक अता करने की दुआ मांगी। इस अवसर पर बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कुबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने जुमे की नमाज पढने आए सैंकड़ों मोमीनो को खिताब करते हुए कहा कि इस्लामिक कैलेंडर के 12 महीनों में रमजान का महीना सबसे पवित्र माना गया है। इस महीने में की जाने वाली हर इबादत का सवाब 70 गुना अधिक मिलता है। उन्होंने रमजान के पूरे रोजे रखना फर्ज बतलाया। रमजान के 30 रोजों को तीन भागों में बांटा गया है। रमजान के पहले 10 दिन रहमत वाले होते हैं जब अल्लाह अपने रोजेदार बंदों पर रहमतों की बारिश करता है। दूसरे 10 दिन बरकत के होते हैं जिनमें अल्लाह रोजा रखने वालों के कारोबार और कमाई में बरकत देता है। रमजान महीने के आखिरी 10 दिन मगफिरत वाले होते हैं। इन दिनों में अल्लाह अपने रोजेदार बंदों को उनके गुनाहों से छुटकारा देता है और बड़े से बड़े गुनाहों को माफ फरमाता है। उन्होंने मुस्लिम से रमजान के पूरे रोजे रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जितना हो सके अपना समय अल्लाह की इबादत में गुजारें। नमाज पढ़ें। कुरआन की तिलावत करें और बुरे कामों से दूर रहें। उन्होंने रहमत, बरकत और मगफिरत वाले इस महीने की कद्र करने का आह्वान किया। उधर जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

# अतिरिक्त दहेज में कार न देने पर विवाहिता को बनाया बंधक

**भूखा-प्यासा रखने का आरोप, थाने में दी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता ने अपने दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज में कार और एक लाख रूपये नही मिलने पर मारपीट कर बंधक बनाकर भूखा प्यासा रखने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बुढ़ाना कोतवाली के गांव परासौली की एक विवाहिता ने महिला बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी शादी करीब तीन साल पहले नावेद पुत्र इस्तकार निवासी निकट नगर पालिका कांधला शामली के साथ हुई थी।

उसकी शादी में उसके पिता ने लगभग 12 लाख रूपये खर्च किये थे किन्तु उसके ससुराल वाले दिये गये दहेज से कतई संतुष्ट नही थे क्योंकि उसका पति, सास सारो, ननद साजिया, जैठानी सबिया पत्नी साहिर, देवर उवेश व जैठ सावेज बेहद लालची किस्म के व्यक्ति है। वे अतिरिक्त दहेज में 4 पहिया कार व 1 लाख रुपये की मांग करने लगे। शादी के 3 माह बाद से उसको प्रताडित करने लगे। उसका पति प्लास्टिक के पाईप से मारपीट व गाली गलोच करता है और उसके साथ अप्राकृतिक सम्बंध बनाने के लिए मजबूर करता है। देवर उवेश उस पर बुरी नजर रखता है। बीते साल 07 सितम्बर को उसे कमरे में बंधक बनाकर रखा तथा उसका खाना पीना भी बन्द कर दिया। उसने किसी तरह से इसकी सूचना अपने परिजनों को दी तो वे उसको आकर ले जाने लगा तो ससुरालियों ने भी उसके परिजनों के साथ मारपीट की।

इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने उसे वहां से निकालकर उसके पीहर भिजवाया। अब महिला पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मुजफ्फरनगर से कोटा तक: प्रीति सिंह की प्रेरणादायक सफलता की कहानी

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में जन्मी और पली-बढ़ी प्रीति सिंह ने अपने जुनून, परिश्रम और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण से एक नई पहचान बनाई है। विवाह के बाद वह कोटा में बस गईं और आज सोनचिरैया ब्रांड की संस्थापक तथा कोटा साड़ी साड़ीज की संचालिका के रूप में जानी जाती हैं। कॉर्पोरेट क्षेत्र में एक सफल करियर छोड़कर प्रीति सिंह ने पारंपरिक कोटा की असली जरी साड़ियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कोटा की महीन बुनाई, उत्कृष्ट कारीगरी और सदाबहार शान को देश-दुनिया तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। उनका ब्रांड शुद्धता, प्रामाणिकता और भारतीय वस्त्र विरासत के सम्मान का प्रतीक बन चुका है। प्रीति सिंह को यह प्रेरणा अपने स्वर्गीय दादा मामचंद से मिली, जिनके ईमानदारी और मेहनत के संस्कार आज भी उनके जीवन का मार्गदर्शन करते हैं। उनके पिता नरेंद्र सिंह पूर्व मंडी सचिव का प्रोत्साहन, माता बृजेश का स्नेह और पति हेमंग पारेख का अटूट सहयोग उनकी सफलता की मजबूत नींव बने। प्रीति सिंह की उपलब्धियों में उस समय चार चांद लग गए, जब उनकी साड़ी को अंत. रराष्ट्रीय मंच कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया। यह कोटा की बुनाई कला और भारतीय शिल्पकारों के लिए गर्व का क्षण था। इसके अतिरिक्त उन्हें भारतीय संस्कृति और पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 'भारत की शान-भारत का अभिमान' सम्मान से भी नवाजा गया। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश की ऐसी 29 हस्तियों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए विदेश में भी भारत का डंका बजाया है। मुजफ्फरनगर की बेटी प्रीति सिंह को भी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सम्मानित किया। मुजफ्फरनगर से कोटा और स्थानीय बाजार से अंतरराष्ट्रीय मंच तक का उनका यह सफर संघर्ष, संकल्प और संस्कारों की खूबसूरत कहानी है। प्रीति सिंह न केवल परंपरा को सहेज रही हैं, बल्कि उसे आधुनिक दौर में नई पहचान भी दी।

# परिवहन मेले में नियमों की दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के परिवहन आयुक्त के निर्देशन में आयोजित परिवहन मेले में ट्रांसपोर्टरों व अन्य उपभोक्ताओं को अधिकारियों ने मुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान टैक्सी आपरेटर शाहिद खान, मौ. दिलशाद, राहुल त्यागी व ट्रासंपोर्टर मनीष तायल, संजय अग्रवाल, टाटा मोटर्स व मारूति एजेन्सी के पदाधिकारियों सहित वाहन स्वामियों से एआरटीओ अजय मिश्र, सुशील कुमार मिश्र संभागीय निरीक्षक ने भी चर्चा की और वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान मौके पर ही किया गया। यहां 2.11 लाख रुपए कर में जमा करायें गये।

# नवयुवती रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**घर में रखे सोने चांदी के जेवर व नकदी भी गायब**

**बुढ़ाना।** परिजनों ने दो युवकों पर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। घर में रखी नगदी और सोने चांदी के जेवरात भी गायब हैं। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गायब नवयुवती की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 18 साल की पुत्री बीती 15 फरवरी की प्रथम रात्रि लगभग तीन बजे घर से अचानक से गायब हो गई। उन्होंने उसकी तलाश आसपास और रिश्तेदारों में की लेकिन उसका कोई भी पता नहीं चल पाया है। अगले दिन नवयुवती के परिजनों को किसी के द्वारा यह जानकारी मिली कि एक युवक अपने किसी साथी के साथ उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। परिजनों का यह भी आरा. प है कि आरोपी युवक पहले भी उनके घर के आसपास आता जाता था। घर से सोने चांदी का कुछ सामान और कुछ नकदी भी गायब है। पीड़ित परिवार ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते आरोपियों की गिरफ्तारी और अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नवयुवती की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए।

# बजरंग बली के जयघोष के बीच हनुजान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित मानव चेतना केंद्र धाम परिसर में शुक्रवार को विशुद्ध हनुमान मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार व हवन-यज्ञ के बीच हनुजान जी की मूर्ति की विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ऋषिकेश से पधारे स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद महाराज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी सेवा, समर्पण और निष्ठा के प्रतीक हैं। यदि व्यक्ति उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले तो वह हर कठिनाई का सामना धैर्य और विवेक से कर सकता है। स्वामी ने युवाओं से विशेष रूप से आह वान किया कि वे संयम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को अपनाएं। हनुमान जी की आराधना मनुष्य के जीवन में आत्मबल, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति मानसिक तनाव और भय से ग्रसित है, ऐसे में हनुमान उपासना उसे स्थिरता और निर्भयता प्रदान करती है। नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ तथा सुंदरकांड का श्रवण करने से जीवन के संकट, बाधाएं और नकारात्मक प्रभाव स्वतः दूर होते हैं। स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव विशुद्धानंद महाराज की पावन स्मृति में मानव चेतना केंद्र धाम में विशुद्ध हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया है। दिल्ली निवासी वृंदावन गुप्ता के सहयोग से निर्मित इस मंदिर में बजरंगबली की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। समारोह में यजमान के रूप में हरीश गुप्ता, ज्ञानेंद्र चौहान, रामश्याम, मनोज शर्मा तथा ब्रजभूषण मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक आरती की गई तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

# ब्राह्मण आध्यात्म और संस्कृति के रक्षक एवं पोषक:स्वामी ओमानन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि विद्वान ब्राह्मण भारतीय आध्यात्म जीवन और संस्कृति के रक्षक, पोषक और आदर्श के रुप में प्रतिष्ठित हैं।

श्री शुकदेव आश्रम के गीता भवन में अग्रवाल परिवार के द्वारा आयोजित भागवत कथा का शुभारंभ कर पीठाधीश्वर ने पोथी पूजन किया तथा व्यासपीठ पर कथाव्यास आशीष माधव शास्त्री को सम्मानित किया। स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि आदिकाल से ही सनातन संस्कृति के रक्षण और पोषण में ब्राह्मणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

विद्वान ब्राह्मण अपने ज्ञान और सदाचरण से मानव जाति के सच्चे पथ प्रदर्शक बने हैं। विद्वानों का राष्ट्र में सदैव सम्मान होना चाहिय। ऋषि-मुनियों ने आध्यात्म परंपरा के अंतर्गत जीवन जीकर अपने तप, त्याग तथा कठोर परिश्रम से धर्म और संस्कृति की रक्षा में जीवन को समर्पित किया है। यदि ब्राह्मण समाज ना होता तो मानव जाति आध्यात्मिक रूप से इतनी संस्कारी ना होती, जितनी है। आध्यात्मिक उत्कृष्टता का इतना उदय ना होता, जितना की है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति गौरवान्वित है, क्योंकि यह आदिकाल से ही गुरुकुल परंपराओं से समृद्ध है। वर्ष 1960 में पूज्य गुरुदेव स्वामी कल्याणदेव महाराज ने शुकतीर्थ में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की थी, जहां से हजारों वटुक ब्राह्मण शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में सनातन धर्म और संस्कृति के संवर्धन में जुटे हैं। भागवत के प्रचार-प्रसार में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि भागवत मानव जीवन के लियए एक संजीवनी है, जो मनुष्य को दुर्गति से बचाती है। यजमान दिल्ली के विवेक अग्रवाल, शिवानी, गगन बंसल, कमल गुप्ता, निशा गुप्ता ने विधि-विधान से पूजन किया। आचार्य विकास, ठाकुर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# गायब युवक का नहीं लगा सुराग



**चरथावल** पिछले दो दिनों से गायब युवक साहिल पुत्र सफीक निवासी तगायान मुस्लिम कस्बा चरथावल पिछले दो दिनों यानि 18 फ़रवरी की सुबह से गायब हो गया था जिसकी सुचना परिजनों द्वारा थाना चरथावल पर दो दिन पूर्व ही दे दी गयी थी तलाश करने पर भी गायब साहिल का कोई पता नहीं चल पाया है वही नगर पंचायत के सीसीटीवी फुटेज खगालने पर साहिल चरथावल बस स्टैंड पर मुज़फ्फरनगर की और जाती बस मे बैठा हुआ दिखाई दे रहा है वही दो दिन बाद भी कही अता पता न चलने पर परिजनों मे भय बना हुआ है ।

## भाकियू चढ़ूनी का धरना

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष नकुल अहलावत, गुर्जीत सिंह, रूपेन्द्र सिंह, बलवेन्द्र सिंह आदि बडी संख्या में किसानो ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर पीएम और सीएम को ज्ञापन भेजा। जिसमें अमेरिका से होने वाली ट्रे-डिल को निरस्त करने, चिकित्सा क्षेत्र में सुधार करने आदि मांगे उठाई गई।

# स्व. मिथलेश को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, स्व. मिथिलेश सिंघल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि शाहपुर। युवा भाजपा नेता शिवम सिंघल की माताजी स्वर्गीय मिथिलेश सिंघल की स्मृति में आयोजित शोकसभा में नगर एवं जिले के अनेक राजनीतिक, सामा. जिक जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा का वातावरण भावुक रहा और उपस्थित जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर जीवन में कोई दूसरा धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता की सेवा और सम्मान को सर्वोपरि रखे।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक कार्यो में सक्रिय रहने के साथ-साथ वृद्धावस्था में पहुंचे माता-पिता की देखभाल करना अत्यंत आवश्यक है। यही सच्चे संस्कारों की पहचान है। भाजपा जिला मंत्री सचिन सिंघल ने स्व. मिथिलेश सिंघल को कुशल एवं सरल स्वभाव की गृहणी बताते हुए कहा कि वे धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। शोकसभा में अशोक अग्रवाल, व्यापारी नेता बालेश सिंघल, आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल, भाजपा नेता उमेश मित्तल, सपा जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता नवदीप मित्तल, शुभम मित्तल, हरिमोहन सिंघल, युवा समाजसेवी सोनू मलिक, मनीष गर्ग, कृष्णपाल ठेकेदार, ऋषभ सिंघल, अभय बंसल, युवा समाजसेवी ललित जैन, बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल, अमित जैन, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, प्रदीप जैन, पूर्व सभासद चंद्रवीर सिंह चौधरी, पत्रकार पीयूष शर्मा, विनोद वर्मा, हर्षित सिंघल, अनिल बंसल, रवि अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# विदेशी महिलाओं से मिलकर अभिभूत हुईं छात्राएं

## शुकतीर्थ शिविर के पांचवे दिन निकाली बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित अखंड धाम में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को छात्राओं ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं की मुलाकात विदेशी महिलाओं से हुई, जिनके साथ उन्होंने फोटो खिचवाएं।

कार्यक्रम अधिकारी पूनम रोशवाल के संयोजन में पायल शर्मा, अंजली शर्मा, रूपांशी, श्रेया, रिया, तनु, खुशी, हिमांशी, मानसी समेत अनेक छात्राओं ने नगरी में रैली निकालकर हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नगरी में रैली के दौरान छात्राओं की भेंट रूस की गोविंद तथा स्वीडन की फर्नाडे से हुई जहां पर शिक्षिका नीता चौधरी ने उनसे अंग्रेजी में बातचीत की और रैली के उद्देश्य को बताया। विदेशी महिलाओं ने भी छात्राओं के उत्साह की सराहना की।

इसके बाद उन्होंनें खुशी जाहिर करते हुए शिक्षिका व छात्राओं के साथ साथ फोटो खिंचवाए। इसके बाद छात्राओं को महिला वृद्ध आश्रम ले जाया गया जहां महिला वृद्ध आश्रम की प्रबंधक साध्वी कांता ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि यहां बिहार, पुरकाजी, लालू खेड़ी आदि जगहों से आई हुई कुल 10 महिलाएं हैं जिनमें से कोई अपने पति के द्वारा तथा कोई अपने पुत्र एवं पुत्रवधु के द्वारा प्रताड़ित करके घर से निकाली गयी है। स्वयंसेविकाओं ने इन महिलाओं से बात की और उनकी व्यथाओं को जाना। शिविर में शिक्षिका शालू चौधरी, मीनू चौधरी व नरेश कुमार भी मौजूद रहे।

# हजारों रुपये की कीमत का बकरा हुआ गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** लगभग 14 हजार रुपये की कीमत का एक बकरा अचानक से रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। बकरे को काफी तलाश कर लिया लेकिन बकरे का कहीं पर भी पता नहीं चल पाया है। पशु पालक बकरे को अपने स्तर से तलाश कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला के मौहल्ला गढ़ी के निवासी दिलशाद अली पुत्र महमूद अली ने एक बकरा कुर्बानी के लिए पाला हुआ था। वह पूरे दिन बकरे को घेर में खुला छोड़ देता था और शाम होते ही घर पर ले आता था। बीती बृहस्पतिवार की सुबह रोजाना की भांति उसने अपने घेर में बकरे को ले जाकर छोड़ दिया। कुछ ही देर बाद बकरा वहां से चरता हुआ रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। बकरा पालक दिलशाद अली ने अपने बकरे को काफी स्थानों पर तलाश किया लेकिन शुक्रवार की देर रात तक भी अचानक से गायब हुए बकरे का कोई भी सुराग नहीं लग पाया था।

इस घटना की सूचना फिलहाल बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी है। बकरी पालक दिलशाद अली अपने स्तर से अभी भी अपने बकरे को तलाश करने में लगा हुआ है। गांव में चर्चा है कि शायद किसी ने मौका पाकर बकरे को चोरी कर लिया। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी गायब बकरे को देखा जा रहा है।

# एसपी देहात ने सड़कों पर उतरकर खुद की चेकिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बीती बृहस्पतिवार की देर रात खुद सड़कों पर उतरकर बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने अभियान के दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवर लोडिंग, ट्रिपल राइडिंग, बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म लगे वाहन एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही भी की। उन्होंने मौके पर मिले चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिसकर्मियों को वाहन चैकिंग अभियान नियमित रूप से चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने खुद भी कई वाहन चालकों को यातायात के नियम बताए और कहा कि तेज गति करके और शराब पीकर बिल्कुल भी वाहन ना चलाएं। अपने वाहनों के संपूर्ण कागज साथ लेकर चलें। दोपहिया वाहन चालक हैल्मेट का प्रयोग अवश्य करें और कार में बैठते समय सीट बेल्ट का प्रयोग भी अवश्य करें। इस दौरान बायवाला पुलिस चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह व गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी ललित कसाना आदि पुलिसकम्ह्र रहे।

बार एसोसिएशन बुढ़ाना के चुनाव....

# ऑडिट रिपोर्ट के लिए आम सभा हुई स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए शुक्रवार के दिन ऑडिट रिपोर्ट पेश करने के लिए आम सभा की बैठक स्थगित कर दी गई। अब आम सभा की बैठक का आयोजन आगामी 24 फरवरी को मंगलवार के दिन किया जाएगा और उसी दिन ही ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार बार एसोघसिएशन बुढ़ाना के ऑडिटर ईश्वर दयाल संगल के द्वारा 20 फरवरी में शुक्रवार के दिन ऑडिट रिपोर्ट पेश की जानी थी और दोपहर 02 बजे आम सभा की मीटिंग का भी आयोजन होना था। इस बारे में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर और ऑडिटर ईश्वर दयाल संगल ने बतलाया कि किन्हीं कारणवश शुक्रवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के आफिस मे आयोजित की जाने वाली आम सभा की बैठक स्थगित कर दी गई है। अब 24 फरवरी में मंगलवार के दिन आम सभा की बैठक में ऑडिट रिपोर्ट पेश होगी। इसके बाद ही बार एसोसिएशन बुढ़ाना के चुनाव कार्यक्रम की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी।

**शाह टाइम्स**
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# श्रीराम कॉलेज के छात्रों को मिली सफलता

**मुजफ्फरनगर।** राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर ने डिस्ट्रिक्ट एम्पलॉमेंट एक्सचेंज, मुजफ्फरनगर के साथ मिलकर प्रतिष्ठित पैन इण्डिया कम्पनी आईसीआईसीआई बैंक लि0 को राम ग्रुप ऑफ कालेजेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों यथा-एम0बी0ए0, एम0सी0ए0, एम0एससी0 के विद्यार्थियों के चयन हेतु संस्थान में आमंत्रित किया। कम्पनी प्रतिनिधि रजत, वैभव चौहान, जिला रोजगार अधिकारी, मुजफ्फरनगर पारुल सिंघल को संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान एवं चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट कोर्डिनेटर, आशीष चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आईसीआईसीआई बैंक, मुम्बई में मुख्यालय वाला एक प्रमुख भारतीय बहुराष्ट्रीय निजी क्षेत्र का बैंक और वित्तीय सेवा कम्पनी है जो बैंकिंग, बीमा व निवेश उत्पादकों की एक व्यापक श्रंखला प्रदान करती है। प्लेसमेंट प्रक्रिया को 4 चरणों मे विभाजित किया गया। प्रथम चरण में ऑनलाइन पंजीकरण, द्वितीय चरण में ऑनलाइन स्क्रीनिंग टैस्ट, तृतीय चरण में ऑनलाइन एचआर साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण मे राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के 97




छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए जिसमें से 34 छात्रध्छात्राऐं अन्तिम चरण के लिए चयनित हुए। अंतिम चरण के साक्षात्कार हेतु कम्पनी ने चयनित हुए छात्रों को अपने कार्यालय में आमंत्रित किया। अंतिम रूप से चयनित हुए छात्रों को कम्पनी द्वारा 3.5 एलपीए तक के पैकेज पर कम्पनी में नियुक्त किया जाएगा। राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्सावर्द्धन किया। राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ जी ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को स्वकेन्द्रित, अनुशासित एवं अपने समय का सदुपयोग करते हुए शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर हो सकें। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि कॉलेज द्वारा आयोजित हर गतिविधि में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाएं एवं संस्थान द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिभाग करते रहना चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी, मुजफ्फरनगर मिस पारुल सिंघल ने कहा कि राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के छात्रों से मिलने के बाद लगा कि यहां के छात्र निश्चित ही प्रतिभा के धनी हैं जिसका श्रेय निश्चित ही संस्था के इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा यहां के शिक्षकों को जाता है जो कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर ही कार्यरत हैं। इस अवसर पर राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्था के निदेशक डॉ. एस.एन. चौहान ने कहा कि प्लेसमैन्ट सैल के निरन्तर एवं सराहनीय प्रयासों के कारण संस्थान के अनेक छात्रध्छात्राओं का कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्लेसमेंट सेल बहुत अधिक लगन, अथक प्रयास एवं कठिन परिश्रम से अपने कार्यों का संचालन कर रहा है जो इस बात का उदाहरण है कि कि सभी संकाय के विद्यार्थी सभी प्रकार से प्रतिभा सम्पन्न हैं तथा निश्चित ही वे आगे चलकर अपने संस्थान, जनपद एवम् राष्ट्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उज्ज्वल करेंगे। इस अवसर पर राम ग्रुप ऑफ कोलेजेज, मुजफ्फरनगर के एकीकृत परिसर को फिरोज अली, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, डॉ0 अंकुर कुमार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, इं0 कनुप्रिया, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0, पवन चौधरी, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 ने कम्पनी प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार प्रकट किया एवं सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामानाएं दीं। संस्था के चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट कॉर्डिनेटर प्रो0 आशीष चौहान ने कंपनियों के प्रति. निधियों का आभार व्यक्त किया और उनसे भविष्य में राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज से जुडे़ रहकर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने का आग्रह किया।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य की सड़क हादसे में मौत

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र पंचायत सदस्य की सड़क हादसे में मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम करनावाला उर्फ नंगला गन्ना निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार पुत्र हेमचंद की गुरुवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव कुमार गुरुवार की रात अपनी बुलेट से मुन्नी देवी मंदिर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह अल्हैपुर ब्लॉक के सामने पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मुरादाबाद स्थित कॉसमॉस अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराई और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके।

राजीव कुमार की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि राजीव कुमार एक कर्मठ और जनसेवी प्रतिनिधि थे, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता देवी, 9 वर्षीय पुत्री निशि पाल और 6 वर्षीय पुत्र सार्थक पाल को छोड़ गए हैं। पिता की असामयिक मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## एक नजर

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (सिविल इंजेनियरिंग) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट आर्फ टैक्नालॉजी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.टैक पंचम सेमेस्टर के छात्र सौरभ ने 80.22 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, सप्तम सेमेस्टर की छात्र पियूश कुमार ने 84.26 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। (मकेनिकल इंजेनियरिंग) तृतीय सेमेस्टर के छात्र अभीजीत शर्मा ने 70 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, पंचम सेमेस्टर की छात्रा अलका रानी ने 66.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एंव सप्तम सेमेस्टर के छात्र विदित कुमार ने 77.46 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एंव विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रिटायर्ड फौजी पर जानलेवा हमला

**बिजनौर।** नूरपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पुरैना अब्दुल रहमानपुर में एक रिटायर्ड फौजी और गन्ना किसान ब्रजपाल सिंह पर आधा दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब वह चांगीपुर शुगर मिल में गन्ना डालने जा रहे थे। नहर के पास घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन्हें बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। डायल 112 की मदद से घायल को पहले सीएचसी नूरपुर और फिर गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रैफर किया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार के अनुसार परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गेट लगाने के विरोध पर मारपीट



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी शमशाद पुत्र रमजानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही नसीम पुत्र रहीम, इमरान, शमीम पुत्र शरीफ एवं अहसान पुत्र असगर रास्ते पर गेट लगा रहे थे। शमशाद द्वारा रास्ते में गेट लगाने को लेकर विरोध करते हुए कहा कि गेट लगने से उनका रास्ता बंद हो जाएगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि शमीम पक्ष के लोग आग बबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान नसीम ने लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया, जिससे बुजुर्ग शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। थानाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार राठी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### हाथी का जन्मदिन मनाया

**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में धूमधाम से हाथी का जन्मदिन मनाया गया। हाथी के जन्मदिन में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शिरकत की। वन मंत्री के पहुंचने पर वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र में दो दिन पूर्व हाथी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए चर्च फादर फिलिप ने मंत्री के सामने चर्च में लाखों रूपए के मुआवजा की मांग के लिए प्रार्थना पत्र मंत्री को दिया। वहीं फादर फिलिप का कहना है कि इस्लामनगर पंचायत के अंतर्गत ग्राम भिक्कावाला में मुख्य मार्ग पर कैथोलिक डायसिस आफ बिजनौर गढ़वाल मुख्यालय कोटद्वार द्वारा संचालित मैट मेरीस इण्टरमीडिएट कालेज स्थित है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से निकलकर भिक्कावाला तिराहे से सेंट मेरीस गैट मेरीस कान्डेट शांति निवास स्वास्थ्य केन्द्र में होकर सेंट मेरीस इण्टरमीडिएट कालेज तक पहुंच जाते हैं। विद्यालय में क्षेत्र के पूर्व सैनिक परिवारों व अन्य ग्रामों के लगभग 1500 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। मार्ग पर हाथी व गुलदार और नील गाय विचरण करते रहते हैं। अनेक बार हाथी कालेज की चाहरदीवारी को नुकसान पहुंचा चुका है। स्कूल परिसर के आसपास बाघ को विचरण करते हुए देखा गया। सोमवार की रात्रि में दो हाथियों में चर्च परिसर आदि में आस व केले की फसलों को नुक्सान पहुंचाया है। इस क्षेत्र के निवासियों के साथ-साथ स्कूल में आने-जाने वाले अभिभावकों, शिक्षकों व बच्चों की सुरक्षा को खतरा होता रहता है। क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती संख्या और जंगलों से आबादी में आ रहे हाथियों, गुलदार जैसे वन्यजीवी को सीमा पार कर सेंट मेरीस इण्टरमीडिएट कॉलेज, कान्वेंट आदि में आने से रोकने के लिए पुराना कालागढ़ से हाइडिल कालोनी व पुराना कालागढ़ से कोटद्वार मार्ग के प्रवेशद्वार, सुरक्षा दीवार, तार बाड़ लगाने और दीवार के साथ चौड़ी गहरी खाई खोदकर वन्यजीवों कों आबादी से रोका जाये।

### छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन




**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक उपासना कौशिक संस्था की संरक्षक निर्मला कौशिक, विमला भटनागर, सृष्टि, खुशी, अनिता, कविता, आशा गोस्वामी आदि द्वारा मराठा साम्रज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व कार्यक्रम का शुभारंभ विमला भटनागर द्वारा छत्रपति महाराज जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में राखी उपासना ने बताया की छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक और एक महान योद्धा थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। शिवाजी के पिता शाहजी भोंसले और माता जीजाबाई थीं। जीजाबाई जी से उन्हें धर्म, वीरता और न्याय की शिक्षा मिली, जबकि दादा कोंडदेव ने युद्ध कला सिखायी थी।

### पिकअप ने भैंसा बुग्गी में मारी टक्कर

**नांगल सोती।** मंडावली थाना क्षेत्र के गांव प्रेमपुरी निवासी मलखान सराय आलम नहर पुलिया के समीप गन्ना क्रेशर पर भैंसा बुग्गी से खोई ढोने का काम करता है। बीती रात करीब 10 बजे मंडावली दिशा से आ रही पिकअप वाहन ने भैंसा बुग्गी में टक्कर मार दी। हादसे में मलखान व भैंसा घायल हो गए। चालक पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया।

# लुधियाना की सीटी यूनिवर्सिटी में नूरपुर की छात्रा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पंजाब के लुधियाना स्थित सीटी यूनिवर्सिटी में एक दर्दनाक हादसे में नूरपुर की 19 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। घटना से विश्वविद्यालय परिसर में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला हजरत नगर निवासी अजमल अंसारी की पुत्री शबनूर जो कि सीटी यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत थी। लिफ्ट के पास बनी सीढ़ियों पर बैठी हुई थी और अपनी सहेलियों का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खोकर नीचे गिर पड़ी। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद अन्य छात्राओं ने तत्परता दिखाते हुए शबनूर को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया और छात्र-छात्राओं में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि अजमल अंसारी पिछले लगभग 15 वर्षों से अपने परिवार सहित लुधियाना के किरपाल नगर क्षेत्र में



रह रहे थे। शबनूर परिवार की होनहार बेटी थी और उसकी असमय मृत्यु से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मामले की जांच कराए जाने की बात कही है। वहीं पुलिस ने भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। स्थानीय लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

## एक नजर

### विशेष स्वच्छता अभियान



**धामपुर।** स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत नगर में स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा व्यापक जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 17 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से नगर क्षेत्र स्थित लाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड के समीप (सारथी क्लब क्षेत्र) में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर एवं सभी शौचालयों की गहन साफ-सफाई कराई गई। नगर पालिका कर्मियों द्वारा परिसर में झाड़ू-पोछा, कचरा निस्तारण तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के बीच स्वच्छता के महत्व को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को स्वच्छता के प्रति व्यवहार में परिवर्तन लाने की अपील करते हुए सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग एकत्र करने, प्लास्टिक के उपयोग से बचने तथा विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने भी छात्राओं को स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत आगे भी नगर के विभिन्न वार्डों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इसी प्रकार स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### परवेज आदिल की वाल्दा का निधन

**नगीना।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व शिक्षक परवेज आदिल की माता का बीती शाम निधन हो गया। वो काफी समय से बीमार चल रहीं थीं। शाम को अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद उनका देहांत हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से पूरे कस्बे में शोक का माहौल है। पेशे से अध्यापक परवेज आदिल कस्बे की एक प्रमुख समाजसेवी संस्था से जुड़े हैं। पत्रकारिता व उर्दू में विशेष रुचि रखने वाले परवेज आदिल ने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया है और वे क्षेत्रवासियों के सहयोग से गरीब परिवारों की मदद करते रहे हैं। निधन की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे। उनके निधन पर सांसद चंद्रशेखर आजाद इरशाद मुल्तानी, काजी अरशद मसूद, तनवीर आलम, जुल्फिकार आलम, परवेज पाशी आदि गणमान्य लोगों ने दुख प्रकट किया है।

### युवती को बरामद करने की मांग

**नगीना।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 19 वर्षीय बहन बीते 16 फरवरी 2026 की शाम चार बजे अचानक घर से लापता हो गई। पीड़ित बड़े भाई का आरोप है कि थाना बिजनौर के ग्राम निजामपुर निवासी मनोज पुत्र मुखराम उनकी छोटी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। पुलिस का कहना है कि युवती की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

# शादी वाले घर की बिजली काटी

## मेहमानों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर की डायमंड सिटी कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शादी समारोह के बीच बिजली विभाग के कर्मचारियों ने दूल्हे के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया। घटना से परिजनों और मेहमानों में रोष व्याप्त है तथा बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार डायमंड सिटी कॉलोनी निवासी शुभम चौहान की बारात नजीबाबाद के लिए रवाना होनी थी। घर में विवाह की तैयारियां अपने अंतिम चरण में थीं। मेहमानों



की चहल-पहल और रस्मों का माहौल था। इसी दौरान बिजली विभाग का एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा और खंभे पर चढ़कर घर की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से पूर्व में किसी प्रकार की लिखित या मौखिक सूचना नहीं दी गई थी। अचानक बिजली आपूर्ति बाधित होने से विवाह की तैयारियां प्रभावित हुईं। परिवार का कहना है कि इस दौरान घर में महिलाएं, बुजुर्ग और दूर-दराज से आए मेहमान मौजूद थे, जिससे उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि बिजली बिल या तकनीकी कारणों से कोई बकाया या समस्या थी तो विभाग को नियमानुसार नोटिस देकर कार्रवाई करनी चाहिए थी। विवाह जैसे सामाजिक अवसर पर बिना पूर्व सूचना की गई कार्रवाई को लेकर कॉलोनीवासियों ने नाराजगी जताई है।

घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन एवं बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित कर्मचारी की भूमिका स्पष्ट करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

वहीं, बिजली विभाग की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी मामले में क्या कदम उठाते हैं।

# अल्लेहदादपुर स्कूल को मिली शिक्षण सामग्री

## पूर्व सैनिक कल्याण निगम ने छात्रों के लिए डेस्क-बेंच भेंट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली) द्वारा विकास क्षेत्र आकू के उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लेहदादपुर मुबारक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम की ओर से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर सुविधाओं के लिए 3,27,000 रुपये की शिक्षण सामग्री भेंट की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से 15 डेस्क कम बेंच (छात्रों के बैठने के लिए) रिवॉल्विंग चेयर्स एवं ऑफिस मेजें 4 अलमारियां और अन्य उपयोगी फर्नीचर समारोह के मुख्य अतिथि और विशिष्ट जन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम के एजीएम विंग कमांडर योगेंद्र कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ कोऑर्डिनेटर शिशुपाल सिंह और सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार विष्ट ने भी सहभागिता की। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह और डायट मेंटर मेघा शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक



अमित मलिक और सहायक अध्यापक कृष्णपाल ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर और बैज लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विंग कमांडर शुक्ला ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम प्रतिवर्ष विद्यालयों को सहायता प्रदान करता है। यहां के बच्चों की दक्षता और शिक्षण व्यवस्था अत्यंत प्रभावशाली है। निगम भविष्य में भी अपना सहयोग जारी रखेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रामअवतार सिंह द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक सुदेश कुमार चंद्रयाल, नाथे सिंह, राकेश कुमार, अखिल कुमार, सलोनी रानी, मनोज कुमार, सुरभि अग्रवाल और निगार हनीफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान निर्मल सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चौपाल कार्यक्रम में गिलाड़ी पहुंची डीएम

## पार्क द्वार, स्मारक स्थल और विदुर प्रेरणा दीदी कैंटीन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गांव गिलाड़ी का दौरा कर वहां आयोजित 'चौपाल कार्यक्रम' में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और गांव में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इसके अलावा नहटौर ब्लॉक का निरीक्षण के दौरान चौधरी चरण सिंह पार्क द्वार व नवनिर्मित स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्मारक स्थल और विदुर प्रेरणा दीदी कैंटीन का फीता काटकर लोकार्पण किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार चौपाल में डीएम ने बिजली, सड़क और आंगनवाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास की सभी योजनाएं समय पर पूरी की जाएं ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ मिल सके।

संवाद के दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के समक्ष कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखीं। जिनमें प्रमुख पानी की टंकी के निर्माण कार्य में हो रही देरी और घरों तक कनेक्शन न पहुचने की समस्या पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने गांव में एक व्यवस्थित बारात घर बनाने की मांग की। डीएम ने विशेष रूप से गांव में स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय रूप से स्वतंत्र और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव में निर्माणाधीन खेल मैदान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ को कड़े निर्देश दिए कि खेल के मैदान को जल्द से जल्द चालू किया जाए ताकि गांव के बच्चे और युवा इसका लाभ उठा सकें। इसके बाद नहटौर ब्लॉक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मंदिर परिसर में पर्यावरण का संदेश देते हुए एक पौधा रौपा। इसके अलावा चौधरी चरण सिंह पार्क द्वार व नवनिर्मित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल और विदुर प्रेरणा दीदी कैंटीन का लोकार्पण किया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह मनोज कुमार शोभित त्यागी, ग्राम प्रधान अनु देवी, उदित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# तमंचा दिखाकर युवक से छह लाख की मांगी फिरौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ट्रैक्टर से खेत पर जा रहे युवक से नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा दिखाकर छह लाख रुपए की फिरौती की मांग की। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश युवक को नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोश कर फरार हो गए। युवक को बेहोशी की हालत में नगीना के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है।

कस्बे के मौहल्ला सत्तीयान निवासी फईम अहमद पुत्र अब्दुल रहीम गुरुवार की देर रात नौ बजे के करीब ट्रैक्टर से अपने खेत मौजा खानावाला दहलावाली जा रहा था।

रास्ते में तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ट्रैक्टर को रुकवा लिया और तमंचा दिखाकर घर से छह लाख रुपए मंगवाने की मांग की। रुपए नहीं मंगवाने पर जान से मारने की धमकी दी। तब पीड़ित ने अपने भाई को घटना के बारे में जानकारी दी।

बदमाशों ने तभी उसका फोन बंद करा दिया। मांगी गई फिरौती में देरी होने पर बदमाशों ने पीड़ित को जमकर पीटा और घसीटते हुए दूसरे स्थान पर ले गए। पीड़ित के भाई ने घटना की सूचना पीआरवी पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश फईम को नशीला पदार्थ सूंघाकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने युवक को बेहोशी की हालत में नगीना के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टिय मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## शेरकोट का अवाम चेयरपर्सन शबनम व कमाल का प्रशंसक

**बिजनौर।** शेरकोट को अमनपसंद अवाम पालिका चेयरपर्सन शबनम नाज एवं उनके प्रतिनिधि व वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद कमाल की खुले दिल से प्रशंसा कर रहा है। खासतौर पर वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद कमाल ने अपनी कुशल कार्यशैली से अवाम का दिल जीत रखा है।

# गिरफ्तारी नहीं, तो होगा हाईवे जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** शिवालिक गोलीकांड को लेकर लोगों का गुस्सा थमता नजर नहीं आ रहा है। घटना के 12 दिन बाद भी मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से मृतक के परिजनों और क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इसी नाराजगी के चलते साधारणसिंह गांव के कई दर्जन लोग जनप्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को सहारनपुर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और मामले के शीघ्र खुलासे की मांग की। एसएसपी से वार्ता के दौरान अधिकारियों ने कार्रवाई के लिए दो दिन का समय मांगा। इस पर ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि रविवार तक हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वे देहरादून नेशनल हाईवे पर जाम लगाकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

मृतक शिवम राणा के परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बदमाशों द्वारा मिल रही धमकियों की सूचना पहले ही पुलिस को दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का आरोप है कि यदि पुलिस सक्रियता दिखाती तो शिवम की जान बचाई जा सकती थी।



स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भी रोष है कि चारों मुख्य आरोपियों पर इनाम घोषित होने के बावजूद वे खुलेआम घूम रहे हैं। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर पुलिस को चुनौती देने की भी बात सामने आ रही है। इससे क्षेत्र में भय और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** रास्ते में खराब ऑटो रिक्शा को दुसरे ऑटो रिक्शा के पीछे बांधकर ले जाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

नकुड थाना क्षेत्र के गांव जाजवा निवासी साहिल पुत्र रिजवान ने चिल. काना थाना पर तहरीर देकर अवगत कराया कि सोमवार की देर शाम वह अपने ऑटो रिक्शा को लेकर चिल. काना से अपने घर जा रहा था कि रास्ते में अहतराम पुत्र इस्तियाक निवासी मोहल्ला गढी कस्बा व थाना चिलकाना अपने खराब हुए ऑटो रिक्शा को मेरे ऑटो के पीछे बांधकर घर ले जाने को कहा, मेरे इंकार करने पर विपक्षी ने अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर विपक्षियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

# हर्ष फायरिंग में युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना मंडी क्षेत्र स्थित रामलीला भवन में आयोजित रिसेप्शन पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। बताया गया कि रोहित द्वारा की गई फायरिंग में शिव नामक युवक को गोली लगी। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



मृतक



आरोपी

सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सहित थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया आरोपी के दूल्हे के ताऊ के दामाद रोहित द्वारा गोली चलाई गई थी।

उनके द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया घटना का तत्काल संज्ञान लेकर घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी एंव घटना में प्रयुक्त अस्लाह की बरामदगी हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिन्दल एवं क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी और उनकी टीम ने मुकदमा में वांछित अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी मौहल्ला सरस्वती विहार कस्बा व थाना थाना भवन शामली को बाबा लालदास मन्दिर के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 लाईसेन्सी पिस्टल 0.32 बोर / 02 जिन्दा कारतूस 0. 32 बोर शस्त्र बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमें में धारा 27/30 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी थाना मण्डी उनि जगपाल सिंह चौकी प्रभारी शहादत, कॉन्स्टेबल रवि कुमार थाना मण्डी शामिल रहे। घटना मंडी थाना क्षेत्र के रामलीला भवन की है।

## बाइक किसी की और चालान किसी और का

**गंगोह।** बाइक घर पर खड़ी, मगर सहारनपुर में गलत पार्किंग करने का 500 सौ रुपये के चालान का मैसज मोबाइल पर आ गया।

ग्राम डुभर किशनपुर के उदित तोमर ने बताया कि मेरी बाइक 18 फरवरी को गांव में घर पर खड़ी हुई थी। मगर मेरी बाइक का सहारनपुर में गलत पार्किंग करने को लेकर 500 रुपये का चालान काट दिया गया है।

इसमे आश्चर्य जनक यह बात है कि मेरी बाइक हीरो पैशन एक्सटेक हैं। मगर चालान में जो बाइक का फोटो लगा है वह और कोई बाइक का है। 18 फरवरी को चालान काटने का मेरे मोबाइल नंबर पर 4 बजकर 39 मिनट पर मैसेज आया है। जिससे में विचलित हो गया हूं। कौन से तरीके से मेरी बाइक का चालान किया गया है।

# आत्मिक तिलक लगाकर किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में किन्नर समाज के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें किन्नरों को सम्मानित किया गया।

ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि ब्रह्माकुमारीज की शिक्षाओं के अनुसार आत्मा न स्त्री है, न पुरुष, बल्कि एक ज्योति स्वरूप, शुद्ध और चौतन्य शक्ति है। इसलिए आध्यात्मिक दृष्टि से सभी आत्माएँ समान हैं और परमपिता परमात्मा की संतान हैं। बीके संतोष दीदी जी ने किन्नर समाज के सभी सदस्यों को "आत्मिक स्मृति तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। यह तिलक आत्म-स्वरूप की याद दिलाने वाला था कि हम शरीर नहीं, बल्कि परमात्मा की संतान, पवित्र आत्माएँ हैं।संतोष दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में आत्मा और परमात्मा का सच्चा परिचय देते हुए कहा कि जब आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान लेती है, तब वह हीनभावना, भेदभाव और दुखों से मुक्त होकर आत्म-सम्मान और शक्ति का अनुभव करती है। परमात्मा शिव सभी आत्माओं के एक समान पिता हैं, जो हमें ज्ञान, प्रेम और शक्ति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया, जिससे सभी ने गहन शांति और आत्मिक आनंद की अनुभूति की।



पूरा कार्यक्रम प्रेम, सम्मान और आध्यात्मिक एकता का अद्भुत उदाहरण बना।

# यात्रियों की सुरक्षित यात्रा प्राथमिक जिम्मेदारी: अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के छुटमलपुर डिपो में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रोडवेज कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में यात्रियों के साथ मित्रवत व्यवहार, यातायात नियमों का सख्ती से पालन और सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने पर विशेष जोर दिया गया।

एआरएम अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी चालकों और परिचालकों को यात्रियों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। नशा मुक्त ड्राइविंग सुनिश्चित करनी होगी तथा ब्लैक स्पॉट्स के सुधार पर फोकस करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाना परिवहन निगम के कर्मचारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।उन्होंने चालकों-परिचालकों को वाहनों की नियमित फिटनेस जांच, निर्धारित गति सीमा का पालन, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा अन्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए।केंद्र प्रभारी विजय पाल ने लेन अनुशासन बनाए रखने, ओवरस्पीडिंग से बचने और शराब पीकर वाहन न चलाने पर बल दिया। उन्होंने वाहनों को फिट रखने, प्रदूषण नियंत्रण, ब्रेक-लाइट्स की नियमित जांच तथा विभिन्न प्रकार के सड़क संकेतों आदेशात्मक, चेता. वनी और सूचनात्मक का पालन करने की सलाह दी। कार्यशाला में यह भी आह्वान किया गया कि हॉर्न निषेधित क्षेत्रों में हॉर्न न बजाया जाए तथा जेबरा क्रॉसिंग नियमों का पूरा सम्मान किया जाए। इन सभी बातों को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करने की अपील की गई।



कार्यशाला में सीनियर फोरमैन मोतीलाल, समयपाल, संगम परिच. ालक वारिस चौधरी, अंकुर बालियान, संदीप, दीपू कुमार, चालक मुशर्रफ सहित कई अन्य चालक-परिचालक मौजूद रहे।

# निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विकास खण्ड मुजफ्फराबाद के कृषि ट्रेनिंग सेंटर, राजकीय बीज भंडार व कृषि रक्षा इकाई एवं मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण संयुक्त कृषि / सहायक निदेशक मृदा परीक्षण ने निरीक्षण कर कृषि योजनाओं की समीक्षा की और कृषि अधिकारीयो व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।



किसानों से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की गई। मृदा परीक्षण लैब का निरीक्षण कर मिट्टी नमूने की जांच के बारे में जब्बार खान मृदा विश्लेषक से संयुक्त कृषि निदेशक ने एक नमूना जांच अपने सामने कराया। राजकीय कृषि बीज भंडार गृहों से धान बीज खरीदने का आह्वान कर बीज भंडार केंद्र में उपस्थिति पंजिका एवं अभिलेखों के सही रखरखाव, किसानों को समय पर बीज व सब्सिडी वितरण, और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इस दौरान राजीव त्यागी,राजकुमार, निखिल मलिक, अश्वनी त्यागी एडीओ कृषि, उमेश कुमार, जब्बार खान, टीटू राम, नवीन कुमार, शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कठिन आया फिजिक्स का पेपर

**गंगोह।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की महत्वपूर्ण परीक्षा शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता इंतजामों के बीच हुई। छात्रों ने भौतिक विज्ञान कठिन विषय का पेपर दिया।

छात्र छात्राओं ने बताया कि उनका कैसा अनुभव रहा। सुबह 9 बजे परीक्षा शुरू होने से पहले ही केंद्रों पर छात्र और उनके अभिभावक जुटने लगे थे। अंदर प्रवेश से पहले छात्रों की सघन तलाशी ली गई। परीक्षा हॉल में केवल एडमिट कार्ड और जरूरी पेन-पेंसिल ले जाने की ही अनुमति दी गई। केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी निगरानी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। सुबह तय समय से पहले छात्र अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। इस दौरान सीसीटीवीकैमरों से छात्रों पर नजर रखी गई, जिससे नकल रहित परीक्षा पूर्ण हो सकी। परीक्षा देने के बाद जब विद्यार्थी केंद्र से बाहर निकले तो उनके चेहरे पर परेशानी साफ झलक रही थी। विद्यार्थियों की इन प्रतिक्रियाओं से यह स्पष्ट हो जाता है कि जो पूरे साल मेहनत से पढ़ाई करते हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं होती, जबकि आखिरी समय में पढ़ाई करने वालों के लिए परीक्षा एक चुनौती बन जाती है। गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में शफिजिक्सश (भौतिक विज्ञान) के पेपर में 122 से 120 व सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल में 89 में से 89 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। छात्र छात्राओं ने बताया कि उनका कैसा अनुभव रहा। नामदेव पब्लिक स्कूल के छात्र वर्णित सैनी ने बताया कि प्रश्नपत्र में अधिकांश सवाल घुमाने वाले रहे, जिसे हल करने में समय ज्यादा लग गया।

# सेंट्रल जोन की उपकप्तान बनी वर्णिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर वर्णिका चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर सहारनपुर का नाम रोशन किया है। वर्णिका का चयन सीनियर विमेंस इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी में सेंट्रल जोन की उपकप्तान के रूप में किया गया है।

सेंट्रल और ईस्ट जोन के बीच यह अहम मुकाबला 5 मार्च को बेंगलुरु के ग्राउंड-2 में खेला जाएगा।वर्णिका चौधरी का यह चयन उनके हालिया शानदार प्रदर्शन का नतीजा माना जा रहा है। उन्होंने पिछले सात मुकाबलों में 451 रन बनाकर चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। लगातार बेहतरीन बल्लेबाजी, मैच को संभालने की क्षमता और मैदान पर अनुशासन को देखते हुए उन्हें टीम की उपकप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इस उपलब्धि पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता और राज कुमार राजू,

**■ सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने जताया हर्ष**

मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, संयुक्त सचिव महेश शर्मा, मोहम्मद वकार, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राक. ेश शर्मा, रणधीर कपूर, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल और ललित पंवार सहित एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वर्णिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खिलाड़ी चयनित


**सहारनपुर।** हॉकी खेल के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी गोरखपुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर हॉकी बालिका प्रतियोगिता में सहारनपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगी। क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर हॉकी बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 फरवरी, 2026 तक गोरखपुर में किया जा रहा है जिसमें प्रतिभाग हेतु मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में राहुल चोपडा क्रीडाधिकारी सहारनपुर के दिशा निर्देशन में प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) की देखरेख में सम्पन्न कराया गया।

# अपने गुनाहों को माफ करने का महीना है रमजान: मुफ्ती असजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मुफ्ती असजद ने कहा कि अपने गुनाहों को माफ करने का महीना रमजान है हमे इस रमजान के महीने मे रोजे रखने के साथ साथ पाबंदी जअसे नमाज पढ़नी चाहिए इस तरह हर मुसलमान पर तालीम हासिल करना फर्ज है



शुक्रवार को कस्बे की शेखों वाली मस्जिद मे जुमा की नमाज से पहले तकरीर करते हुए उन्होंने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलकर इबादत करनी चाहिए उन्होंने कहा कि आज मुसलमान तालीम में बहुत पीछे है हर चीज का वक्त होता है जैसे रमजान के वक्त में रोजे रखे जाते हैं और नमाज वक्त पर नमाज अदा की जाती है और अगर नमाज जकात यह सब अगर वक्त पर नहीं हो तो सब निजाम खराब हो जाता है ऐसे ही तालीम वक्त पर ना हो तो इंसान की जिंदगी भी खराब हो जाती है मुफ्ती असजद ने बयान करते हुए कहा है कि मुसलमान अपनी औलाद पर खास ध्यान दें आज कल का दौर बहुत नाजुक दौर से गुजर रहा है हमारी औलाद का सही रास्ता पर चलना ही किसी दौलत से काम नहीं अगर तालीम औलाद की सही होगी तो सारी जिंदगी सही तरीके से गुजर बसर होगी ।मौत से पहले हमें मौत की तैयारी करनी चाहिए यही इस्लाम की तालीम है मुफ्ती असजद ने कहा कि तलाक को खेल न बनाए तलाक का नाम लेने से बचें हमारा मुआशरा में तलाक देने का चलन बढ़ा रहा है इसको हम सबको रोकना होगा उन्होंने बयान करते हुए कहा कि आज हमारी तालीम की कमी से हमारा मजाक उड़ाया है अल्लाह की रस्सी को अगर हर मुसलमान मजबूती के साथ पकड़ ले तो वह कामयाब हो जाता है। हमे रमजान महीने में पूरे रोजे रखने के साथ साथ पाबंदी से कलाम पाक की तिलावत करने के साथ साथ वक्त पर नमाज पढ़नी चाहिए।

# भूतेश्वर मंदिर मैदान पर आज होगी भव्य भजन संध्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा षष्ठम् फागुन के रंग श्याम के संग कार्यक्रम का आयोजन 21 फरवरी को सायं 7 बजे श्री भुतेश्वर महादेव मन्दिर के ग्राउंड स्थल पर किया जाएगा। कार्यक्रम में बाहर से आए ख्याति प्राप्त गायक बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे।

शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पहली बार सहारनपुर में माँ शाकम्भरी देवी का भव्य दरबार सजाया जाएगा, जहां श्रद्धालु माता के दर्शन कर सकेंगे। साथ ही इस बार बाबा खाटू श्याम का विशेष एवं भव्य श्रृंगार कोलकाता से मंगवाया गया है। समिति के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां पिछले एक वर्ष से की जा रही हैं और इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भजन संध्या में जयपुर से आईं प्रसिद्ध भजन गायिका रजनी राजस्थानी, जयपुर के आयु बसोमानी तथा दिल्ली से साहिल सांवरा बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति देंगे और श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अनुज अरोड़ा, सचिव प्रतीक गुप्ता, कोषाध्यक्ष निखिल गर्ग सहित अमन गुप्ता, शिवम सिंघल, अतुल गांधी, आशीष वर्मा, राजीव अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, निपुण वर्मा, शुभम चौरसिया, दीपांशु गोयल, शंशाक भाटिया, सविन गुप्ता, कशिश भंडारी, अमित वर्मा, वरुण शर्मा, हर्षित गोयल, चंदन ग्रोवर, चेतन भाटिया एवं दीपक जैन आदि उपस्थित रहे।




# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मोहल्ला महलतला स्थित गीताभवन चलती देवी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ हो गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई पूर्णाहुति में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख-समृद्धि, शांति और लोककल्याण की कामना की। यज्ञाचार्य अनुज आत्रेय के निर्देशन में विद्वान आचार्यों ने अनुष्ठान कार्य सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान दीपांशु गोयल, सचिन गर्ग, अतुल गोयल, विवेक गर्ग, अतुल मित्तल, प्रदीप गर्ग, अवधेश गोयल, प्रदीप कपाड़िया, अंकुर गर्ग एवं मनीष गोयल ने सपत्नीक सहभागिता की। श्री लक्ष्मी नारायण संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में आयोजित समारोह के दौरान भजन-कीर्तन, वैदिक अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# ऑटो पर गिरा सूखा पेड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत जनता रोड पर जा रहे एक ऑटो पर सूखा पेड़ गिरने से उसमें सवार एक ही परिवार के छह व्यक्ति घायल हो गए जिनमें दो की हालत गम्भीर बनी हुई है जिन्हें उपचार के लिए हायर सैंटर रैफर कर दिया।

मंदिर समिति रोड पर हाकम शाह कॉलोनी और एकता कॉलोनी निवासी एक परिवार रोजा इफ्तारी के लिए ऑटो में सवार होकर मुगल मजारा की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही ऑटो जनता रोड पर पहुंचा तो अचानक सड़क किनारे खड़ा एक सूखा पेड़ भरभराकर ऑटो पर गिर पड़ा जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। पेड़ गिरते ही ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत ऑटो में फंसे लोगों को बाम. ुश्किल बाहर निकाला। घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला और एक किशोरी को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल से भी प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया। घायलों की पहचान मुदस. ीर, शबाना और किशोरी अफसां के रूप में हुई है। घायल शबाना के पति मुदसीर ने बताया कि वे अपनी पत्नी शबाना, बहन अफसां और अन्य परि. जनों के साथ रिश्तेदारों के यहां रोजा इफ्तारी के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसे में उनकी पत्नी और बहन को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे कई विशाल सूखे पेड़ खड़े हैं।

# बोर्ड परीक्षा: सामाजिक विज्ञान का पेपर शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत आज आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुईं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 35,805 परीक्षार्थियों में से 34,081 उपस्थित रहे, जबकि 1,724 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी क्रम में इंटरमीडिएट कृषि शस्य विज्ञान भाग-1 एवं भाग-2 की परीक्षा में पंजीकृत 652 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 637 उपस्थित रहे और 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 31,240 परीक्षार्थियों में से 29,514 उपस्थित रहे तथा 1,726 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 67,697 परीक्षार्थियों में से 64,232 उपस्थित रहे, जबकि 3,465 परीक्षार्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। हाईस्कूल की परीक्षा 89 परीक्षा केन्द्रों पर तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम पाली में 20 एवं द्वितीय पाली में 88 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर तैनात रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं छह विभागीय सचल दलों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी अंकुर वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम एवं मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न हुई। किसी भी परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पाया गया। परीक्षा समाप्ति के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं के सील बंद बंडलों को संकलन एवं उप-संकलन केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमा कराया गया।

# सांसद ने विकास कार्यो का किया शिलान्यास




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शुक्रवार को नोएडा कनावनी गांव से सांसद निधि के कार्यो का शिलान्यास सांसद गौतम बुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के कर कमलों द्वारा किया गया। नोएडा विधानसभा के दस कार्य किये जायेगे जिनकी लागत 104 लाख रूपये है। दस कार्य दादरी विधानसभा में किये जायेगे जिनकी लागत 100 लाख रूपये है एवं ग्यारह कार्य जेवर विधानसभा में किये जायेंगे जिनकी लागत 88 लाख रूपये है। कुल 292 लाख रूपये के सभी कार्यो का आज शिलान्यास कनावनी गांव में सभी निवासियों, ग्राम प्रधान एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सांसद द्वारा फीता काटकर इन सभी कार्यो का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया।

सांसद डा. महेश शर्मा जी ने कहा कि विकास कार्य निरंतर होने वाली प्रक्रिया है जो चलती रहेगी और कनावनी क्षेत्र में भी जिन समस्याओं के बारे में आप सभी निवासियों ने मुझे अवगत कराया है उसका भी निस्तारण गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी से वार्ता कर इन सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द कराया जायेगा।

जिससे आप सभी को होने वाली असुविधाओं से छुटकारा मिले और जो भी कार्य इस क्षेत्र के लिए कराने होगे माननीय विधायक श्री पंकज सिंह जी की निधि से भी निरंतर इस क्षेत्र का विकास हो रहा है और हम अपनी निधि से भी इस क्षेत्र का विकासं करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री चंदगीराम यादव, दीपक नागर, भागवत नागर, विजय नागर, मनीष तिवारी ,देवेन्द्र शर्मा, मनोज उपाध्याय, एस.एन. झा, आदेश नम्बरदार, मुक्तानंद शर्मा, अशोक मिश्रा, प्रदीप शर्मा, राकेश शर्मा, सतपाल विष्ट, ज्योति श्रीवास्तव, देवराज पंडित, विजय चौटाला, यष कौशिक आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रवि काना की जमानत निरस्त कराने के लिए अर्जी दायर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अदालत के आदेश के बाद भी स्क्रैप माफिया रवि काना नोएडा पुलिस के सामने पेश नहीं हुआ। इस कारण नोएडा पुलिस की ओर से शुक्रवार को रवि काना की अग्रिम जमानत को निरस्त कराने के लिए अदालत में अर्जी डाली गई।

जिला जज ने इस अर्जी पर रवि काना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि तय की। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय ने 11 फरवरी को रवि काना को अग्रिम जमानत दी थी। न्यायालय ने अग्रिम जमानत देते हुए शर्ते लगाई थी कि रवि की गिरफ्तारी की स्थिति में 35 हजार रुपये के निजी मुचलके और एक जमानती पर रिहाई की जाएगी।

आरोपी किसी भी गवाह या संबंधित व्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगा। उसे सात दिन के भीतर विवेचक के समक्ष उपस्थित होकर जांच में सहयोग करना होगा। बिना ट्रायल कोर्ट की अनुमति देश नहीं छोड़ेगा।

इन शर्तों के अनुसार रवि काना को 18 फरवरी तक नोएडा पुलिस के सामने पेश होना था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। उसने नोएडा पुलिस से अपनी जान का खतरा बताते हुए जिला कोर्ट में अर्जी डाली और नोएडा पुलिस के सामने पेश होने की शर्त से छूट मांगी। न्यायालय ने उसकी अर्जी को खारिज कर दिया। इसके बाद भी रवि काना पुलिस के सामने पेश नहीं हुआ। सेक्टर-63 थाने के उपनिरीक्षक और संबंधित मामले के जांच अधिकारी अजय सिंह की ओर से शुक्रवार को रवि काना की अग्रिम जमानत को निरस्त कराने के लिए जिला जज की कोर्ट में अर्जी डाली गई। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मोहन अग्रवाल ने बताया कि न्यायालय ने रवि काना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि तय की है। इस प्रकरण में वह हाईकोर्ट में भी रवि की ओर से अर्जी लगा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर-63 थाने में पीड़ित बिल्डर शैलेंद्र शर्मा ने 14 जनवरी 2026 को माफिया के खिलाफ धमकाकर वसूली करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## तीन सगे भाई रहस्यमय परिस्थितियों लापता

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के सेक्टर म्यू-2 से बाइक पर सवार होकर निकले तीन सगे भाई रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। सेक्टर म्यू-2 निवासी हरिओम अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन पुत्र 15 वर्षीय निशांत, 10 वर्षीय शोभित और 7 वर्षीय लव कुमार 18 फरवरी को बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में तीनों की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी प्रशाली गंगवार का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# घंटे भर बाथरूम में चीखती रही छात्रा, स्कूल की लापरवाही से मचा हड़कंप

**■ परिजनों ने डीएम से की सख्त कार्रवाई की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पर रयान इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 7 की एक छात्रा के करीब एक घंटे तक स्कूल के बाथरूम में बंद रही। जिसके बाद छात्रा के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही और असंवेदनशील रवैये का आरोप लगाया है।

पीड़िता के पिता अशोक के मुताबिक, बृहस्पतिवार को लंच ब्रेक के दौरान उनकी बेटी बाथरूम गई थी। आरोप है कि इस दौरान बाहर से किसी ने शरारतन दरवाजा बंद कर दिया, जिससे वह अंदर ही फंस गई। छात्रा करीब एक घंटे तक बाथरूम में बंद रही और मदद के लिए चीखती-चिल्लाती रही। लंच समाप्त होने के काफी देर बाद जब महिला सफाई कर्मी सफाई के लिए पहुंचीं, तब आवाज सुनकर दरवाजा खोला गया और छात्रा को बाहर निकाला गया।

**शिकायत पर डांटने का आरोप:** परिजनों का कहना है कि जब छात्रा ने पूरी घटना की जानक. ारी अपनी शिक्षिका को दी, तो उल्टा उसे ही डांटा गया और श्गायब रहनेश का माफीनामा लिखवा लिया गया। इस घटना के बाद बच्ची मान. सिक रूप से डरी-सहमी हुई है और शुक्रवार को स्कूल नहीं गई।

**स्कूल ने परिजनों को क्यों नहीं दी सूचना?:** पीड़िता के पिता ने सवाल उठाया है कि जब उनकी बेटी करीब एक घंटे तक क्लास से गायब रही, तो स्कूल प्रशासन ने उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं दी। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन मामले को गंभीरता से लेने के बजाय टालने की कोशिश कर रहा है।

**प्रशासन से शिकायत:** परिजन शुक्रवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार से मिले और पूरे मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की. उनका कहना है कि इस तरह की घटना पहले भी दो वर्ष पूर्व हो चुकी है, जिससे स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है. मामले को लेकर परिजनों में रोष है और वे प्रशासनिक जांच के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### ट्रेन में पत्थर मारने एवं केबल काटने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव कर शीशे तोड़ने और डीएफसी लाइन की केबल काटने की घटनाओं का खुलासा करते हुए आरपीएफ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 17 दिसंबर को दिल्लीख्रहावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन संख्या 12877 (एक्सप्रेस) दिल्ली की ओर जा रही थी। मारीपत रेलवे स्टेशन और चिपियाना के बीच पहुं. चने पर अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया, जिससे कोच के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके अलावा 3 फरवरी को डीएफसी लाइन पर केबल कटने का मामला भी अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। 19 फरवरी को आरपीएफ को सूचना मिली कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के बढ़पुरा गांव निवासी मोहित भाटी इन घटनाओं में संलिप्त है। दादरी कोतवाली क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों पर नजर

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा पुलिस की ओर से शुक्रवार को सूरजपुर स्थित पुलिस कार्यालय में आगामी त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों पर नजर रखी जाए। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाए। बैठक में शहर के नागरिकों, समाज के प्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे आने वाले त्योहारों को आपसी भाई-चारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से अफवाह फैलाने, भड़काऊ बयान देने या धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान नागरिकों से यह भी कहा गया कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और बिना पुष्टि के कोई संदेश आगे न बढ़ाएं। यदि किसी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी और एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आरके गौतम मौजूद रहे।

### कंपनी के ट्रक से सामान चोरी के मामले आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ई-कॉमर्स कंपनी के ट्रक से सामान चोरी करने के मामले में आरोपी राजीव उर्फ राजवीर की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि मामले की प्रकृति गंभीर है। वर्तमान परिस्थितियों में अग्रिम जमानत दिए जाने का कोई न्यायोचित आधार प्रतीत नहीं होता। अभियोजन के अनुसार वादी मामचंद स्वामी ने फेज-1 कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक, जिसमें ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का कीमती माल लदा था। 9 अक्तूबर-2025 की रात दिल्ली स्थित कलेक्शन हाउस से ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हुआ था। ट्रक चालक बुलंदशहर निवासी दीपक कुमार रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बाद में ट्रक कालिंदी कुंज के पास नोएडा क्षेत्र में ओखला बर्ड सेंचुरी मेट्रो स्टेशन के पास सड़क किनारे मिला था। जिसका डिजिटल लॉक और सील टूटी हुई थी तथा माल गायब था। चालक भी मौके से फरार पाया गया। पुलिस विवेचना के दौरान सह-आरोपी जितेंद्र, संजय खान और लोकेश को गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन का कहना है कि इनके बयान के आधार पर राजीव उर्फ राजवीर का नाम प्रकाश में आया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमानत खारिज कर दी।

### फ्लैट दिलाने के नाम पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल से 61 लाख की धोखाधड़ी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एडब्ल्यूएचओ गुरजिंदर विहार टाउनशिप में फ्लैट खरीद-फरोख्त के नाम पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल से 61 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। अदालत ने बीटा 2 कोतवाली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर जांच के आदेश दिए है। गुरुग्राम निवासी पीड़ित शम्भू नाथ ठाकुर का कहना है कि वह वर्ष 2023 में लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। नवंबर 2023 में उनकी मुलाकात रियल एस्टेट कारोबारी राजू शर्मा के माध्यम से समीना अहमद उर्फ डिंपल और सौरभ उर्फ मार्शल से हुई। आरोप है कि समीना ने एडब्ल्यूएचओ गुरजिंदर विहार सेक्टर चाई-1 ग्रेटर नोएडा स्थित फ्लैट बेचने की पेशकश की। 6 नवंबर 2023 को 1.50 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ और एक लाख रुपये टोकन मनी के रूप में दे दिए गए। बाद में आरोप है कि विक्रेता ने कीमत बढ़ाकर 1.73 करोड़ रुपये कर दी। 15 जुलाई 2024 को दोनों पक्षों के बीच एग्रीमेंट टू सेल हुआ। उन्होंने और उनकी पत्नी ने विभिन्न किश्तों में लगभग 61,32,320 रुपये एडवांस के रूप में दिए।

# 20वीं मंजिल से छलांग लगाकर बीटेक छात्रा ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर जीटा स्थित पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसाइटी के स्टूडियो अपार्टमेंट से शुक्रवार दोपहर एक बीटेक के छात्र ने 20वीं मंजिल छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन तोमर (23) निवासी बड़ौत जिला बागपत के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची सूरजपुर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार बागपत निवासी हरेंद्र सिंह परिवार के साथ कोतवाली क्षेत्र में रहते हैं। वह सूरजपुर स्थित साइट-सी के पास एक केमिकल फैक्ट्री में कार्यरत था। उनका पुत्र अर्जुन तोमर मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज में बीटेक अंतिम वर्ष का छात्र था। शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे से उसने पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसाइटी के एक स्टूडियो अपार्टमेंट की 20 मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्र के पास से मिले जरूरी दस्तावेज के आधार पर परिजनों को अवगत कराया। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। युवक सोसाइटी के स्टूडियो अपार्टमेंट में बिना सुरक्षा जांच कैसे पहुंचा इसकी भी जांच की जा रही है। सोसाइटी के गार्डों से भी पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और सोसाइटी प्रबंधन से भी जानकारी ली जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## निजी स्कूलों और अस्पतालों में छूट मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने शहर के निजी स्कूलों और अस्पतालों में स्थानीय किसानों को छूट दिलाने की मांग की। इसे लेकर शुक्रवार को प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने स्कूलों और अस्पतालों जिन्हें सस्ते दर पर प्लॉट दिए गए उनके लीज डीड में छूट की शर्त है।

इसके बावजूद यह नियम 10 वर्ष से लागू नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से लीज डीड के अनुसार स्कूल और अस्पतालों में स्थानीय किसानों को मिलने वाले लाभ को दिलाया जाए, अन्यथा संगठन इस समस्या के समाधान के लिए बड़ा आंदोलन करेगा।

# ग्रेनो में सीवरेज की व्यवस्था दुरुस्त होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सीवरेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कासना स्थित मुख्य पंपिंग स्टेशन (एमएसपी) में उच्च क्षमता की पांच नई मोटर लगाने का काम जल्द किया जाएगा। इससे गंदा पानी तेज बहाव में एसटीपी तक पहुंचेगा। इस काम के लिए प्राधिकरण ने निविदा जारी की है। साथ ही जर्जर लाइन को चिन्हित किया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सीवर लाइन में आ रही दिक्कतों को चिन्हित कर उन्हें दूर किया जा रहा है।

इससे सेक्टरवासियों को अगले कुछ माह में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कार्ययोजना के तहत कासना स्थित 137 एमएलडी क्षमता के मुख्य पंपिंग स्टेशन में लगी 15 से 20 साल पुरानी बिजली की मोटर को बदला जाएगा। मोटर के खराब होने की समस्या पैदा होती रहती है। पता चला है कि इस समय पांच में से तीन मोटर ही चालू स्थिति में हैं। एक समय में दो मोटर ही चल पाती है। मुख्य पंपिंग स्टेशन में शहर के विभिन्न सेक्टरों और गांवों से आने वाले गंदे पानी को सीव. रेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक नई मोटर लगने से सीवरेज को एसटीपी तक पहुंचाने में आसानी होगी। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले एक माह में यह काम हो जाएगा। नई लाइन को चालू किया गया सेक्टर पी-3 गोलचक्कर उदमन होटल के समीप और उससे आगे एक अन्य स्थान पर क्षतिग्रस्त हो चुकी मुख्य सीवर लाइन के स्थान पर नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद उसे चालू कर दिया गया है। इससे शहर के मुख्य आवासीय सेक्टर अल्फा-1,2, बीटा-1,2, गामा-1,2, डेल्टा-1,2, 3, नॉलेज पार्क-1,2 और 3 सहित कुछ अन्य सेक्टरों तथा आसपास के गांवों में सीवरेज की व्यवस्था में सुधार हुआ है। सीवर ओवरफ्लो की शिकायतों में कमी हुई है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि सीवर की व्यवस्था में सुधार के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

जर्जर लाइन को दुरुस्त किया जा रहा है। गांवों में सीवर के कनेक्शन का काम चल रहा है। कासना स्थित मुख्य पंपिंग स्टेशन में नई मोटर लगाने के साथ अन्य कमियों को दूर किया जाएगा। इससे के सीवरेज को एसटीपी तक तेज बहाव में पहुंचाया जा सके। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सीवरेज की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। एसटीपी की संख्या बढ़ाने के लिए उन क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है, जहां पर अभी सुविधा नहीं है।

## चलती कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-132 में चलती कार के बोनट से धुंआ उठने लगा। कार महिला चला रही थी। धुंआ उठता देख महिला कार से उतर गई। महिला अपने बच्चे को स्कूल लेने जा रही थी। मिनटो में कार के बोनट में आग लग गई। आग तेजी से फैली और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और दमकल की इसकी जानकारी दी। दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान स्थानीय लोग कार का बोनट खोलने का प्रयास करते दिखे। ताकि आग को बढ़ने से रोका जा सके। लेकिन उसे खोल नहीं पाए। आग आगे से पीछे की तरफ तेजी से बढ़ी। जिससे पूरी कार जलकर राख हो गई। बताया गया कि महिला अपने बच्चे को स्कूल लेने जा रही थी। इसी दौरान थाना सेक्टर-126 के पास सेक्टर-132 की मुख्य सड़क पर कार में आग लग गई।

# निर्माणाधीन मकान की शटरिंग गिरने से दो मजदूर दबे, इलाज के दौरान एक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 के ग्राम सर्फाबाद स्थित निर्माणाधीन मकान की शटरिंग गिरने से दो मजदूर घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक मोहित पाल पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम धर्मपुर, थाना पचदेवरा, हरदोई वर्तमान पता ग्राम पर्थला, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर व जीतू पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम गंगुलियापुरा, थाना राजाखेड़ा, धौलपुर (राजस्थान) वर्तमान पता ग्राम सर्फाबाद नाम के दो मजदूर निर्माणाधीन मकान में शटरिंग लगाकर काम कर रहे थे। एकाएक शटरिंग गिरने से दोनों घायल ही गए। पुलिस द्वारा दोनों कामगारों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मोहित पाल पुत्र सुखपाल उपरोक्त की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

थाना सेक्टर-113 पुलिस व फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

# इलेक्ट्रीशियन ने गले में फंदा लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परी चौक स्थित अंसल गोल्फ लिंक सोसाइटी में किराये के मकान में रहने वाले इलेक्ट्रीशियन ने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। परि. जनों का आरोप है कि पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने खुदकुशी की। इलेक्ट्रीशियन के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्नी, उसके दो जीजा और भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बुलंदशहर के ऐदलपुर धीमरी गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह की शादी करीब 11 महीने पहले नरसेना गांव निवासी युवती से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।

पुष्पेंद्र एक निजी कंपनी में इलेक्ट्रीशियन था। परिजनों का आरोप है कि पुष्पेंद्र की पत्नी के उसके जीजा से अवैध संबंध हैं। इसके चलते पुष्पेंद्र को उसकी पत्नी, जीजा और भाई सभी मिलकर परेशान कर रहे थे। उसे आत्महत्या के लिए उकसाया जा रहा था। आरोप है कि पत्नी ने अपने भाई सुधीर की शादी के लिए पुष्पेंद्र से रुपये मांगे थे। रुपये न देने पर उससे मारपीट की गई। आरोप है कि पत्नी, उसके दो जीजा और भाई की उत्पीड़न से तंग आकर पुष्पेंद्र ने 16 फरवरी को गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परि. जनों ने पुलिस को बताया कि आत्महत्या से पहले उसने एक ऑडियो इंस्टाग्राम पर डाली थी, जिसमें उसने अपनी पत्नी, पत्नी के भाई और दो जीजा को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने पुष्पेंद्र के भाई बृजेश की शिकायत पर आरोपी पत्नी, दो जीजा देवेंद्र, सुंदर और भाई सुधीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ग्रेनो में ट्रैफिक एडवाइजरी जारी: योगी के आगमन पर बदलेंगे रूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सीएम योगी आदित्यनाथ के शनिवार यानि 21 फरवरी के प्रस्तावित दौरे को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-28 स्थित इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड (एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम) के कार्यक्रम को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेसवे और दिल्ली बॉर्डर से जुड़े मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा।

वीवीआईपी विशेष मार्ग दिल्ली के डीएनडी/चिल्ला रेड लाइट बॉर्डर से आने वाले विशिष्ट और अति. विशिष्ट अतिथि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से होते हुए जीरो प्वाइंट पहुंचेंगे। वहां से यमुना एक्सप्रेस-वे पर 26 किमी स्थित फलैदा कट से उतरकर सेक्टर-28 स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इनके वाहनों की पार्किंग मंच के दाहिने ओर निर्धारित वीआईपी पार्किंग में होगी।

दिल्ली और नोएडा से आने वाली एचसीएल और शिव नादर स्कूल की बसें भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगी। लेकिन फलैदा कट से बाईं ओर उतरकर पुराना रबूपुरा रोड होते हुए पानी की टंकी से पहले खाली बंद मार्ग पर बनाई गई पार्किंग में खड़ी की जाएंगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद यह वाहन रबूपुरा/दनकौर सर्विस मार्ग से होकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी और गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के रास्ते अपने गंतव्य की ओर लौट सकेंगे।

**मीडिया और एचसीएल कर्मियों के लिए अलग व्यवस्था:** एचसीएल कंपनी और मीडिया कर्मियों के पास लगे वाहन यमुना एक्सप्रेस-वे से फलैदा कट (26 किमी) से बाईं ओर उतरकर तीर्थली डबल सर्विस रोड से सेंट्रल वेयरहाउस बिल्डिंग के बराबर होते हुए टी-प्वाइंट से दाहिने मुड़कर निर्धारित मीडिया/एचसीएल पार्किंग में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के बाद वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

**आसपास के क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग:** ककोड, झाझर और जहांगीरपुर की ओर से आने वाले वाहन कैंची तिराहा रबूपुरा से बाईं ओर मुड़कर रबूपुरा बाईपास, तीर्थली चौराहा होते हुए यीडा ग्रीन पार्क के पीछे स्थित सामान्य पार्किंग (पानी की टंकी के पास) में वाहन खड़े करेंगे। जेवर, दयानतपुर, नगला हांडा और नगला हुकम सिंह से आने वाले वाहन तीर्थली चौराहे से यीडा ग्रीन पार्क होते हुए सामान्य पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगे।

दनकौर, रोनीजा और रबूपुरा से आने वाले वाहन डबल सर्विस रोड से फिल्मसिटी और फलैदा चौराहे से पहले पुराना रबूपुरा रोड लेकर सामान्य पार्किंग स्थल में पहुंचेंगे। एडीसीपी ट्रैफिक संतोष कुमार का कहना है कि यातायात डायवर्जन के दौरान एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकाल. ीन सेवाओं को बिना बाधा सुरक्षित निकाला जाएगा। यातायात असुविधा की स्थिति में चालक 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

**ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था:** सामान्य बस पार्किंग- सेंट्रल वेयरहाउस और पानी की टंकी के मध्य खाली प्लॉट में। पुलिस/अन्य विभाग/मीडिया/एचसीएल पार्किंगख्र वीआईपी पार्किंग के दाहिने ओर। एचसीएल/शिव नादर स्कूल बस पार्किंग। पानी की टंकी से पूर्व खाली बंद मार्ग पर।

**दिल्ली बॉर्डर पर भारी वाहनों की एंट्री रहेगी प्रतिबंधित:** वीवीआईपी आगमन वाले दिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक गौतमबुद्धनगर से दिल्ली सीमा (चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज) से प्रवेश करने वाले भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**ऐसा रहेगा डायवर्जन:** चिल्ला बॉर्डर से आने वाले वाहन यू-टर्न लेकर एनएच-9/24 से एनएच-91 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से जा सकेंगे।

डीएनडी बॉर्डर से आने वाले वाहन टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर एनएच-9/24, एनएच-91 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे का उपयोग करेंगे। कालिंदी बॉर्डर से आने वाले वाहन भी एनएच-9/24 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचेंगे।

**आगरा और परी चौक की ओर से डायवर्जन:** आगरा की ओर से आने वाले यातायात को जेवर टोल से पहले बने यू-टर्न से अलीगढ़ की ओर डायवर्ट किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर जेवर कस्बे की ओर उतारकर सबौता अंडरपास से खुर्जा बाईपास और जहांगीरपुर की ओर भेजा जाएगा।

परी चौक से आगरा की ओर जाने वाले वाहन अल्फा कमर्शियल गोलचक्कर, मेट्रो डिपो गोलचक्कर, 130 मीटर रोड और सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होते हुए बुलंदशहर और अलीगढ़ जा सकेंगे। यदि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर यातायात का दबाव अधिक हुआ तो वाहनों को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया जाएगा।

# वेटर को गोली मारने वाले आरोपी को जेल भेजा

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख गांव में बुधवार की रात सगाई समारोह में फोटो नहीं खींचने पर वेटर को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। घायल वेटर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक बिसरख गांव में बुधवार को अंकित भाटी की सगाई समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। गाजियाबाद के रिस्तल गांव का रहने वाला दुर्गेश सगाई समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश के पास अवैध पिस्तौल थी। आरोपी दुर्गेश ने फोटो नहीं खींचने पर एक वेटर पुष्पेंद्र को गोली मार दी थी।

घायल पुष्पेंद्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुता. बिक इस मामले में घायल पुष्पेंद्र के भाई दीपक ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दुर्गेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## रमजान मुबारक



**चौथा रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.30 |
| | शिया | 5.21 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.13 |
| | शिया | 6.29 |

**रोजा रोजेदार को अपनी नफ्स पर काबू ( इंद्रियों पर वश ) करना सिखा देता है ,और जो इंसान अपनी नफ्स पर काबू पा लेता है , वो गुनाहों की दलदल से बच जाता है ,और जो इंसान गुनाहों से बचना सीख जाता है वो ही अल्लाह का नेक बंदा होता है ,जो सभी के भले के लिए सोचता है इसलिए रोजे को रोजे की शान और रोजे के दर्जे के मुताबिक रखना चाहिए। कुरआन करीम**

# अकीदत के साथ अदा की गई रमजान माह के पहले जुमे की नमाज

## नगर की जामा मस्जिद पहुंचे एसएसपी अभिनंदन सिंह, जिलेभर की मस्जिदों में रहा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात, देश में अमनो अमान के लिए दुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रमजान माह के पहले जुमे की नमाज बडी ही अकीदत के साथ अदा की गयी। इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क में आपसी भाईचारे व तरक्की की दुआएं की। नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त किए गए थे। महानगर की जामा मस्जिद सहित जिलेभर की समस्त मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गयी। एसएसपी अभिनंदन सिंह ने जामा मस्जिद पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जामा मस्जिद सहित जिले भर की मस्जिदों में शुक्रवार को माह–ए–रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती अरशद गोरा ने जुमे की नमाज अदा करा पवित्र रमजान माह की महत्वता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होने कहा कि समाज में नई नई बुराईयों जन्म ले रही है जिस कारण हमारे समाज का पतन हो रहा है। उन्होने कहा कि हलाल कमाई में बरकत है और हराम कमाई इन्सान को सिर्फ नुकसान पहुंचाती है। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत से पढ़ी गई। नमाज पढ़ने के बाद नमाजियों ने गरीबों को खैरात बांटी।

एसएसपी अभिनंदन सिंह नगर की जामा मस्जिद पहुंचे। जहां उन्होनें जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद से बातचीत कर तमाम व्यवस्थाओं को देखा। जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मी तैनात किए गए और नगर निगम द्वारा मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त की गई थी।



**नकुड़।** माहे रमजान के प्रथम जुमे पर नगर की फिजा इबादत, खशूअ और रूहानी माहौल से सराबा. र रही। रोजेदारों ने बड़ी अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में अपने गुनाहों की तौबा की और मुल्क में अमन–ओ–अमान, तरक्की और भाईचारे की दुआएँ मांगीं।

नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद नकुड़ में हजारों नमाजियों ने इमाम मौलाना मुनव्वर हुसैन की इमामत में नमाज अदा की। जुमे से पूर्व अपने खुत्बे में उन्होंने रोजे के फराइज, सब्र, तकवा और इंसानियत की अहमियत पर रोशनी डाली और कहा कि रमजान आत्मशुद्धि व सामाजिक जिम्मेदारी का महीना है। इसके अलावा लक्कड़ वाली मस्जिद, शेख जादगान मस्जिद, मरकज मस्जिद बंजारान, इमली वाली मस्जिद, कघ्लंदर वाली मस्जिद, मदनी मस्जिद, पीर वाली मस्जिद, हमजा मस्जिद, उमर मस्जिद, बस स्टैंड वाली मस्जिद और जोगियान मस्जिद में भी प्रथम जुमे की नमाज पूरी अकीदत से अदा की गई।

नमाज के बाद बाजारों में रौनक देखते ही बनती थी। रोजेदारों ने इफ्तार व सेहरी के लिए खजला, सेवइयां, पापे और शीरमाल की जमकर खरीदारी की, जिससे व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक दिखाई दी। नगर पालिका ने साफ–सफाई के विशेष इंतजाम किए, जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रथम जुमे ने नकुड़ में धार्मिक एकता और अनुशासन की मिसाल पेश की।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे मुकद्दस रमजान माह के पहले जुमे की नमाज हजारो नमाजियों ने अकीदत के साथ अदा की। नमाज के बाद मुल्क में अमनो अमान, खुशहाली व तरक्की के साथ–साथ कौम की सलामती के लिए दुआएं माँगी। नमाज के बाद रोजेदारों ने ईद की तैयारी को लेकर खरीदारी भी की गई।इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से मस्जिदों के आस पास कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे।

आज मुकद्दस रमजान माह के पहले जुमे की नमाज नगर की शाही जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी, बस स्टैंड शेखों वाली मस्जिद में मुफ्ती असजद अली, मस्जिद जाहिदिया वाली मस्जिद में मुफ्ती आमिर, थाने के बराबर मे मस्जिद अबूबकर में कारी सनाउल्लाह, इमामबाड़े वाली अलीशान मस्जिद में कारी तस्लीम, मनिहारान मस्जिद में मुफ्ती तकी उल्लाह खान, मदरसा कसरुल उलूम में काजी साजिद कुरैशी, मस्जिद उमर फारूक में कारी उस्मान ने जुमें की नमाज अदा कराई ।

नमाज के बाद कौम की सला. मती व मुल्क में अमनोअमान, खुशहाली व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। नजर के अलावा गांव संसारपुर, कलसिया, , रायपुर, बाद शाहीबाग, ताजपुरा, मुजफ्फराबाद, मगनपुरा, ताजपुरा, सलेमपुर, दबकोरा, मुजफ्फराबाद, जसमौर, कुरड़ीखेड़ा आदि गाँवो में भी मुकद्दस रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस फोर्स के साथ मस्जिदों के आस पास तैनात रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस बल गश्त करता रहा। नमाज के बाद रोजेदारों ने ईद की तैयारी को लेकर जमकर खरीदारी की गई।

**छुटमलपुर।** पवित्र रमजान माह के पहले जुमे की नमाज छुटमलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में पूरे उत्साह अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नगर की प्रमुख शाही जामा मस्जिद मदरसा काशिफूल उलूम सहित अन्य मस्जिदों में नमाज के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं सुविधा के व्यापक इंतजाम किए जिसकी लोगों ने खुलकर तारीफ की शाही जामा मस्जिद में मौलाना ने जुमे की नमाज अदा कराई खुतबे में मौलाना ने रमजान के रोजों की अहमियत बताई और कहा कि यह पवित्र महीना हमें सब्र, भाईचारा नेकी और अच्छे कर्मों का मार्ग सिखाता है उन्होंने बताया कि रमजान का पहला जुमा विशेष महत्व रखता है क्योंकि इस दिन की गई दुआएं कबूल होने की उम्मीद रहती है नमाज के बाद मौलाना ने मुल्क की खुशहाली कौम की तरक्की अमन चैन तथा समृद्धि के लिए खास दुआएं मांगीं

इस अवसर पर हाफिज नाजिम, राव शाहिद, प्रधान हाजी तोहिद, मोहम्मद अतहर, मोहम्मद ताहिर, डॉ. इकबाल, हाजी अहसान, मोहम्मद उस्मान मेहताब मलिक दानिश गौड़ मास्टर, शहजाद अंसारी, मुकीम जीशान राणा, उस्मान अली, मोहम्मद अहमद, सुफियान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी

जुमे कि नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस ने पहले से ही मजबूत इंतजाम किए थे मस्जिदों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स लगाई गई ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित रखा गया ताकि नमाज के दौरान कोई अव्यवस्था न हो पुलिस ने स्थानीय लोगों और धर्मगुरुओं के साथ बैठकें कर शांति बनाए रखने की अपील की थी ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ष्हमने सभी आवश्यक कदम उठाए ताकि नमाज पूर्ण शांति से संपन्न हो

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी कमलकांत राजवंशी ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। शाही जामा मस्जिद एवं अन्य नमाज स्थलों पर साफ–सफाई का इंतजाम किया गया। सड़कों पर कचरा न फैले, इसके लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी तैनात किए गए। नगर पंचायत कर्मचारी संदीप नायक ने कहा, हमारा उद्देश्य था कि नमाज पढ़ने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

नमाज के बाद थाना प्रभारी विनय शर्मा और अधिशासी अधिकारी कमलकांत राजवंशी के इंतजामों की जमकर प्रशंसा की गई समाजसेवी मोहम्मद अतहर ने कहा कि रमजान का पहला जुमा सबसे खास दिन होता है।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में रमजान मुबारक के पहले जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदो के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा।


नगर की मस्जिदों में रमजान मुबारक के पहले जुमा की नमाज अदा करने के बाद सभी अकीदतमंदों ने हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, सलामती, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के लिए दुआएं मांगी। जामा मस्जिद कुरैशियान चिलकाना के इमाम मौलाना मुअव्वज ने रमजान की फजीलत बयान की तथा रोजा रखने के साथ साथ पाबंदी से नमाज पढ़ने को कहा।

जुमा की नमाज जामा मस्जिद कुरैशियान में मौलाना मुअव्वज, मस्जिद अंसरियान में मुफ्ती हैदर अली, मस्जिद जंगल वाली में मौलाना इस्माईल, मस्जिद छप्पर वाली में कारी नदीम, मस्जिद जोहड़ी वाली में मौलाना अब्दुल माजिद, मदरसा तहफिजुल कुरान में मौलाना अहबाब ने अदा करवाई।

वहीं क्षेत्र के ग्राम घाटहेड़ा, बुड्ढाखेड़ा, कातला, संगमौर, पटनी, सीकरी, पटना, दुमझेड़ा, दुमझेडी, चालाकपुर, टोडरपुर, पठेड़, दूधगढ़, सालीरी, गुमटी, मलकपुर, फिरोजाबाद आदि गांवों में भी जुमा की नमाज शंतिपूर्ण रूप से अदा की गई।

**गंगोह।** मुकद्दस रमजान के पहले जुमे की नमाज क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई।







इस समय पवित्र रमजान माह का पहला अशरा चल रहा है। इस मुकद्दस माह में मुसलमान बड़े ही अदब–अहतराम के साथ नमाज रोजे में लगे हुए हैं। शुक्रवार को इस पवित्र माह के पहले जुमे की नमाज विभिन्न मसजिदों मे बड़े ही अकीदत के साथ पढ़ी गई। मदरसा अशरफ उल–उलूम मस्जिद, जामा मस्जिद, बहारली मस्जिद, पठानों वाली मस्जिद, पीठ बाजार, नूरी मस्जिद के अलावा लखनौती, सांगाठेड़ा व कुंडा की अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। सभी मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा रही। नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई व्यवस्था करायी गई।

पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई। पुलिस प्रशासन कहा कि प्रशासन के द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी लोग अपना सहयोग दे।और जो शांति व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करेगा, वह सीधा जेल में होगा। पुलिस बख्शीश नहीं करेगी।

## शांतिभंग में 14 महिलाएं गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला थाना पुलिस ने शांति भंग के आरोप में 14 महिला आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

महिला थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक श्रीमती कुसुम भाटी राणा, उपनिरीक्षक मोनिका यादव, उपनि. रीक्षक अरशिया कुरैशी के नेतृत्व में शांति भंग की धारा–170, 135 व 125 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिलाओं में मीरा पत्नी रामलाल, ग्रेसी थॉमस पुत्री रामलाल, राजकुमारी पत्नी अरविंद, वंदना पत्नी कार्तिक, दयावती पत्नी किशन, ओमवती पत्नी रमेश, शिमला पत्नी महेंद्र निवासीगण कस्बा गागलहेड़ी, बबली पत्नी जगविंदर निवासी सरगथल, बबली पत्नी सेठपाल निवासी तिवाया नवादा, रेखा पत्नी शिवकुमार निवासी पिलखना थाना गागलहेड़ी धर्मबीरी पत्नी जोगेंद्र निवासी ग्राम ताजपुरा थाना नागल, गीता पत्नी कर्मसिंह निवासी ग्राम हरडेकी, मोना पत्नी अंकुश निवासी पिलखना व मुकेश पत्नी नैनसिंह निवासी हसनपुर थाना सदर बाजार शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक भाटी राणा ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिलाएं पुलिस लाईन परिसर में टिन शेड में कस्बा गागलहेड़ी में चर्च के कब्जे को लेकर आपस में झगड़ रही थी।

# स्वच्छता को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाएं: डा.अजय




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा.अजय सिंह ने कहा कि सभी लोग स्वच्छता को रोजमर्रा की अपनी कार्य संसकृति का हिस्सा बनाये।

डा.अजय सिंह ने यह बात आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025–26 के दृष्टिगत सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में मंडल की समस्त नगरीय निकायों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला में कही। इससे पूर्व डा.अजय व नगर आयुक्त शिपू गिरी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। डॉ अजय कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल रैंकिंग की प्रतिस्पर्धा नहीं, यह हमारे शहर की साख, नागरिकता और जिम्मेदारी की गंभीर परीक्षा है। भारत सरकार द्वारा तय मानकों पर खरा उतरना तभी संभव है जब हमारा प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक सहयोगी संस्था और प्रत्येक नागरिक इस अभियान को अपना व्यक्तिगत संकल्प मानकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि आज का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमें नए मानक, नई तकनीक, साक्ष्य.आधारित कार्यशैली और परिणामोन्मुखी सोच से जोड़ने का काम करेगा। उन्होंने आह्वान किया कि कचरा पृथक्कीकरण, समय पर संग्रहण, स्वच्छ सड़कों.गलियों तथा जन. जागरूकता को अपनी रोजमर्रा की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाएं। स्वच्छता केवल नगर निगम का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व बने।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा कि संकल्प मजबूत हो तो सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलते हैं। अब समय आ गया है कि हमारा शहर भी स्वच्छ सर्वेक्षण में न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन करे, बल्कि प्रथम स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य सामने रखकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन पर दिखने वाली स्वच्छता, शत. प्रतिशत नागरिक फीडबैक और हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी।उन्होंने कहा कि हमारी नालियाँ, सड़कें और गलियाँ तभी चमकेंगी जब हमारे मन भी स्वच्छ होंगे। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीन शाह, लखनऊ से आये नोडल एक्सपर्ट विश्व विजय प्रताप सिंह एवं ट्रेनिंग एसपीओसी ऋषभ ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जल पुरूषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व ए ई स्वप्निल जैन सहित विभिन्न निकायों के अनेक अधिकारी उपस्थित थे। संचालन जसलीन जुनेजा ने किया।

# स्वयंसेवकों ने लिखे स्लोगन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवको ने कार्यक्रम अधिकारी पूजा के दिशा–निर्देशन में ग्राम वजी. रपुर में सार्वजनिक स्थलो की दीवारो पर स्वच्छता, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण विषयक स्लोगन लिखे,

संचालन में डॉ गजेंद्र कुमार ने योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह, डॉ. अभिलाष कुमार, संदीप कुमार, विनीत, ओमबीर व अंशिका, कोमल, नवाजिश, मधु, रविता, आरती, अंतिमा, अंचल मौजूद रहे।

**भुगतान किया:गंगोह।** उत्तम शुगर मिल शेरमऊ ने भुगतान में अग्रणी रहते हुए 10 .02.2026 तक का सभी किसानों का समितिवार गन्ना मूल्य भुगतान किया है। गन्ना मिल अधिकारी इंद्र प्रकाश यादव ने बताया कि सहारनपुर गन्ना समिति रू. 8,68,21,855.52, सरसावा गन्ना समिति रू 9,02,25,644.79, नानौता गन्ना समिति रू 4,44,05,803.11, ऊन गन्ना समिति रू 1,70,70,618.04 व बेहट गन्ना समिति रू 26,90,613.16 अर्थात् सभी समितियों का कुल गन्ना मूल्य भुगतान रू 24,12,14,534.62 सभी किसान भाईयों के खाते में भेज दिया गया है ।

## जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप, तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ग्राम बीराखेड़ी निवासी हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिलाध्यक्ष रोहित प्रधान ने कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

रोहित प्रधान पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि जनपद शामली के ग्राम बराला, थाना कैराना निवासी नदीम पुत्र शब्बीरा व नौमान गुर्जर व उनके कुछ अज्ञात साथियों ने गाली–गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। आरोपियों द्वारा रची जा रही साजिश से संबंधित एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उसने पुलिस को सौंपी है। उक्त ऑडियो की पेन ड्राइव में पुलिस को सौंपते हुए उसने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। आशंका जताई कि आरा. पी किसी भी समय उनके साथ या उनके परिवार के साथ अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने मानी बेहट विधायक उमर अली खान की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। क्षेत्रीय विधायक उमर अली खान द्वारा सदन में उठाई गई मांग पर सकारात्मक कदम उठाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बेहट क्षेत्र में धान एवं गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए जाने की मांग को स्वीकार कर लिया है।

दरअसल, विधानसभा सत्र के दौरान विधायक उमर अली खान ने उत्तर प्रदेश की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2023 के नियम 51 के अंतर्गत किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा था कि बेहट क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर–दराज के क्षेत्रों अथवा दूसरे प्रदेशों तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं समय संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में विशेष सचिव मौहम्मद मुशाहिद द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है, विधायक के प्रयासों के बाद अब क्षेत्र में धान और गेहूं क्रय केंद्र खुलने की उम्मीद जगी है। यदि यह केंद्र स्थापित होता है तो किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा और परिवहन खर्च से भी राहत मिलेगी। किसानों और क्षेत्रवासियों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही क्रय केंद्र की स्थापना की प्रक्रिया शुरू होगी।





















Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जरूरत रोजगार की

गुरुवार को जिस तरह सुप्रीम कोर्ट सरकारों द्वारा लोगों को दी जाने वाली मुफ्त योजनाओं पर भड़का है, उससे साफ है कि पानी अब सिर से गुजरता जा रहा है। हालांकि यह हमेशा से ही विवाद का विषय रहा है कि सरकार तरह-तरह के प्रलोभन देकर जनता को क्यों लुभाती है,जबकि वह अच्छी तरह जानती है कि वह इतनी अच्छी स्थिति में नहीं है, जो मुफ्त की योजनाओं का भार वहन कर सकें, लेकिन हम देखते हैं कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए वह किसी भी सीमा तक पहुंच जाती है। विशेषकर मुफ्त बिजली पानी की चर्चा बहुत होती है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम बनाम भारत सरकार केस की सुनवाई करते हुए कठोर टिप्पणी की। निगम को उपभोक्तों की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को मुफ्त बिजली देने के वादा करने के लिए फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश सवाल किया कि हम पूरे भारत में किस तरह का कल्चर बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने माना कि यह तो समझ में आता है कि एक वेलफेयर सिस्टम के तहत उन लोगों को बिजली देनी चाहिए, जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो दे सकते हैं और जो नहीं दे सकते, उनके बीच फर्क किए बिना अगर बांटना शुरू करते हैं, तो क्या यह एक तरह की तुष्टिकरण पॉलिसी नहीं होगी। उन्होंने बेहद तीखे शब्दों में यह भी कहा कि कभी-कभी हम सच में परेशान हो जाते हैं। भले ही आप एक रेवेन्यू सरप्लस राज्य हों। इस समय बात तमिलनाडु की हो रही है, जो 50 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने की बात कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बात पर टिप्पणी की है। कोर्ट का मानना है कि किसी की सहायता करना कोई बुरी बात नहीं, लेकिन जिनको सहायता की जरूरत है और जिनको नहीं, उनके बीच अंतर तो होना ही चाहिए। सबके साथ एकजैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। कोर्ट की नजर में यह व्यवहारिक नहीं है। यूं भी यह बात केवल तमिलनाडु की नहीं है। करीब-करीब हर राज्य की है, यहां तक कि केंद्र सरकार भी इससे बची हुई नहीं है और इस सच्चाई से भी हर कोई वाकिफ है कि राजनीतिक लोग मुफ्त में कुछ भी नहीं देते। लोक लुभावन वादों में राजनीतिक दलों का अपना हित जुड़ा होता है। देखने में भी आता है जब-जब चुनाव नजदीक होते हैं, तभी मुफ्त योजनाओं की झड़ी लग जाती है। इस हमाम में सभी नंगे हैं। निश्चित रूप से भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस ओर सरकारों का ध्यान दिलाकर एक प्रशंसनीय कार्य किया है और उम्मीद जगाई है कि तमाम सरकारें इस ओर ध्यान देंगी और लोगों द्वारा दिए जा रहे राजस्व का पूरा ध्यान रखेंगी। सबसे बड़ी बात जो सुप्रीम कोर्ट ने कही वह यह कि फ्री की चीजें लोगों को आलसी बनाती हैं। इसलिए जरूरत फ्री की चीजों की नहीं बल्कि उनको रोजगार देने की है। रोजगारों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर बड़ा संदेश



एआई पर आयोजित विश्व सम्मेलन भारत की क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन है, इसमें विश्व के बड़े नेताओं की मौजूदगी एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर बड़ा संदेश देने वाली है, राफेल सौदा रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी है, इसमें बड़ी बात यह है कि राफेल के कुछ हिस्सों का निर्माण भारत में होना ज्यादा महत्वपूर्ण है, राफेल मामले में वह सरकार का समर्थन करते हैं, आई सम्मेलन के शुरुआती दिन बेहद सफल रहे हैं, कुछ छोटी-मोटी दिक्कतें आई, लेकिन बड़े आयोजनों में ऐसा होना आम बात है, विभिन्न मुल्कों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य विश्व नेताओं की मौजूदगी इस आयोजन में अत्यंत प्रभावशाली रही है।

**-शशि थरूर, लोकसभा सदस्य, कांग्रेस**

# युवा स्वर और मातृभाषा: युवाओं की आवाज बने आधार

मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा। मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषाई तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है।

यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 का विषय है 'बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की राय', जो भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की रक्षा, पुनर्जीवन और उपयोग में युवाओं की आवश्यक भूमिका को उजागर करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि शिक्षा प्रणाली समावेश को बढ़ावा देने के लिए शिक्षार्थियों की मातृभाषाओं को पहचानती और उनका समर्थन करती है। 2025 में यह दिवस 'भाषाएं मायने रखती हैं, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2024 और 2023 की थीम क्रमश: 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' तथा 'बहुभाषी शिक्षा: शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग: चुनौतियां और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'।




संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरूआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से नब्बे फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है। लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए भारत में 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण' योजना भी चलाई जा रही है। यूजीसी देश में उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा 'लुप्तप्राय भाषाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्र की स्थापना' योजना के तहत कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहयोग करता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माध्यम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350 ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्एक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषाई अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।

सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरूआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण भारत की फिल्टर कॉफी

**इतालवी लोग कॉफी को कई तरह से बनाते हैं। मसलन एस्प्रेसो कॉफी में, उच्च दाब पर कॉफी पावडर से गर्मा-गरम पानी गुजारा जाता है। दक्षिण भारतीय फिल्टर कॉफी आम तौर पर गर्म दूध डाल कर पी जाती है। कॉफी में दूध मिलाने से उसका स्वाद और महक बढ़ जाते हैं। दरअसल, जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री के जनवरी 2023 के अंक में यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन, डेनमार्क के शोधकर्ताओं द्वारा प्रका. शित एक पेपर बताता है कि दूध वाली कॉफी पीना शोथ-रोधी असर दे सकता है। दूध में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट की उपस्थिति रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने वाली कोशिकाओं को सक्रिय करने में मदद करती है।**

वेबसाइट स्टेटिस्टा बताती है कि ब्राजील, वियतनाम, कोलंबिया, इंडोनेशिया, इथियोपिया और होंडुरास के बाद भारत दुनिया का छठवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है। 2022-23 में भारत में करीब 4 लाख टन कॉफी का उत्पादन हुआ है।

डॉ. केटी अचया अपनी पुस्तक इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पेनियन में लिखते हैं कि 14वीं-15वीं शताब्दी में कॉफी मध्य पूर्व से कोहा नाम से भारत आई और बाद में कॉफी कहलाने लगी। कुछ ब्लॉगर्स लिखते हैं कि औपनिवेशिक अंग्रेजों ने मैसूर से यूरोप तक भारतीय कॉफी का व्यावसाईकरण किया था। स्रोत के फरवरी 2020 के अंक में प्रकाशित अपने एक लेख में मैंने लिखा था कि कॉफी एक स्वास्थ्यवर्धक पेय है। मेटा-विश्लेषण से पता चलता है कि कॉफी में कई विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इस तरह यह एक ऐसा स्वास्थ्यकारी पेय है जो हमारे आमाशय की को. शिकाओं को ऑक्सीकारक क्षति से बचाता है और टाइप-2 डायबिटीज और बढ़ती उम्र से जुड़ी कई बीमारियों के जोखिम को कम करता है, लेकिन इसकी अति से बचना चाहिए एक दिन में पांच कप से ज्यादा नहीं। दक्षिण भारतीय कॉफी वास्तव में भुने हुए कॉफी के बीज और भुनी हुई चिकरी की जड़ों के पावडरों का मिश्रण होती है। चिकरी की यह मिलावट ही दक्षिण भारतीय कॉफी को खास बनाती है, लेकिन चिकरी है क्या? यह मूलत: यूरोप और एशिया में पाई जाने वाली एक वनस्पति है। इसकी जड़ में इनुलिन नामक एक स्टार्ची पदार्थ होता है। यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। यह गेहूं, प्याज, केले, लीक (हरी प्याज सरीखी सब्जी), आर्टिचोक (हाथी चक) और सतावरी सहित विभिन्न फलों, सब्जियों और जड़ी-बूटियों में पाया जाता है। चिकरी की जड़ हल्का-सा विरेचक (दस्तावर) असर देती है और सूजन कम करती है। यह बीटा कैरोटीन का भी एक समृद्ध स्रोत है। यह कॉफी के मुकाबले कोशिकाओं को ऑक्सीकारक क्षति से बेहतर बचाता है। इसके अलावा, चिकरी में कैफीन भी नहीं होता, जिसके कारण बेचौनी और अनिद्रा की शिकायत होती है। दूसरी ओर कॉफी में कैफीन होता है। यही कारण है कि दक्षिण भारतीय तरीके से (कॉफी और चिकरी पाउडर मिलाकर) कॉफी बनाना एक अच्छी परम्परा लगती है- इस मिश्रण में 70 प्रतिशत कॉफी और 30 प्रतिशत चिकरी पावडर मिलाते हैं। स्वादानुसार ए प्रतिशत अलग भी हो सकते हैं। भारत में कॉफी बागान कहां-कहां हैं?

इसके अधिकतर बागान कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के पहाड़ी क्षेत्रों में हैं। फिर आंध्र प्रदेश (अरकू घाटी) और ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम के पहाड़ी क्षेत्रों में और पूर्वोत्तर भारत के सेवन सिस्टर्स पहाड़ों में कॉफी के बागान हैं। चिकरी मुख्यत: उत्तर प्रदेश और गुजरात में उगाई जाती है। दिलचस्प बात यह है कि इन दोनों राज्यों में ज्यादातर लोग चाय पीते हैं, कॉफी नहीं। अच्छी बात यह है कि तुलनात्मक रूप से प्रति कप चाय में भी कम कैफीन होता है। दुनिया के कई हिस्सों में लोग बिना दूध वाली ब्लैक कॉफी पीते हैं। इतालवी लोग कॉफी को कई तरह से बनाते हैं। मसलन एस्प्रेसो कॉफी में, उच्च दाब पर कॉफी पावडर से गर्मा-गरम पानी गुजारा जाता है। दक्षिण भारतीय फिल्टर कॉफी आम तौर पर गर्म दूध डाल कर पी जाती है। कॉफी में दूध मिलाने से उसका स्वाद और महक बढ़ जाते हैं। दरअसल, जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री के जनवरी 2023 के अंक में यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन, डेनमार्क के शोधकर्ताओं द्वारा प्रकाशित एक पेपर बताता है कि दूध वाली कॉफी पीना शोथ-रोधी असर दे सकता है। दूध में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट की उपस्थिति रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने वाली कोशिकाओं को सक्रिय करने में मदद करती है। दूध वाली कॉफी के स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन करने के लिए शोधकर्ताओं ने मनुष्यों पर परीक्षण शुरू कर दिए है। इसमें कोई संदेह नहीं कि कॉफी के शौकीन भारतीय लोग इस ट्रायल में जरूर शामिल होना चाहेंगे।



# शीतलन पर शोध : सिर्फ शरीर को ठंडा करके चल जाएगा काम

**समस्या तब शुरू होती है जब गर्मी के दिनों में बाहर का परिवेश शरीर की तुलना में गर्म हो जाता है, और शरीर पर्याप्त ऊष्मा नहीं बिखेर पाता। एकमात्र तरीका होता है कि पसीना आए जिसके वाष्पीकरण के माध्यम से शरीर की गर्मी बाहर निकल सके, लेकिन आसपास का परिवेश उमस ( नर्मी भरा हो तो पसीना आना कारगर नहीं होता है बल्कि बेचैनी बढ़ जाती है क्योंकि पसीने का वाष्पीकरण नहीं हो पाता। प्रोसिडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में शोधकर्ताओं ने जिस तरीके का उपयोग किया है उसमें उन्होंने कमरे में एक विशेष रूप से निर्मित पर्याप्त ठंडी सतह लगाई है जो मानव शरीर द्वारा उत्सर्जित ऊष्मा को अवशोषित तो करेगी लेकिन उसे पर्यावरण में वापस नहीं छोड़ेगी, यानी यह एकतरफा रास्ते ( वन-वे ) की तरह काम करेगी। तो सवाल है कि कोई भी ठंडी सतह यह काम क्यों नहीं कर सकती? इसलिए कि कमरे की कोई भी साधारण सतह या चीज आसपास बहती गर्म हवा के संपर्क में आकर जल्दी गर्म हो जाएगी।**

गर्मी से राहत पाने के लिए हम अपने कमरे या अपने आसपास की जगह को ठंडा करने का जो तरीका अपनाते हैं, उससे हम उन चीजों को भी ठंडा कर देते हैं जिन्हें ठंडा करने की जरूरत नहीं होती। किसी कमरे में मौजूद चीजों की ऊष्मा धारिता, जिन्हें एयर कंडीशनर (एसी) ठंडा कर देता है, लोगों की ठंडक की जरूरत की तुलना में कई गुना अधिक होती है। हाल ही में ETH इंस्टिट्यूट के सिंगापुर परिसर के एरिक टिटेलबौम और उनके दल ने प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में विकिरण शीतलन (रेडिएटिव कूलिंग) पर एक अध्ययन प्रकाशित किया है। इस तकनीक में शरीर की गर्मी बाहर निकलेगी और शरीर ठंडा तो होगा, लेकिन आसपास की चीजों को ठंडा करने में ऊर्जा जाया नहीं होगी। जिस तरह हम किसी वस्तु पर रंगीन रोशनी तो डाल सकते हैं, लेकिन हम उस पर अंधेरा नहीं डाल सकते, उसी तरह गर्म वस्तुएं अपनी गर्मी तो बाहर छोड़ती या बिखेरती हैं, लेकिन ठंडी चीजें अपनी ठंडक बाहर छोड़ती या फैलाती नहीं हैं, लेकिन ठंडी चीजें जितनी ऊष्मा उत्सर्जित करती हैं उसकी तुलना में अधिक ऊष्मा अवशोषित करती हैं और ठंडी चीजों की मौजूदगी गर्म चीजों को अपनी ऊष्मा खोने और ठंडी होने में मदद करती है, तो सवाल सिर्फ उन चीजों को शीतल करने का है जिन्हें ठंडा करने की जरूरत है। आम तौर पर हम गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडक देने के लिए जिस तरीके का उपयोग करते हैं, वह है एयर कंडीशनिंग या वातानुकूलन। इसमें कमरों में ठंडी हवा छोड़ी जाती है और सर्दियों में लोगों को गर्माहट देने के लिए हम रेडिएटर्स या गर्म वस्तुओं का उपयोग करते हैं, जो कमरे की हवा को गर्म कर देते हैं, हालांकि लोग सीधे भी इन रेडिएटर्स की गर्मी को महसूस कर सकते हैं। ठंडा करने के लिए एकमात्र व्यावहारिक तरीका है कि हवा को शीतलक से गुजार कर ठंडा किया जाए और फिर इस ठंडी हवा को कमरे में फैलाया जाए (सिर्फ पंखे का उपयोग करें तो उसकी हवा से शरीर का पसीना वाष्पित होकर थोड़ी ठंडक महसूस कराता है)। इस तरह ठंडे किए जा रहे कमरे में लोग ठंडक या आराम महसूस करने लगें उसके पहले ठंडी हवा को दीवारों, फर्नीचर और फर्श को ठंडा करना पड़ता है। मानव शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस रहता है। चूंकि आसपास का परिवेश आम तौर पर अपेक्षाकृत ठंडा होता है, तो शरीर के भीतर ऊष्मा उत्पादन और बाहर ऊष्मा ह्रास के बीच संतुलन रहता है। यह ऊष्मा ह्रास मुख्य रूप से विकिरण के माध्यम से होता है। इस प्रक्रिया में गर्म शरीर परिवेश से अवशोषित ऊष्मा की तुलना में अधिक ऊष्मा बिखेरता है। कुछ ऊष्मा ह्रास हवा के संपर्क से भी होता है, लेकिन इस तरह से बहुत ज्यादा ऊष्मा बाहर नहीं जाती है, क्योंकि हवा की ऊष्मा धारिता कम होती है। समस्या तब शुरू होती है जब गर्मी के दिनों में बाहर का परिवेश शरीर की तुलना में गर्म हो जाता है, और शरीर पर्याप्त ऊष्मा नहीं बिखेर पाता। एकमात्र तरीका होता है कि पसीना आए जिसके वाष्पीकरण के माध्यम से शरीर की गर्मी बाहर निकल सके, लेकिन आसपास का परिवेश उमस (नर्मी भरा हो तो पसीना आना कारगर नहीं होता है बल्कि बेचैनी बढ़ जाती है क्योंकि पसीने का वाष्पीकरण नहीं हो पाता। प्रोसिडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में शोधकर्ताओं ने जिस तरीके का उपयोग किया है उसमें उन्होंने कमरे में एक विशेष रूप से निर्मित पर्याप्त ठंडी सतह लगाई है जो मानव शरीर द्वारा उत्सर्जित ऊष्मा को अवशोषित तो करेगी लेकिन उसे पर्यावरण में वापस नहीं छोड़ेगी, यानी यह एकतरफा रास्ते (वन-वे) की तरह काम करेगी। तो सवाल है कि कोई भी ठंडी सतह यह काम क्यों नहीं कर सकती? इसलिए कि कमरे की कोई भी साधारण सतह या चीज आसपास बहती गर्म हवा के संपर्क में आकर जल्दी गर्म हो जाएगी। इसके अलावा, हवा में मौजूद नमी ठंडी सतह पर संघनित हो जाएगी और संघनन की प्रक्रिया से अत्यधिक ऊष्मा मुक्त होती है। वातानुकूलन के मामले में, दरअसल, कमरे में प्रवाहित हो रही हवा को सुखाने में जितनी ऊर्जा लगती है, वह ऊर्जा उस हवा को ठंडा करने में लगने वाली ऊर्जा से कहीं अधिक होती है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने जो व्यवस्था बनाई है वह इन दोनों प्रभावों को ध्यान रखती है और ठंडी सतह को केवल उस पर पड़ने वाले विकिरण द्वारा ऊष्मा सोखने देती है। शोधकर्ताओं द्वारा बनाई गई यह व्यवस्था धातु की चादर लगी एक दीवार थी जिसे ठंडे किए गए पानी की मदद से 17 डिग्री सेल्सियस पर रखा गया था। इस व्यवस्था को उन्होंने सिंगापुर में एक तंबू को ठंडा करने में आजमाया, जिसका तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस था।

आम तौर पर, हवा (संवहन द्वारा) धातु की चादर को गर्म कर देती है, लेकिन यहां ऐसा न हो इसलिए इस व्यवस्था में एक कम घनत्व वाली पॉलीएथलीन झिल्ली को इंसुलेटर के रूप में धातु की चादर के ऊपर लगाया गया था। अध्ययन के अनुसार, हम ऊष्मा स्थानांतरण के इस अवांछित संवहन को हटा पाए। बहरहाल, यह झिल्ली विकिरण ऊष्मा के लिए पारदर्शी थी और तंबू में मौजूद लोगों के गर्म शरीर का ऊष्मा विकिरण इससे गुजर सकता था ताकि उसे अंदर की ठंडी सतह सोख सके। हवा से संपर्क वाली सतह को इन्सुलेशन झिल्ली ने अधिक ठंडा होने से बचाए रखा जिसकी वजह से संघनन नहीं हो पाया। परीक्षणों में देखा गया कि 66।5 प्रतिशत आर्द्रता होने पर भी 23.7 डिग्री सेल्सियस (जिस तापमान पर संघनन शुरू होता है) पर भी दीवार की सतह पर कोई संघनन नहीं हुआ था। अध्ययन के अनुसार, दीवार के अंदर से गुजरता ठंडा पानी संघनन तापमान से भी कम, 12।7 डिग्री सेल्सियस, तक भी ठंडा रखा जा सकता है। मानव आराम के बारे में क्या? सिंगापुर में 8 से 27 जनवरी के दौरान, जब वहां गर्मी का मौसम पड़ता है, 55 लोगों के साथ यह देखा गया कि उन्होंने कैसी ठंडक महसूस की। 55 लोगों में से 37 लोगों ने तंबू में तब प्रवेश किया था जब शीतलन प्रणाली चालू थी और बाकी 18 लोगों ने तब प्रवेश किया जब शीतलन प्रणाली बंद थी। जिस समूह ने शीतलन प्रणाली चालू रहते प्रवेश किया था, उन्होंने 79 प्रतिशत दफे तंबू में तापमान संतोषजनक बताया। यह देखा गया कि वहां मौजूद गर्म वस्तुओं ने अपनी गर्मी अवशोषक दीवार को दे दी थी और सबसे गर्म वस्तुएं मनुष्य थे और उन्होंने ही सबसे अधिक ऊष्मा गंवाई। हालांकि, हवा (या तंबू) का तापमान बमुश्किल ही कम हुआ था, 31 डिग्री सेल्सियस से घटकर यह सिर्फ 30 डिग्री सेल्सियस हुआ था। इस अंतिम अवलोकन से पता चलता है कि हवा को ठंडा करने में बहुत कम ऊर्जा खर्च हो रही थी, जबकि पारंपरिक शीतलन प्रणालियों में तापमान घटाने के लिए मुख्य वाहक हवा ही होती है। इस तरह इस अध्ययन में प्रस्तुत यह तकनीक एयर कंडीशनर की जगह बखूबी ले सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस तकनीक से ऊर्जा की खपत में 50 प्रतिशत तक कमी आ सकती है, सिर्फ ऊष्मा सोखने वाली दीवारों तक ठंडे पानी को पहुंचाने में ऊर्जा लगेगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि विश्व की कुल ऊर्जा खपत में से एयर कंडीशनिंग की ऊर्जा एक बड़ा हिस्सा है और इसके बढ़ने की संभावना है। नई प्रणाली का एक अन्य लाभ यह है कि ठंडे किए जा रहे स्थान खुली खिड़की वाले, हवादार भी हो सकते हैं। एयर कंडीशनिंग में, किफायत के लिहाज से यह मांग होती है कि अधिकांश ठंडी हवा को पुन: कमरे में घुमाया जाता रहे। तब ऑफिस में यदि कोई व्यक्ति सर्दी-जुकाम (या ऐसे ही किसी संक्रमण) से पीड़ित हो तो पूरी संभावना है कि वह बाकियों को भी अपना संक्रमण दे देगा। विकिरण शीतलन (रेडिएंट कूलिंग) की तकनीक काम करती है क्योंकि मानव शरीर से निकलने वाली ऊष्मा आसपास की हवा द्वारा नहीं सोखी जाती है जिसे वापस मुक्त कर दिया जाए वह तो ठंडी सतह तक पहुंच सकती है। वैसे, धरती के पैमाने पर देखें तो वायुमंडल ऊष्मा को पृथ्वी से बाहर नहीं निकलने देता है, यही कारण है कि रात में पृथ्वी बहुत ठंडी नहीं होती है और इसलिए वायुमंडल में परिवर्तन वैश्विक तापमान बढ़ने का कारण बन रहे हैं। हालांकि, 8-13 माइक्रोमीटर तरंग दैर्ध्य के लिए हमारा वायुमंडल ऊष्मा के लिए पारदर्शी है। इस परास की तरंग दैर्ध्य वाला ऊष्मा विकिरण वायुमंडल से बाहर सीधे अंतरिक्ष में जाता है। इस तथ्य का फायदा उठाने के लिए वस्तुओं को ऐसी फिल्म या शीट से ढंका जाता है जो वस्तुओं से निकलने वाली गर्मी को वांछित रेंज की तरंग दैर्ध्य में परिवर्तित कर दें। नतीजा यह होता है कि धूप में रखी जाने पर ए वस्तुएं रेडिएटिव कूलिंग के माध्यम से परिवेश की तुलना में 4-5 डिग्री सेल्सियस तक ठंडी हो सकती हैं। यह तकनीक ग्रीन कोल्ड स्टोरेज और सौर ऊर्जा पैनल, जो गर्म होने पर कम कुशल हो जाते हैं, के लिए उपयोगी हो सकती है।

**...साभार**



इम्फाल। लैंगोल स्थित वैकल्पिक आवास परिसर में विस्थापित बच्चों से बातचीत करते मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद।

## एपस्टीन फाइल्सः माकपा ने की हरदीप पुरी को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 'एपस्टीन फाइल्स' के खुलासों का हवाला देते हुए शुक्रवार कोपेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत हटाने की मांग की। माकपा पोलित ब्यूरो ने एक बयान में फाइलों की सामग्री को 'अत्यंत घृणित एवं वीभत्स' करार देते हुए आरोप लगाया कि ये फाइलें राजनेताओं, वित्तीय दिग्गजों, प्रौद्योगिकी जगत के नेताओं और मशहूर हस्तियों के शक्तिशाली वैश्विक नेटवर्क का पर्दाफाश करती हैं, जो यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हैं। पोलित ब्यूरो ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स की अत्यंत घृणित और वीभत्स सामग्री रोजाना सामने आ रही है। उन्होंने इसके साथ ही अमेरिकी अधिकारियों पर जानकारी दबाने के प्रयास का आरोप भी लगाया।

# गाजा पर बोर्ड ऑफ पीस मीटिंग में भारत हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक में भारत ने आब्जर्वर देश के तौर पर हिस्सा लिया। यह बैठक वाशिंगटन डीसी में हुई। भारत की तरफ से भारतीय दूतावास में तैनात चार्ज द'अफेयर्स (सीनियर अधिकारी) नमग्या सी खम्पा ने हिस्सा लिया। भारत ने अभी तक यह साफ नहीं किया है कि वह बोर्ड का फुल टाइम मेंबर बनेगा या नहीं।

भारत ने पिछले महीने दावोस में इसके लान्च कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया था। बोर्ड ऑफ पीस की बैठक में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये के राहत पैकेज का ऐलान किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि 9 सदस्य देश गाजा राहत पैकेज के लिए 63 हजार करोड़ रुपये (7 अरब डालर) देंगे। जबकि, अमेरिका खुद 90 हजार करोड़ रुपये (10 अरब डालर) देगा। वहीं, 5 देशों ने युद्ध से तबाह फलस्तीनी इलाके में सैनिक तैनात करने पर सहमति दी है। वाशिंगटन में हुई इस बैठक में करीब 50 देशों के अधिक. ारी शामिल हुए। इनमें से 27 देश बोर्ड के सदस्य हैं, जिनमें अजरबैजान, बेलारूस, मिस्र, हंगरी, इंडोनेशिया, इजरायल, जार्डन,

## गाजा के लिए 1.5 लाख करोड़ के राहत पैकेज का ऐलान, 50 देशों के प्रतिनिधि पहुंचे

**9 सदस्य देश गाजा राहत पैकेज के लिए 63 हजार करोड़ रुपये देंगे**

मोरक्को, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, उज्बेकिस्तान और वियतनाम शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) सहित बाकी देश आब्जर्वर के तौर पर शामिल हुए। ट्रम्प ने कहा कि यह रकम युद्ध पर होने वाले खर्च के मुकाबले बहुत छोटी है। उन्होंने सदस्य देशों से कहा कि अगर सभी देश साथ आएं तो उस इलाके में स्थाई शांति लाई जा सकती है, जो सदियों से युद्ध और हिंसा झेलता आया है।

ट्रम्प ने कहा कि गाजा पर खर्च किया गया हर डालर इलाके में स्थिरता लाने और बेहतर भविष्य बनाने में निवेश है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक भेजे जाएंगे, वे कब तैनात होंगे और दी गई रकम का इस्तेमाल किस तरह किया जाएगा। 5 देशों ने युद्ध से तबाह फलस्तीनी इलाके में सैनिक तैनात करने पर सहमति दी है। ट्रम्प ने यह भी साफ किया कि यह बोर्ड अब दुनिया भर के संघर्ष सुलझाने में भी भूमिका निभाएगा। ट्रम्प ने कहा, बोर्ड संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की निगरानी करेगा और सुनिश्चित करेगा कि वह ठीक से काम कर रहा है। वहीं, श्बोर्ड ऑफ पीसश की पहली बैठक से ठीक पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक हुई। इसमें वेस्ट बैंक में इजरायल के नियंत्रण बढ़ाने की कोशिशों की आलोचना की गई। बैठक में भारत समेत ज्यादातर देशों ने सीनियर अधिकारियों को भेजा। वहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन खुद पहुंचे। जर्मनी, इटली, नार्वे, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन उन देशों में हैं, जो बोर्ड में शामिल नहीं हुए हैं, लेकिन आब्जर्वर के तौर पर भाग लिया।

## मैंने भारत-पाक को 200 प्रतिशत टैरिफ की चेतावनी दी तब लड़ाई रोकने के लिए मानेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन में फिर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद वे संघर्ष रोकने के लिए माने। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये बात 'बोर्ड ऑफ पीस' कार्यक्रम में कही। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब थे, लड़ाई तेज हो गई थी और विमान गिराए जा रहे थे। मैंने दोनों नेताओं (मोदी और शहबाज शरीफ) को फोन किया। मैंने दोनों से साफ कह दिया था कि अगर वे झगड़ा खत्म नहीं करेंगे तो मैं उनके साथ कोई ट्रेड डील नहीं करूंगा। ट्रम्प के मुताबिक दोनों देश लड़ना चाहते थे, लेकिन जब पैसे का मामला आया और नुकसान की बात सामने आई तो वे मान गए। ट्रम्प ने दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान 11 महंगे फाइटर जेट्स गिराए गए थे।

# ट्रम्प ने ईरान को 'बुरी चीजों' की चेतावनी दी

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने परमाणु समझौते के लिए तय की 10-15 दिन की समय सीमा



■ ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक 'अर्थपूर्ण' समझौता करना होगाः ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि यदि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने में विफल रहा तो बुरी चीजें होंगी और उन्होंने ईरान पर फैसले के लिए अपनी समय सीमा 10-15 दिन तक बढ़ा दी। ट्रम्प का यह बयान पश्चिम एशिया में अमेरिका की भारी सैन्य तैयारी के बीच आया है, जिससे बड़े युद्ध की चिंताएं बढ़ गई हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक 'अर्थपूर्ण' समझौता करना होगा। इस बीच, अमेरिका इस सप्ताह के अंत तक ईरान पर हमला करने के लिए तैयार है, हालांकि ट्रम्प ने अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है। एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि 10-15 दिन, ज्यादा से ज्यादा। या तो हम समझौता कर लेंगे या यह उनके लिए बुरा होगा। अमे. रिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें 10 दिनों के अंदर पता चल जाएगा कि ईरान के साथ समझौता मुमकिन है या नहीं। उन्होंने बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में कहा कि हमें इसे एक कदम और आगे ले जाना पड़ सकता है, या शायद नहीं भी। शायद हम एक समझौता कर लें।

आपको अगले शायद 10 दिनों में पता चल जाएगा। ट्रम्प ने इज़रायल के ज़ोर देने पर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बार-बार बात की है। ईरान में पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई में हज़ारों लोग मारे गए थे। पिछले साल जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों का ज़िक्र करते हुए, ट्रम्प ने दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। अगर उनके पास परमाणु हथियार हैं तो आप पश्चिम एशिया में शांति नहीं ला सकते। ट्रम्प ने कहा कि अब ईरान के लिए हमारे साथ उस रास्ते पर चलने का समय है, जो हम कर रहे हैं, उसे पूरा करे। अगर वे हमारे साथ आते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा। अगर वे हमारे साथ नहीं आते हैं, तो भी यह बहुत अच्छा होगा।

## ईरान ने दिया डोनाल्ड ट्रम्प को अल्टीमेटम

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका अपनी सैन्य धमकियों पर अमल करता है, तो अमेरिकी ठिकानों और संपत्तियों पर ईरानी हमले 'वैध' होंगे। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरवानी ने पत्र में कहा कि ईरान किसी भी हमले का 'निर्णायक' जवाब देगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सैन्य आक्रामकता के गंभीर परिणामों की चेता. वनी भी दी। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को दी गई उस धमकी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने परमाणु मुद्दे पर अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए 'अधिकतम 10-15 दिन' का समय दिया है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहते हैं, तो 'बुरी चीजें' होंगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई मिशन ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि यह 'सैन्य आक्रामकता के वास्तविक खतरे का संकेत है', हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। पत्र में चेतावनी दी गई कि 'किसी



■ कहाः यदि अमेरिका हमला करता है, तो उसके ठिकानों पर हमला ईरान के लिए वैध होगाः ईरान

भी अप्रत्याशित और अनियंत्रित परिणाम के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पूर्ण और प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होगा।' बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य तैनाती पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संवाददाताओं से कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, अन्य लोगों की तरह, सैन्य जमावड़े, युद्धाभ्यास और चल रहे प्रशिक्षण को लेकर बहुत चिंतित हैं। इसीलिए हम ईरान और अमेरिका दोनों को ओमान की मध्यस्थता में अपनी चर्चा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। लेकिन यह एक बहुत अलग रास्ता होगा। वे पूरे इलाके की स्थिरता को खतरा नहीं पहुंचा सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें एक समझौता करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, 'तो बुरी चीजें होंगी।

## चीन को ऑप्टिकल संचार और 6जी तकनीक में बड़ी कामयाबी

**बीजिंग।** चीन ने ऑप्टिकल फाइबर और वायरलेस नेटवर्क को जोड़ने वाली एकीकृत संचार प्रणाली विकसित की है, जिसने डेटा ट्रांसमिशन की गति में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर में गुरुवार को प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, एआई डाटा केंद्रों में कंप्यूटिंग शक्ति की बढ़ती मांग और अगली पीढ़ी के 6जी वायरलेस नेटवर्क के विकास के लिए विभिन्न परिस्थितियों में उच्च गति और कम विलंबता वाले सिग्नल ट्रांसमिशन की आवश्यकता होती है। ऑप्टिकल फाइबर और वायरलेस संचार प्रणालियों के बीच हालांकि सिग्नल आर्किटेक्चर और हार्डवेयर में अंतर के कारण एक ही बुनियादी ढांचे पर दोनों प्रणालियों के बीच उच्च गति और अनुकूल एंड-टू-एंड ट्रांसमिशन हासिल करना कठिन रहा है। यह उच्च गति दूरसंचार नेटवर्क के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई थी, जिस पर चीनी शोध दल ने कामयाबी हासिल कर ली है। पेकिंग विश्वविद्यालय, पेंग चेंग प्रयोगशाला, शंघाईटेक विश्व. विद्यालय और राष्ट्रीय ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स इनोवेशन सेंटर की शोध टीम ने एक एकीकृत संचार प्रणाली विकसित की है, जो ऑप्टिकल फाइबर पर 512 जीबीपीएस और वायरलेस पर 400 जीबीपीएस का सिगल-चैनल सिग्नल ट्रांसमिशन प्राप्त करती है।

## सेना प्रमुख द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलिया में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

■ यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ व्यापक बातचीत की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने चार दिन की आस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान वहां शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में मजबूत नेतृत्व, सेनाओं के बीच संयुक्तता और बहुराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया।

सेना ने शुक्रवार को यहां बताया कि जनरल द्विवेदी 16 से 19 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर थे। उनकी यात्रा से भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग को नई गति मिली और दोनों देशों के बीच सामरिक समन्वय और गहरा हुआ। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ व्यापक बातचीत की। इन चर्चाओं में द्विपक्षीय सैन्य सहयोग की समीक्षा की के साथ सेना-से-सेना सहयोग का दायरा बढाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्त अभ्यासों के दायरे और जटिलता को बढ़ाने, व्यावसायिक सैन्य शिक्षा आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने तथा दोनों सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। सिडनी में सेना प्रमुख ने फोर्सेज कमांड, स्पेशल ऑपरेशंस कमांड और ऑस्ट्रेलियाई सेना की दूसरी डिवीजन के नेतृत्व से मुलाकात की। इन वार्ताओं में बल की तत्परता, परिचालन सिद्धांतों और प्रशिक्षण पद्धतियों पर विच. ारों का आदान-प्रदान हुआ। द्विपक्षीय सेना अभ्यास 'आस्ट्राहिन्द' पर विशेष चर्चा हुई और दोनों पक्षों ने इस वर्ष भारत में होने वाले इसके आगामी संस्करण को और समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कैनबरा में जनरल द्विवेदी को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट के साथ विस्तृत चर्चा की। वर्ष 2015 में अमेरिकी आर्मी वॉर कॉलेज के सहपाठी होने के अपने साझा अनुभव के आधार पर दोनों सेना प्रमुखों ने संस्थागत संबंधों को और मजबूत करने तथा सहयोग के नए आयाम विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल मुख्यालय में आयोजित व्यापक गोलमेज चर्चा में सैन्य आधुनिकीकरण, उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य के परिचालन परिवेश से संबंधित विषयों पर विचार किया गया।

# बीएलए ने पकड़े गए पाक सैनिक को मार देने की धमकी दी

## बीएलए ने कुछ तस्वीरें व वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाक सैनिकों को पकड़ लिया है

**क्वेटा।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 21 फरवरी के बाद उसके लड़ाकों को रिहा करने के लिए बातचीत शुरू नहीं हुई, तो वह अपनी हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी सैनिकों को मार देगा। गौरतलब है कि बीएलए ने कुछ तस्वीरें और वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाकिस्तानी सैनिकों को पकड़ लिया है।

इस समूह ने सात दिन की समयसीमा देते हुए मांग की है कि पकड़े गए सैनिकों के बदले हिरासत में लिए गए उसके लड़ाकों को रिहा किया जाए। पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था। उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि वीडियो में दिखने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिक नहीं हैं और वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। बीएलए की ओर से इसके बाद जारी एक नए वीडियो में, सातों बंदी एक साथ नजर आ रहे हैं और वे अपने आधिकारिक 'आर्मी सर्विस कार्ड' दिखा रहे हैं। उनमें से एक, सिपाही मोहम्मद शहराम,



■ पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था

अपने सैन्य पहचान पत्र और राष्ट्रीय पहचान पत्र को हाथ में लेकर बोल रहा है। बेहद परेशान दिख रहे शहराम ने सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा किए जा रहे इन्कार पर सवाल उठाया। उसने पूछा कि अगर ए कार्ड असली नहीं हैं, तो इन्हें किसने जारी किया? अगर हम सेना के नहीं हैं, तो हमारी भर्ती क्यों की गई थी? उसने कहा कि वह अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा है और उसके पिता विकलांग हैं जो उसी पर निर्भर हैं।

बीएलए ने दो अन्य व्यक्तियों के वीडियो भी जारी किए हैं, जिनकी पहचान खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर गांव के दीदार उल्लाह और गुजरांवाला के उस्मान के रूप में हुई है। दोनों ने अपने पहचान पत्र दिखाए और पुष्टि की कि वे पाकिस्तान सेना के सेवारत सदस्य हैं। सशस्त्र समूह की चेतावनी 21 फरवरी को समाप्त होने वाली है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से धमकी दी है कि अगर पाकिस्तान न तो बातचीत करता है और न ही औपचारिक रूप से उन्हें स्वीकार करता है, तो बंदियों को मार दिया जाएगा। इस पूरी घटना ने 1999 के कारगिल युद्ध की यादें ताजा कर दी हैं, जब जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व ने शुरुआत में यह मानने से इनकार कर दिया था कि उनके नियमित सैनिक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार काम कर रहे थे। उस समय, युद्ध के मैदान के सबूतों और बरामद शवों ने आधिकारिक बयानों को गलत साबित कर दिया था, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की किरकिरी हुई थी।

# आसिम मुनीर मेरे बॉस नहींः पाक रक्षा मंत्री

## ख्वाजा आसिफ ने कहाः सेना अब सरकार नहीं चलाती, इतिहास में दखल था, अब सिस्टम अलग है

**म्यूनिख।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि फील्ड मार्शल आसिम मुनीर उनके बास नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि उनके बास प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हैं। फ्रांस 24 इंग्लिश को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि क्या आसिम मुनीर ही पाकिस्तान की सरकार चला रहे हैं।

उन्होंने माना कि अतीत में सेना ने सीधे शासन संभाला था। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान का एक सिस्टम है। हमारे इतिहास में ऐसे दौर रहे हैं, जब सेना का सरकार पर नियंत्रण रहा। एक समय ऐसा भी था जब सेना ने दखल देकर सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। उन्होंने कहा कि इस समय पाकिस्तान अफगानिस्तान से खतरे, आतंकवाद, भारत के साथ तनाव



■ फ्रांस 24 इंग्लिश को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि क्या आसिम मुनीर ही पाक की सरकार चला रहे हैं

और कमजोर अर्थव्यवस्था जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे हालात में पाकिस्तानी सेना सरकार का समर्थन कर रही है। ख्वाजा आसिफ म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी गए थे। इस दौरान उन्होंने फ्रांस 24 को इंटरव्यू दिया। ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले पिछले साल दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और सेना मिलकर देश चलाते हैं। आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल से चलाया जा रहा है। आसिफ पहले भी कई बार हाइब्रिड मॉडल की तारीफ कर चुके हैं। अरब न्यूज को दिए एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान का पालिटिकल सिस्टम आदर्श लोकतंत्र नहीं, लेकिन जरूरी है। उन्होंने कहा था कि यह मॉडल पाकिस्तान की आर्थिक और शासन की समस्याओं को हल करने में 'कमाल' कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ प्राक्सी वार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है। आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी, तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है। इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हाल ही में हुए बम धमाके का जिक्र करते हुए आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लगभग सभी बड़े आतंकी संगठनों की मौजूदगी है।

# अफगान में पत्नियों व बच्चों की पिटाई की अनुमति देने वाला कानून लागू

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का नया कानून पत्नियों और अपने बच्चों की पिटाई की अनुमति देता है बशर्ते कि इस पिटाई के कारण हड्डियां नहीं टूटें और खुले जख्म नहीं हों। 'दे महाकुमु जज़ाई उसूलनामा' नामक 90 पन्नों के इस आपराधिक प्रक्रिया संहिता को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने मंजूरी दी है।

दस अध्यायों और 119 अनुच्छेदों वाले इस दस्तावेज़ में घरेलू हिंसा को कुछ खास शर्तों के साथ वैध करार दिया गया है। संहिता के अनुच्छेद 32 के तहत पतियों को पिटाई करने की इजाजत है, जबकि अनुच्छेद 34 के अनुसार एक शादीशुदा औरत को अपने शौहर की इजाजत के बिना माता-पिता के घर जाने पर तीन महीने तक की जेल हो सकती है। यह नया कानून अफगान समाज को चार

■ यह नया कानून अफगान समाज को चार श्रेणियों में बांटता है

श्रेणियों में बांटता है जिसमें सजा का मात्रा, अपराध की गंभीरता के बजाय अपराधी की सामाजिक स्थिति के आधार पर तय होगी। सबसे ऊपरी श्रेणी में मौलाना या धार्मिक उपदेशक हैं जिन्हें शारीरिक दंड से छूट है और उनके लिए अधिकतम सजा केवल सलाह या चेता. वनी भर है। दूसरे पायदान पर कबायली बुजुर्ग हैं जिन्हें केवल अदालती समन और सलाह देने की सजा है। मध्य वर्ग तीसरी श्रेणी में है जिन्हें मानक कारावास का सामना करना पड़ सकता है, जबकि चौथी श्रेणी यानी निचले वर्ग के लोगों को कारावास के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने जैसे शारीरिक दंड दिए जा सकते हैं।

# ब्रिटेन ने अमेरिका को एयरबेस देने से किया इन्कार

## फैसले से डोनाल्ड ट्रम्प नाराज, रिपोर्टः यूएस एयरबेस से ईरान पर हमला करना चाहता है

**लंदन।** ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए अपने एयरबेस देने से मना कर दिया है। अमेरिका इन सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने इन्कार कर दिया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुता. बिक, ब्रिटेन के इस फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उस समझौते से समर्थन वापस ले लिया है, जिसमें चागोस द्वीप समूह को मारीशस को सौंपने की बात थी।


रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वह डिएगो गार्सिया और ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस का इस्तेमाल करना चाहता है। डिएगो गार्सिया, चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है। 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है। दरअसल पुराने समझौतों के मुताबिक, ब्रिटेन के किसी भी सैन्य ठिकाने का इस्तेमाल



■ 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है

तभी हो सकता है, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री इसकी मंजूरी दें। अंतर्राष्ट्रीय कानून भी कहता है कि अगर कोई देश जानता है कि सैन्य कार्रवाई गलत है और फिर भी मदद करता है, तो उसे भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ट्रम्प ने चागोस आइलैंड्स को लेकर ब्रिटेन की आलोचना की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर गुरुवार को लिखा कि 100 साल की लीज किसी देश के मामले में ठीक फैसला नहीं है। डिएगो गार्सिया जैसा ठिकाना छोड़ना बहुत बड़ी गलती होगी। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान, अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तो अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद डिएगो गार्सिया और फेयरफोर्ड के एयरफील्ड का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। ऐसे में इन ठिकानों का कंट्रोल बेहद जरूरी है। वहीं ब्रिटिश सरकार का कहना है कि मारीशस के साथ समझौता सुरक्षा कारणों से जरूरी है। उनका तर्क है कि इससे लंबे और महंगे कानूनी विवाद से बचा जा सकेगा। बताया जा रहा है कि इस पूरे समझौते पर करीब 35 बिलियन पाउंड (4 हजार अरब रुपये से ज्यादा) का खर्च आ सकता है। डिएगो गार्सिया, हिंद महासागर में स्थित चागोस आइलैंड्स का हिस्सा है। ब्रिटेन ने 1814 में नेपोलियन को हराने के बाद इन आइलैंड्स पर कब्जा किया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108